आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 19°C | 9°C |

इनसाइड न्यूज

अगले 48 घंटों में प्रदेश में होगी प्रचंड सर्दी, जारी हुआ रेड अलर्ट, कई...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 21 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 71 www.janexpresslive.com/epaper



'वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव... 12

# बंगाल को जंगलराज से मुक्त होना होगा: पीएम मोदी

## बंगाल में मोदी बोले, यहां कमीशनखोरी वाली सरकार, कई प्रोजेक्ट अटके, टीएमसी मेरा विरोध हजार बार करे, लेकिन राज्य का विकास क्यों रोक रही

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को पश्चिम बंगाल के तहेरपुर हेलीपैड पर उतरने की कोशिश में असफल रहे। अधिकारियों के अनुसार, क्षेत्र में घने कोहरे के कारण दृश्यता बहुत कम थी, जिससे पीएम का हेलीकॉप्टर कुछ समय हेलीपैड के ऊपर मंडराने के बाद वापस कोलकाता हवाई अड्डे लौट गया। उन्होंने एयरपोर्ट से ही वर्चुअली संबोधन किया। उन्होंने खराब मौसम के कारण रैली स्थल तक नहीं पहुंच पाने पर लोगों से माफी भी मांगी। पीएम मोदी ने सभा को वर्चुअली संबोधन में महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन करते हुए कहा कि वंदे मातरम ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का मंत्र था। पीएम मोदी ने कहा वंदे मातरम को राष्ट्र निर्माण का मंत्र बनाना है। बंगाल के बाद मोदी दो दिन के असम दौरे पर पहुंचे। उन्होंने गुवाहटी में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह देश का पहला प्रकृति-थीम वाला एयरपोर्ट टर्मिनल है, जिसकी थीम बांस उद्यान पर आधारित है। मोदी रविवार को असम में 15,600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास करेंगे।



### बंगाल को जंगलराज से मुक्त होना होगा: पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश के नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने बंगाल समेत पूरे देश के लोगों को बड़ी राहत दी है और दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों के दौरान देशभर के लोग इससे काफी लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में घुसपैठियों को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है। पीएम ने कहा कि गंगा बिहार से होकर बंगाल तक जाती है और बिहार ने बंगाल को रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि बंगाल को जंगलराज से मुक्त होना होगा। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि वे पूरे दिल से बंगाल के लोगों के लिए समर्पित हैं और राज्य के लिए फंड और नीतियों की कोई कमी नहीं है।

### टीएमसी का मोदी को जवाब- बंगाल केंद्र की वजह से परेशान

टीएमसी ने मोदी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है कि प्रधानमंत्री के बयान सही हैं कि बंगाल परेशान है, लेकिन इसकी वजह केंद्र सरकार है। केंद्र ने 2017-18 से 2023-24 के बीच बंगाल से जीएसटी और डायरेक्ट टैक्स के रूप में 6.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा वसूले, लेकिन राज्य का करीब 2 लाख करोड़ रुपए अब भी रोक रखा है। एक और पोस्ट में टीएमसी ने लिखा है केंद्र सरकार बार-बार बंगाल की संस्कृति, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पहचान का अपमान कर रही है। लोगों को अपनी मातृभाषा बोलने पर बांग्लादेशी कहा जा रहा है, हिरासत में लिया जा रहा है और कुछ मामलों में गलत तरीके से देश से बाहर भी भेजा जा रहा है।

### मोदी बोले, कांग्रेस सरकार के एजेंडे में असम का विकास नहीं था

असम में कितने शानदार हाईवे बन रहे हैं, एयरपोर्ट बन रहे हैं तो आप भी कहते हैं अब जाकर असम के साथ न्याय होना शुरू हुआ।कांग्रेस की सरकार के एजेंडे में असम और पूर्वोत्तर का विकास नहीं था। कांग्रेस कहती थी असम को पूर्वोत्तर को हाईवे और रेलवे की जरूरत क्या है। इसी सोच के साथ कांग्रेस ने दशकों तक इस क्षेत्र की उपेक्षा की।मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा है। कांग्रेस वाले नार्थईस्ट जाएं या न जाएं मुझे तो असम और नॉर्थ ईस्ट आते ही अपने लोगों को अहसास होता है। असम में विशाल ब्रह्मपुत्र नदी की धारा बहती है। वैसे ही बीजेपी की डबल इंजन सरकार में यहां विकास की धारा बह रही है। कुछ देर पहले गोपीनाथ की प्रतिमा का उद्घाटन करने का मौका मिला। वे असम का गौरव, पहचान , भविष्य थे। उन्होंने कभी समझौता नहीं किया।

### मोदी ने कहा, बिहार ने बंगाल में भाजपा की जीत के द्वार खोल दिए

प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में घुसपैठियों को टीएमसी का संरक्षण प्राप्त है। प्रधानमंत्री ने कहा- आज देश को तेज रफ्तार में विकास की जरूरत है। बिहार ने एक बार फिर एनडीए सरकार को विकास के लिए भारी जनादेश दिया है। बिहार चुनाव परिणामों ने बंगाल में भाजपा की जीत के द्वार खोल दिए हैं। बिहार ने एक स्वर में जंगलराज के शासन को नकार दिया है। 20 साल बाद भी बिहार की जनता ने भाजपा-एनडीए को पहले से अधिक सीटें दी हैं। अब हमें पश्चिम बंगाल को 'महाजंगलराज' से मुक्ति दिलानी है। टीएमसी चाहे जितना विरोध करे, लेकिन बंगाल के विकास को नहीं रोक सकती। पिछड़ेपन से जूझ रहे बंगाल के दूरदराज के क्षेत्रों तक आधुनिक कनेक्टिविटी पहुंचाना हमारा मकसद है।

### एसआईआर प्रक्रिया के बीच पीएम मोदी की पहली जनसभा

पीएम मोदी ने बंगाल दौरे से पहले शुक्रवार शाम को एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'पश्चिम बंगाल के लोगों को केंद्र सरकार की कई जन-समर्थक पहलों से फायदा हो रहा है। साथ ही, वे हर क्षेत्र में टीएमसी के कुशासन के कारण पीड़ित हैं।' प्रधानमंत्री ने लिखा, 'टीएमसी की लूट और धमकियों ने सभी हदें पार कर दी हैं। इसीलिए, भाजपा से लोगों को उम्मीद है। प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस एसआईआर का लगातार विरोध कर रही है। टीएमसी का आरोप है कि एसआईआर की प्रक्रिया 'जल्दबाजी' में की जा रही है और इसके चलते बड़ी संख्या में लोगों, खासकर शरणार्थी हिंदुओं को, उनके मताधिकार से वंचित किया जा सकता है। एसआईआर ड्राफ्ट में पश्चिम बंगाल की मतदाता सूचियों में से 58 लाख से ज्यादा नामों को हटाया गया है। इसके बाद राज्य में मतदाताओं की संख्या घटकर 7.08 करोड़ रह गई है।

### 'बंगाल में डबल इंजन सरकार बनने दें'

प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कई विकास परियोजनाएं राज्य सरकार की वजह से लंबित पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अगर टीएमसी भाजपा का विरोध करना चाहती है तो करे, लेकिन राजनीतिक फायदे के लिए विकास को रोके जाने की बात समझ से बाहर है। पीएम मोदी ने लोगों से अपील की कि वे भाजपा को एक मौका दें, डबल इंजन सरकार बनने दें और भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार बंगाल के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन से पहले 3,200 करोड़ रुपये के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी सुबह करीब 10.40 बजे दिल्ली से कोलकाता पहुंचे थे। वहां से हेलिकॉप्टर से ताहिरपुर रवाना हुए। लेकिन, घने कोहरे के कारण हेलिकॉप्टर कुछ देर तक हेलीपैड के ऊपर मंडराने के बाद वापस कोलकाता लौट गया।

# छत पर खेल रही बच्ची के सिर पर लगी गोली अलर्ट पर आई यूपी पुलिस, घरों के साथ धर्मशालाओं की जांच

- ट्रॉमा में डॉक्टरों ने बच्ची के सिर से गोली निकाल ली थी फिलहाल लक्ष्मी आईसीयू में भर्ती है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गाजीपुर के बस्तौली गांव में 16 दिसंबर को बच्ची को गोली लगने के मामले में पुलिस की दो टीमें शनिवार को आसपास के दस घरों और एक धर्मशाला में पहुंची। लोगों से पूछताछ भी की, मगर पुलिस को अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। बस्तौली गांव निवासी टेलर रमेश की तीन वर्षीय बेटी लक्ष्मी के सिर में संदिग्ध हालात में गोली लग गई थी। गोली टिन शेड को भेदते हुए लगी थी। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने मामूली चोट समझकर टांके लगा दिए था। हालत बिगड़ने पर घरवालों ने बच्ची को लोहिया अस्पताल में दिखाया था।



यहां गोली लगने की बात पता चली थी। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने बच्ची के सिर से गोली निकाल ली थी। फिलहाल लक्ष्मी आईसीयू में भर्ती है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। एसीपी गाजीपुर ए. विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस की टीमों ने दो घरों के लोगों के लाइसेंसी हथियारों की जांच की है। उनसे लाइसेंस भी मांगा गया है। जबकि, पुलिस की तीसरी टीम ने अभी तक करीब घर व आसपास लगे करीब दो सौ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी देखी है। मगर, फायरिंग करने वाले का कोई सुराग नहीं लग सका है। इंस्पेक्टर राजेश मौर्या ने बताया कि घटना के दिन बच्ची के पड़ोस में रहने वाले लोगों के घरों में कोई आयोजन नहीं हुआ था। सिर्फ एक धर्मशाला में छोटे बच्चों का कार्यक्रम था, जो दोपहर एक बजे खत्म हो गया था। जबकि घटना चार बजे की है।

### ये हुआ था मामला

यूपी की राजधानी लखनऊ के गाजीपुर के बस्तौली गांव में मंगलवार को मकान की छत पर खेल रही तीन वर्षीय लक्ष्मी के सिर में गोली लग गई। गनीमत रही कि गोली टिनशेड को भेदते हुए आई थी। इसलिए उसकी जान बच गई। पिता की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में एफआईआर दर्ज की है। एसीपी गाजीपुर ए विक्रम सिंह ने बताया कि बस्तौली गांव निवासी रमेश दुकान चलाते हैं। रमेश के अनुसार, मंगलवार शाम करीब चार बजे बेटी लक्ष्मी मकान की छत पर टिनशेड से बने कमरे में भाई सौभाग्य (8) और हिमांश (7) के साथ खेल रही थी। तभी एक जोरदार आवाज सुनाई पड़ी।

### राइफल से नहीं की गई फायरिंग

इंस्पेक्टर के मुताबिक बच्ची के सिर से जो गोली मिली है वह पिस्टल, रिवॉल्वर या तमंचे की है। राइफल से फायरिंग नहीं की गई है। क्योंकि उसकी बुलेट नुकीली होती है। फिलहाल गोली फोरेंसिक साइंस लैब भेजी गई है। रिपोर्ट आने पर यह स्पष्ट हो सकेगा कि फायरिंग किस असलहे से की गई है।

# धामी ने थामा रैकेट: फिट और फोकस्ड रहने का दिया संदेश, बैडमिंटन कोर्ट में दिखा अलग अंदाज



जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड सचिवालय बैंडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का सीएम धामी ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब हमारी देवभूमि खेलभूमि के तौर पर आगे बढ़ रही है। हम आने वाले समय में खेलों में अच्छा करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शासकीय कार्यों की व्यस्तता के बीच कार्मिकों द्वारा खेल गतिविधियों को अपनाना बेहद जरूरी है। क्योंकि खेल जीवन में अनुशासन लाने के साथ-साथ तनाव को दूर करता है और शरीर को स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा कि निरोगी रहना मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है और खेल इस दिशा में सबसे प्रभावी माध्यम है। शनिवार को बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल, परेड ग्राउंड, देहरादून में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित 10वीं अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता-2025 का सीएम धामी ने शुभारम्भ किया। साथ ही उन्होंने यहां बैडमिंटन कोर्ट में बैडमिंटन भी खेला। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता भविष्य में भी अनवरत रूप से आगे बढ़ती रहेगी और कर्मचारियों-अधिकारियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी।

### युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिले अवसर

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। प्रतियोगिता में राज्य के 42 विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड हर क्षेत्र में देश के सामने एक उदाहरण बनकर उभर रहा है। राज्य परिवर्तन की ओर अग्रसर है और नवाचारों, ऐतिहासिक निर्णयों तथा जनहितकारी नीतियों के माध्यम से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हाल ही में उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन किया गया, जिससे राज्य में खेल अवसंरचना और सुविधाओं का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में खेलों को प्रोत्साहित कर राज्य को 'खेल भूमि' के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

# गन्ना भवन में छठे दिन भी भाकियू का धरना जारी

जन एक्सप्रेस। मेरठ

भाड़ा घटाने और हाड़ा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन का धरना छठे दिन भी जारी रहा। भाकियू के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में बीते सोमवार को किसानों ने गन्ना भवन में धरना शुरू किया गया था। शीतलहर और कोहरे के बीच किसान लगातार पांच दिन से धरने पर डटे हैं। आज छठे दिन भी धरना जारी रहा। रात में वहीं पर गद्दा डालकर सो रहे हैं। दिन में अधिकारी सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हैं लेकिन शाम होते-होते वार्ता विफल हो जाती है। उधर किसान भी बिना मांग पूरी हुए उठने को तैयार नहीं है। किसानों ने 21 दिसंबर को महापंचायत तक का



एलान कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में चल रहे धरने के पांचवें दिन शुक्रवार को किसान गन्ना भवन की छत पर चढ़ गए। किसानों ने छत पर ही प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दो किसानों ने अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन किया और दीवार पर चढ़ गए। पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाकर दीवार से उतारा। इसके बाद किसान सर्द हवा में ही छत पर धरने पर बैठ गए। किसानों ने गन्ना भवन में उप गन्ना आयुक्त, सहायक चीनी आयुक्त, जिला गन्ना अधिकारी समेत सभी कार्यालयों पर ताला डाल दिया। विभाग को कोई अधिकारी या कर्मचारी भी कार्यालय में नहीं पहुंचा।

### छत पर चढ़े किसान, घंटों चला हंगामा

75 वर्षीय बुजुर्ग किसान इंद्रपाल मलिक और किसान जसबीर गन्ना विभाग के अधिकारियों के रवैये से क्षुब्ध होकर गन्ना भवन की तीसरी मंजिल पर चढ़ गए। इस बीच दो किसानों ने कपड़े उतार दिए और दीवार पर चढ़कर बैठ गए। जिलाध्यक्ष समेत कई लोगों ने उन्हें समझाकर कपड़े पहनाएं। इसके बाद सभी किसान छत पर ही धरने पर बैठ गए। यहां एसीएम मृदुला, सीओ सिविल लाइन अभिषेक ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। किसानों ने जिलाधिकारी और गन्ना विभाग के खिलाफ खूब नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि गन्ना विभाग के अधिकारी सक्षम नहीं हैं। वह गन्ने की प्रजाति की पहचान तक नहीं कर पा रहे हैं तो किसानों की समस्या क्या जानेंगे। वहीं इस मौके पर धरनास्थल पर पहुंचे सहायक निबंधक सहकारिता ने सहकारी समिति की पिछले वर्ष की सब्सिडी दिलाने की हामी भरी।

### भट्ठी चलती रही और बीन बजती रही

शनिवार को धरना स्थल पर किसानों ने बीन बजाकर समय काटा। इस दौरान एक ओर संगीत चलता रहा तो दूसरी ओर भट्ठी पर कढ़ाई चढ़ाकर पूरी सब्जी बनाई गई।

# विधान परिषद: 14 लाख शिक्षकों को मिलेगा कैशलेस चिकित्सा का लाभ, शिक्षा सेवा चयन आयोग समेत रखे गए आठ विधेयक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में विधान परिषद के शीतकालीन सत्र में भोजनावकाश के बाद आठ विधेयक रखे गए। परिषद के प्रमुख राजेश कुमार ने उप्र पेंशन की हकदारी व विधिमान्यकरण अध्यादेश, उप्र निजी विश्वविद्यालय तृतीय, चतुर्थ व पंचम संशोधन अध्यादेश, उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) अध्यादेश, उप्र नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश को पटल पर रखा। इसके बाद नियम 105 के अंतर्गत दी गई सूचनाओं के उत्तर पटल पर रखने के साथ ही याचिकाओं को याचिका समिति को संदर्भित किया गया। इसके साथ ही अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र कुमार सिंह ने सदन सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### नलकूपों के संचालन पर हुई नोकझोंक

विधान परिषद में सिद्धार्थनगर में नलकूपों के संचालन के मुद्दे पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जवाब दिया। इससे असंतुष्ट एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी ने नलकूपों के संचालन की जांच करने का मुद्दा उठाया। इस पर जल शक्ति मंत्री नाराज हुए उन्होंने तथ्यात्मक बात करने को कहा। इसे लेकर दोनों के बीच नोकझोंक हुई।

### 14 लाख शिक्षकों को मिलेगा कैशलेस चिकित्सा का लाभ

शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन देने का मुद्दा उठाया। इस पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि यहां के शिक्षकों को प्रबंध तंत्र अपने स्रोत से वेतन व अन्य सुविधाएं देगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने की घोषणा की है। इसके तहत बेसिक में लगभग 10.92 लाख को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाएगा। इस पर लगभग 350 करोड़ का खर्च आएगा। वहीं माध्यमिक में लगभग तीन लाख को इसका लाभ मिलेगा और इस पर 90 करोड़ खर्च आएगा।

# कोडिन कफ सिरप कांड के दोषी को उल्टा लटका देंगे अखिलेश बचा नहीं सकते: केशव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर शनिवार को फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी और माफिया एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। कोडिन कफ सिरप के पीछे जो भी दोषी होगा, उसे उल्टा लटका दिया जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में पुलिस और श्रष्ठ की जांच चल रही है। अखिलेश यादव किसी को नहीं बचा सकते। वहीं, स्ढ्क्र के बारे में अखिलेश यादव के ट्वीट पर, उन्होंने कहा, जब से वह (अखिलेश यादव) बिहार में हारने के बाद वापस आए हैं, उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। अगर हम उनके ट्वीट को देखें, तो



वह एसआईआर के संबंध में हर दिन नए शब्दों का इस्तेमाल करते हैं और नए मुद्दे उठाते हैं। लेकिन, एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण है। हम इसके लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद देते हैं। बीजेपी कार्यकर्ता हर बूथ पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। लेकिन, उनके (समाजवादी पार्टी) पास कार्यकर्ता नहीं हैं और सिर्फ गुंडे, अपराधी और माफिया हैं।

# गौशाला या मौत का अड्डा: ददरी माफी में तड़प-तड़प कर मर रहे गौवंश, वायरल वीडियो ने खोली व्यवस्था की पोल

- ट्रैक्टर से घसीटा गया मृत गौवंश, सरकारी बजट हवा में... ग्रामीणों ने लगाया घोटाले का गंभीर आरोप

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद चित्रकूट के ब्लॉक मानिकपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत ददरी माफी की गौशाला इन दिनों अपनी बदहाल और अमानवीय स्थिति को लेकर सुर्खियों में है। शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मचा दिया। वायरल वीडियो में गौशाला परिसर से एक मृत गौवंश को ट्रैक्टर में रस्सी से बांधकर घसीटते हुए देखा गया, जिसने सरकारी दावों और ज़मीनी हकीकत के बीच का भयावह अंतर उजागर कर दिया। ग्रामीणों का आरोप



है कि ददरी माफी गौशाला में आएदिन गौवंश भूख, प्यास और ठंड के कारण दम तोड़ रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि कई दिनों तक पशुओं को चारा, दाना और पानी तक नसीब नहीं होता। जबकि सरकारी रिकॉर्ड में गौशाला के संचालन और देखभाल के लिए हर महीने मोटा बजट जारी किया जा रहा है, लेकिन ज़मीनी सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गौशाला में मौजूद दर्जनों गौवंश कई दिनों से भूखे-प्यासे तड़प रहे हैं। भूसा, हरा चारा, दाना और साफ पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। कई बार पशुओं को यूं ही बेसहारा छोड़ दिया जाता है, जिससे उनकी हालत दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है और अब मौतों का सिलसिला शुरू हो गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में पशुपालन विभाग और ग्राम पंचायत सचिव की मिलीभगत से बड़े स्तर पर घोटाला किया जा रहा है। कागजों में चारा, दाना, दवाइयां और कर्मचारियों का पूरा खर्च दिखा दिया जाता है, जबकि हकीकत में गौशाला में कुछ भी उपलब्ध नहीं होता। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार वीडियो बनाकर और लिखित शिकायतें देकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन आज तक न तो कोई जांच टीम मौके पर पहुंची और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। गौवंश प्रेमी सचिन वन्दन ने भी इस गंभीर लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि खुला अपराध है। उन्होंने मांग की कि गौशाला संचालन से जुड़े सभी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पूरे मामले की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए। स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि यदि जिला प्रशासन ने जल्द हस्तक्षेप नहीं किया तो गौशाला में मौजूद बाकी गौवंशों की जान भी खतरे में पड़ जाएगी। फिलहाल प्रशासन की चुप्पी और विभागीय उदासीनता ने ददरी माफी गौशाला को सचमुच 'मौत का अड्डा' बना दिया है, जहां बेबस गौवंश तड़प-तड़प कर दम तोड़ रहे हैं।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत डीएम ने की निर्माणाधीन रिट्रोफिटिंग पेयजल योजनाओं की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन रिट्रोफिटिंग पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने योजनाओं के कार्यों की प्रगति समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण ने बताया कि 'चांदी बांगर' ग्राम समूह पेयजल योजना की कुल लागत 959.75 करोड़ है, जिसका कार्य फर्म एलएंडटी के द्वारा कराया जा रहा है। योजना में कुल 286 राजस्व ग्रामों को लाभान्वित किया जाना है, जिसके सापेक्ष 162 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारंभ हो गई है। योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान कुल 304 किलोमीटर मार्ग को क्षतिग्रस्त किया है, जिसके सापेक्ष 221 किलोमीटर सड़क मार्ग के पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण हो गया है। इसी प्रकार 'रैपुरा' ग्राम समूह पेयजल योजना की कुल लागत 303.32 करोड़ है।

जिसका कार्य फर्म जी.वी.पी.आर. हैदराबाद के द्वारा कराया जा रहा है। योजना में कुल 71 राजस्व ग्रामों को लाभान्वित किया जाना है, जिसके सापेक्ष 57 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारंभ हो गई है। योजना में पाइपलाइन बिछाने के दौरान 92 किलोमीटर सड़क को क्षतिग्रस्त किया गया है, जिसके सापेक्ष 75 किलोमीटर सड़क की पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण हो गया है। इसके अलावा 'सिलौटा मुस्तकिल' ग्राम समूह पेयजल योजना की कुल लागत 213.59 करोड़ है, जिसका कार्य फर्म एलएंडटी के द्वारा कराया जा रहा है।

योजना में कुल 59 राजस्व ग्रामों को लाभान्वित किया जाना है, जिसके सापेक्ष 59 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारंभ हो गई है। योजना में पाइप लाइन बिछाने के दौरान 59 किलोमीटर सड़क को क्षतिग्रस्त किया गया है, जिसके सापेक्ष 57 किलोमीटर सड़क के पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण हो गया है। रेट्रो फिटिंग का पुनर्गठन पेयजल योजनाओं के कार्य विभिन्न फर्मों के माध्यम से कराए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत कुल 45 योजनाओं के माध्यम से 64 ग्रामों में कार्य प्रगति पर हैं। योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की कुल लागत लगभग 116.17 करोड़ है तथा योजनान्तर्गत कुल 64 ग्रामों के सापेक्ष 50 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति एवं 43 ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त योजनाओं के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त रोड रेस्टोरेशन के कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं तथा सभी निर्माणाधीन व रेट्रोफिटिंग योजनाओं को पूर्ण करने के लिए फर्म द्वारा माइक्रो प्लान प्रस्तुत कराते हुए उसी के आधार पर योजना के समस्त कार्यों (ओ.एच.टी., सी.डबल्यू.आर., इंटेकवेल, डबल्यू.टी.पी., पाइप लाइन, गृहसंयोजन एवं रोड रेस्टोरेशन) को पूर्ण कराया जाए। निर्देशित किया कि निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पाइपलाइनों की अविलंब मरम्मत कराई जाए। नीति आयोग टीम के द्वारा नादिन कुर्मियां ग्राम में भ्रमण के दौरान ओवरहेड टैंक से नियमित जलापूर्ति न होने पाए जाने पर निर्देश दिए गए कि अधूरे कार्य पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति प्रारंभ कराए।

योजनान्तर्गत आईजीआरएस, जनप्रतिनिधियो एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को भी निस्तारित करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड राजापुर एवं चित्रकूट को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित गांवों में आवश्यक विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराएं। निर्देश दिए सभी योजनाओं के अंतर्गत रेलवे, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए पाइपलाइन बिछाने में आ रहे अवरोधों का निराकरण करते हुए कार्य पूर्ण कराएं।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में दुरुस्त रखें सफाई व्यवस्था: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मानिकपुर का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाओं का जायजा लेकर डीएम ने सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा एस्टॉनोलॉजी/एस्ट्रोलॉजी कक्ष का अवलोकन किया। यहां कक्ष को स्टोर रूम के रूप में उपयोग किए जाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कक्ष को शीघ्र खाली कराकर निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप संचालित कराने को कहा।

छात्रावास की जानकारी लेने पर प्रधानाध्यापिका ने बताया कि छात्रावास की स्वीकृत क्षमता 100 छात्राओं की है, जिसके सापेक्ष वर्तमान में 95 छात्राएं आवासित हैं। इसके बाद डीएम ने कक्ष संख्या छह एवं कक्ष संख्या आठ का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने छात्राओं से उनके ग्राम पंचायत, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था तथा छात्रावास की समस्या के संबंध में संवाद किया। जिस सपर छात्राओं ने बताया कि उन्हें भोजन एवं अन्य सुविधाएं संतोषजनक रूप से प्राप्त हो रही हैं तथा किसी प्रकार की समस्या नहीं है।

स्पेस लैब एवं खेल गतिविधियों के संबंध में पूछे जाने पर छात्राओं ने बताया कि नियमित रूप से शैक्षणिक एवं खेलकूद से संबंधित गतिविधियां कराई जाती हैं। कक्षा संख्या आठ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से पाठ्यक्रम एवं अध्यापन कार्य के संबंध में जानकारी ली, जिस पर छात्राओं द्वारा बताया गया कि सभी विषयों का विधिवत अध्ययन कराया जा रहा है। इसके बाद डीएम ने छात्रावास के कॉमन हॉल एवं छात्राओं के आवासीय कमरों का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावास परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मानिकपुर से समन्वय स्थापित करते हुए अनटाइड फंड से छात्रावास परिसर में इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाए, जिससे जलभराव की समस्या न हो। साथ ही समुचित जल निकासी के लिए नाली निर्माण भी कराए। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अमेरिका की प्रोफेसर ने किया सदगुरु नेत्र चिकित्सालय का दौरा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



फाइडमैन स्कूल ऑफ न्यूट्रिशन साइंस एंड पॉलिसी टफ्ट्स यूनिवर्सिटी अमेरिका की डीन एवं प्रोफेसर क्रिस्टीना इकोनोमोस ने वंचित ग्रामीण समुदायों में पोषण से जुड़ी जमीनी चुनौतियों को समझने के उद्देश्य से धर्मनगरी स्थित सदगुरु नेत्र चिकित्सालय का दौरा किया।

भ्रमण के दौरान बाल पोषण, मोटापा रोकथाम और समुदाय-आधारित जनस्वास्थ्य की वैश्विक विशेषज्ञ प्रो. क्रिस्टीना इकोनोमोस ने सुरांगी एवं मोहकमगढ़ गांवों के समुदायजनों से बात चीत कर उनकी आहार संबंधी आदतों, खाद्य उपलब्धता और जीवनशैली के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा कर वर्तमान पोषण एवं खाद्य कार्यक्रमों तथा जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों का आकलन भी किया तथा लोगों से स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित रूप से पौष्टिक आहार का सेवन करने की अपील की।

सदगुरु नेत्र चिकित्सालय में प्रो. क्रिस्टीना ने अस्पताल की कोर टीम से मुलाकात की और समग्र स्वास्थ्य, रोगों से उबरने तथा बाल विकास में पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने व्याख्यान के माध्यम से बताया कि स्थानीय रूप से उपलब्ध सरल आहार विकल्प अपनाकर स्वास्थ्य परिणामों में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है। प्रो. क्रिस्टीना ने ट्रस्ट के समेकित स्वास्थ्य एवं सामुदायिक विकास दृष्टिकोण की सराहना की। इस दौरे ने टफ्ट्स यूनिवर्सिटी और श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के बीच भविष्य में समुदाय-आधारित पोषण अनुसंधान, फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण तथा ग्रामीण भारत में दीर्घकालिक एवं प्रभावी पोषण पहलों पर संयुक्त रूप से कार्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार तैयार किया। सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के सीईओ डॉ. इलेश जैन ने उनका स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ आलोक सेन, डॉ आशीष बजाज, आर.बी. सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह सचान, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शासन के निर्देशानुसार आम जनमानस की समस्याओं के समाधान के दृष्टिगत शनिवार को जनपद की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम-एसपी सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मानिकपुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशानुरूप समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण करें।

उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करना है ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं तत्परता बनाए रखने पर बल दिया गया।

इस दौरान समाधान दिवस में प्राप्त 90 प्रार्थना पत्रों में से पांच प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारित किए जाने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, उप जिलाधिकारी पूजा गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# समपूर्ण समाधान दिवस में आईं 59 शिकायतों में छः का हुआ मौके पर निपटारा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राठ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन। समाधान दिवस के मौके पर पुलिस की 5, विद्युत की 5, नगर पालिका राठ की 8, पूर्ति विभाग की 1, बैंक की 2, विकास विभाग की 5, मण्डी की 1, कृषि विभाग की 1, शिक्षा विभाग की 1, जबकि राजस्व विभाग सबसे ज्यादा 30 की शिकायतें आईं। जब समाधान दिवस में 59 शिकायते आई, जबकि मौके 6 शिकायतों का निपटारा हुआ। वही मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत मृतक महेशचन्द्र पुत्र गणेशप्रसाद निवासी ग्राम बरदा के वारिस उमाभारती (मृतक की पत्नी), आकाश व लोकेश (मृतक के पुत्र), नीतू (मृतक की पुत्री) को पांच लाख रूपये सहित नीरज पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम धनौरी व सचिन पुत्र भूपेन्द्र निवासी ग्राम चिल्ली को एक-एक लाख रूपये की धनराशि का प्रमाण पत्र वितरण किया गया तथा वृद्धापेंशन के पात्र व्यक्ति सरमन पत्नी लालदास निवासी ग्राम बिहगांव को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

## सदर विधायक के जन्मदिवस पर आयोजित हुआ भण्डारा व कंबल वितरण

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** सदर के लोकप्रिय जनप्रिय विधायक प्रकाश द्विवेदी के जन्म दिवस के अवसर पर मां विंध्यवासिनी प्रांगण खत्री पहाड़ देवी जी सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में प्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के युवाओं के साथ पूरे जोश के साथ केक काटकर शुभकामनाएं दी साथ ही गरीब महिलाओं को मंडल महुआ की ओर से कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया गया इस अवसर महुआ मंडल अध्यक्ष प्रेम स्वरूप द्विवेदी ने निवर्तमान मंडल अध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल मंडल महामंत्री अमरमणि तिवारी मंडल उपाध्यक्ष विनोद सिंह मंडल उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा समाजसेवी चंदन शुक्ला मोनू शुक्ला राघव तिवारी सहित सैकड़ो युवाओं सहित सभी महिलाओं ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के दीर्घायु स्वस्थ जीवन की कामना की।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने बटोरीं तालियां

**मऊ, चित्रकूट।** तहसील मुख्यालय स्थित पं. शिव कुमार इण्टर कॉलिज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालयों के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिन्हें एसडीएम द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता संदेश दिया। साथ ही वाद-विवाद, भाषण आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों को एसडीएम राम ऋषि रमन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, प्रबंधक कुलदीप त्रिपाठी, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार गर्ग, सूरज त्रिपाठी, अमित द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने थाना कोतवाली देहात का किया वार्षिक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



शनिवार को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना कोतवाली देहात का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों, मिशन शक्ति केन्द्र, शस्त्रागार व थाना परिसर की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें जिससे कि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके।शस्त्रागार का निरीक्षण कर रख- रखाव व सफाई का निरीक्षण किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे जागरुकता अभियानों तथा प्रगति के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि मिशन शक्ति अभियान का ज्यादा से ज्यादा व्यापक स्तर पर स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों आदि स्थानों पर व्यापक जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं/बालिकाओं का जागरुक करने के निर्देश दिए गए। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क,कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया।प्रभारी निरीक्षक मरका को थाना परिसर की साफ-सफाई तथा कर्मचारियों से नियमित रूप से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के उपरांत उपस्थित चौकीदारों से संवाद कर उनके समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना की गई तथा कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने के लिये प्रेरित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# रिश्तों को शर्मसार कर बहू के साथ दुराचार करने वाले ससुर को 10 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

ससुर और बहू के रिश्तों को शर्मसार करने वाले दुराचारी को त्वरित न्यायालय ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 18,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़िता द्वारा न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया गया था। न्यायालय के आदेश पर मऊ थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी मई 2018 में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद उसका पति बाहर मजदूरी करने चला गया। इस दौरान उसके सगे ससुर ने ससुराल में उसे अकेले पाकर बहला-फुसला कर, धरा-धमकाकर बुरा काम किया। साथ ही कहा कि इस बारे में किसी से बताने पर वह माकर यमुना नदी में फेंक देगा।

घटना के समय उसकी सास खेतों में गई थी, वहां से लौटने पर पीड़िता ने सास को मामले की जानकारी दी, किंतु उन्होंने भी उसे चुप करा दिया। इस दौरान वह गर्भवती हो गई और मायके आने पर बच्चा हुआ, जो कुछ दिन बाद खत्म हो गया। इसके बाद फिर से उसे ससुराल बुला लिया गया और 26 दिसम्बर 2019 की रात पीड़िता के साथ ससुर ने जबरन दुराचार किया। सबेरे इसकी जानकारी देकर उसने अपने पिता को बुला लिया और मायके चली आई। इस दौरान ससुर ने मामले की शिकायत करने पर उसे व उसके पिता को मारकर लाश गायब कराने की धमकी दी।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्तों की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने शनिवार को इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी ससुर को 10 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 18,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

# जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाए: जिलाधिकारी



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में राजस्व विभाग, पुलिस, विकास, नगरपालिका, चकबन्दी, विद्युत व अन्य विभागों से सम्बन्धित आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील से सब सदर में एक फरियादी द्वारा ग्राम जमालपुर में आरसीसी रोड पर चबूतरा बनाये जाने की शिकायत पर लेखपाल जमालपुर एवं कोतवाली देहात की टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।ग्राम छापर में जिला पंचायत की सड़क बनने पर एक फरियादी की भूमि जाने की शिकायत पर लेखपाल छापर एवं जिला पंचायत की टीम के साथ मौके पर निरीक्षण कर शिकायत का निस्तारण करने के निर्देश दिये। ग्राम गुरेह में एक फरियादी की भूधरी जमीन पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर लेखपाल को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एक फरियादी द्वारा विद्युत बिल अधिक आने एवं विद्युत चोरी की शिकायत प्राप्त होने पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टाक, उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सांसद प्रतिनिधि व पूर्व मंत्री ने की मुलाकात, सांसद पति ने कांग्रेसियों का जताया आभार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री शिव शंकर सिंह पटेल व सांसद कृष्णा देवी पटेल प्रतिनिधि पुरुषोत्तम गुप्ता के साथ जिला कांग्रेस कमेटी स्टेशन रोड कार्यालय पहुंच कर जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित प्रमुख कांग्रेसियों से मिले और कुशल छेम जाना।इस अवसर पर पूर्व मंत्री शिव शंकर सिंह पटेल ने कहा कांग्रेस का प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सदेव मेरे परिवार के रूप में रहेगा जिला पंचायत अध्यक्ष व सांसद बनाने में कांग्रेसियों का अहम योगदान रहा जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता की किसी भी प्रकार की कोई समस्या अगर है तो वह मुझे निसंकोच बतलाए उसका निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सूरज बाजपेई एडवोकेट द्वारा अवगत कराया गया कि अतर्रा मुक्ति धाम के आस पास करीब आठ सौ परिवार रहते है लेकिन आज तक किसी भी स्तर पर अतर्रा में शव वाहन सुलभ नहीं कराया गया।

# बाबा के बुलडोजर राज में खनन माफिया हुआ बेलगाम कार्यवाही के नाम पर जिम्मेदार अधिकारी लाचार और बेबस

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

बाबा के बुलडोजर राज में खनन माफिया हुआ बेलगाम, जबकि कार्यवाही के नाम पर जिम्मेदार अधिकारी लाचार और बेबस नजर आ रहे है। जी हाँ! ये चौकाने वाला सारा मामला सरीला के इछौरा झिटकिरी ए0एन0 बिल्डर मोरम खण्ड 25/9 का है। जहाँ पट्टाधारक और खण्ड संचालक एनजीटी के साथ ही नई खनन नीति की खुलेआम धज्जियाँ उड़ा कर भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से बीस से तीस फिट गहरे गड्ढे खोदकर मोरम का धड़ल्ले से अवैध खनन कर शासन



को लगा रहे है लाखों के राजस्व का चूना। जबकि जिम्मेदार अधिकारी इस खण्ड में किये जा रहे मोरम के अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय जान बूझकर ईमानदार और तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीणा को गुमराह करने का काम कर रहे।

# छात्राओं ने आयोजित किया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत घने कोहरे एवं धुंध वातावरण में दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आज आर्य कन्या इंटर कालेज बांदा की छात्राओं द्वारा कचहरी चौराहे पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टरों को देखकर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया तथा उनके इस प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई संभागीय परिवहन अधिकारी चित्रकूट धाम मंडल प्रवर्तन उदयवीर सिंह द्वारा घने कोहरे में वाहन सावधानी से चलाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए जिससे दुर्घटनाओं से बचाव हो सके संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सौरभ कुमार द्वारा छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस की महत्ता के विषय में बताते हुए वैध ड्राइविंग लाइसेंस के बिना वाहन न चलाने का सुझाव दिया।

मंडलीय समन्वयक / मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा चित्रकूट धाम मंडल बांदा डॉ. पीयूष मिश्र द्वारा छात्राओं द्वारा आम जनमानस को प्रेरित करने हेतु नोडल छात्र के रूप में कार्य करते हुए दुर्घटना में घायल नागरिकों की मदद हेतु आगे आकर अपना फर्ज निभाते हुए एक श्रेष्ठ मददगार की भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया



तथा अपेक्षा की कि वीडियो क्लिप बनाने के बजाय दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर एक आदर्श नागरिक होने का अपना फर्ज निभाएं। यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने यातायात नियमों के विषय में विस्तार से बताया सड़क सुरक्षा समिति सदस्य सुनील सक्सेना ने छात्राओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का उत्साह वर्धन एवं अपील की इसी क्रम में छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया तथा छात्रा कशिश एवं वैष्णवी द्वारा भाषण प्रस्तुतीकरण से नगर वासियों को जागरूक किया प्रधानाचार्य पूनम गुप्ता द्वारा सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद देते हुए इस मिशन में अपना योगदान विद्यालय परिवार की तरफ से देने का आश्वासन भी दिया इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एवं संभागीय परिवहन अधिकारियों द्वारा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर शिक्षिकाएं प्रमोद कुमारी तृप्ति ठाकुर एवं बबीता चौहान उपस्थित रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 21 दिसंबर, 2025






## 'मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहा'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया। जहां उन्होंने कहा कि आज... पढ़ें पेज 12 पर...

# अगले 48 घंटों में प्रदेश में होगी प्रचंड सर्दी, जारी हुआ रेड अलर्ट, कई जिलों में शून्य हो सकती है दृश्यता

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में घने कोहरे और शीत दिवस की चेतावनी जारी की है। प्रदेश के कई हिस्सों में आगामी 24-48 घंटों के दौरान घना कोहरा छाए रहने और शीत दिवस की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ की ओर से इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के कुछ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट और कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को कानपुर, आगरा, प्रयागराज और गाजियाबाद में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पिछले चार दिनों से जारी घने से बहुत घने कोहरे में आगामी 24 घंटों में थोड़ी कमी आ सकती है। साथ ही तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने से सोमवार को शीत दिवस की स्थितियों से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के उपरांत 24 दिसंबर से कोहरे के घनत्व में बढ़ोतरी होगी और तापमान में फिर से 2-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने को संभावना है। मैदानी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम होने पर जब अधिकतम तापमान का सामान्य से विचलन -4.5 से -6.4 डिग्री सेल्सियस हो तो ऐसी स्थिति को शीत दिवस कहते हैं। अधिकतम तापमान का सामान्य से विचलन -6.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो तो उसे अत्यंत शीत दिवस कहते हैं।

### यहां है अत्यधिक घने कोहरे का रेड अलर्ट

कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कनौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामती, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरेया, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास के इलाकों में।

### अति शीत दिवस की संभावना इस क्षेत्र में अधिक

बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रवस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बरेली, पीलीभीत, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।

# करियर कॉन्वेंट कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



विकास नगर स्थित करियर कॉन्वेंट कालेज में विज्ञान, गणित, कला, मानविकी, भूगोल एवं वाणिज्य विषयों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच से सभी का मन मोह लिया। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक शबाना खान एवं प्रधानाचार्य बाबी जॉन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अजमत अली की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेता प्रोजेक्ट्स को 2000 की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। प्रदर्शनी में 'ऑपरेशन सिंदूर' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे केशव, कृतिका, प्रियंशी, चितिज एवं आशीष द्वारा तैयार किया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा निर्मित 'थार' कार मॉडल ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें हरिओम और अब्दुल्ला ने सभी को हैरान कर दिया। 'हेलमेट एटीएम' मॉडल भी दर्शकों के लिए आकर्षण का विषय रहा। इस आयोजन की सफलता में विद्यालय की शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों को पूरे समर्पण के साथ मार्गदर्शन दिया। विशेष रूप से नम्रता सक्सेना, शाहीन, साइरा, फराह, प्रतिभा, तबस्सुम, सुनीता, सुमित्रा, आयशा, सीमा, अपर्णा का योगदान सराहनीय रहा। यह प्रदर्शनी न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाली रही, बल्कि उनके नवाचार और तकनीकी सोच को भी उजागर करने में सफल रही।

# तरक्की की चमक में दबा सच: संकेतों पर चलती मीडिया, पिसता जमीनी पत्रकार

- नामचीन संस्थानों की कमाई आसमान पर, लेकिन खबर लाने वाला संवाददाता वेतन, सुरक्षा और सम्मान से वंचित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मीडिया संस्थानों की इमारतें ऊँची होती जा रही हैं, ब्रांड वैल्यू करोड़ों में पहुँच चुकी है, लेकिन इन्हीं संस्थानों की नींव—क्षेत्रीय पत्रकार—आज सबसे ज्यादा उपेक्षित, शोषित और असुरक्षित स्थिति में खड़ा है। प्रिंट हो, इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल मीडिया—हर मंच पर खबरें तो जमीन से ही उठती हैं, मगर उस जमीन पर खड़ा रिपोर्टर आज भी खाली हाथ है। हालात यह हैं कि अधिकांश संस्थानों में क्षेत्रीय संवाददाताओं को न नियमित वेतन, न बीमा, न पहचान पत्र की ठोस व्यवस्था और न ही किसी प्रकार की कानूनी या सामाजिक सुरक्षा दी जा रही है। खबरें रोज भेजी जाती हैं, जोखिम रोज उठाया जाता है, लेकिन बदले में संवाददाता को मिलता है—विज्ञापन लाने का फरमान।

### सूचना विभाग की चुप्पी, 'कागजी अखबारों' पर मेहरबानी

इस पूरी व्यवस्था में सूचना विभाग की भूमिका भी कठघरे में है। जिन अखबारों का वास्तविक सर्कुलेशन नाममात्र है, वे सरकारी विज्ञापनों से मालामाल हैं, जबकि जमीनी स्तर पर काम कर रहे पत्रकारों की बदहाली पर विभाग आंख मूंदे बैठा है। सरकारें प्रचार-प्रसार पर करोड़ों खर्च कर रही हैं, मगर उस पत्रकार के लिए कोई नीति नहीं—जो धूप, बारिश, धमकी और दबाव के बीच लोकतंत्र की खबरें आप तक पहुंचाता है।

### खबरों से ज्यादा विज्ञापन, और पत्रकार खुद बेरोजगारी के कगार पर

आज अखबारों के पन्ने खबरों से ज्यादा विज्ञापनों से भरे हैं। विडंबना यह है कि जो पत्रकार दिन-रात खबरें जुटाता है, वही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। ऐसे माहौल में निष्पक्ष पत्रकारिता, निर्भीक रिपोर्टिंग और जनहित की आवाज कैसे बचेगी—यह सबसे बड़ा सवाल है।

### अब भी नहीं चेता सिस्टम, तो लोकतंत्र को पड़ेगी भारी कीमत

जरूरत है कि सूचना विभाग और मीडिया संस्थान मिलकर जवाबदेही तय करें। क्षेत्रीय पत्रकारों को न्यूनतम वेतन, सुरक्षा, पहचान और सम्मानजनक कार्य वातावरण दिया जाए। क्योंकि यदि चौथा स्तंभ ही कमजोर होगा, तो लोकतंत्र की इमारत भी ज्यादा दिन खड़ी नहीं रह पाएगी।

### अब रिपोर्टर से 'रिकवरी एजेंट' बनने की उम्मीद

कई मीडिया संस्थानों ने पत्रकारिता को व्यवसाय से आगे बढ़ाकर टारगेट आधारित सौदेबाजी में बदल दिया है।क्षेत्रीय संवाददाताओं पर निजी विज्ञापन लाने का दबाव इतना अधिक है कि वे रिपोर्टर कम और मार्केटिंग एजेंट ज्यादा बनते जा रहे हैं। टारगेट पूरा नहीं हुआ तो न खबर छपेगी, न पहचान बचेगी।

# अटल जयंती पर प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल

- लखनऊ का सामान्य यातायात प्रभावित न हो, इसका रखें ध्यान: योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बैठक में 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन तथा नवनिर्मित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा लखनऊ को प्रदान किया जा रहा यह उपहार राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक विरासत एवं गौरव का प्रतीक बनेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी , पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल जी की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रीय एकता, एकात्म मानववाद तथा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को समझने, आत्मसात करने की प्रेरणा देंगी।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल, आतिथ्य एवं भीड़ प्रबंधन से संबंधित व्यवस्था उच्चतम मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की फाइनल टचिंग, लैंडस्केपिंग, उद्यान, संग्रहालय परिसर, एम्फीथिएटर एवं मार्गों के सुंदरीकरण कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश भर से आने वाले दो लाख से अधिक जनता के लिए तैयार की गई व्यवस्था; परिवहन, पार्किंग लेआउट, बस रूट प्लान, नियंत्रण कक्ष एवं चिकित्सा इकाइयों की समीक्षा की और कहा कि प्रत्येक बस, पार्किंग ब्लॉक और प्रवेश द्वार हेतु जिम्मेदार नोडल अधिकारी नामित किए जाएं।

# लखनऊ में होगा युवा सहकार सम्मेलन एवं कोऑपरेटिव एक्सपो

- मुख्यमंत्री करेंगे 'युवा सहकार सम्मेलन एवं कोऑपरेटिव एक्सपो का शुभारंभ
- युवाओं को सहकारिता से जोड़ने की दिशा में ऐतिहासिक पहल: राठौर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के समापन समारोह के उपलक्ष्य पर इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम ''युवा सहकार सम्मेलन-2025 एवं कोआपरेटिव एक्सपो-2025'' विषय पर प्रेसवार्ता आयोजित की। इस अवसर पर श्री जेपीएस राठौर ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विशिष्ट अतिथि सुरेश प्रभु पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंत्री, जलशक्ति एवं सिंचाई, उत्तर प्रदेश सरकार उपस्थित रहेगे। एक्सपो में सहकारिता क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संस्थानों के स्टॉल लगाए जाएंगे तथा सहकारिता से संबंधित योजनाओं, नवाचारों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह आयोजन युवाओं को सहकारिता से जोड़ने और सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। युवा सहकार सम्मेलन 2025 में प्रदेश के सहकारी संस्थाओं के युवा पदाधिकारी, महिलाएं एवं सहकार सारथियों तथा सहकारी बंधुओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।इस अवसर पर आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता योगेश कुमार, प्रबंध निदेशक कोआपरेटिव बैंक आरके कुलश्रेष्ठ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेपी नड्डा पहुंचे लखनऊ, पार्टी के कार्यक्रमों पर की चर्चा

- गुरुगोविंद सिंह के चारों साहिबजादों ने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए दिया बलिदान: नड्डा
- 25 दिसम्बर को राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री: योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ मीटिंग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश मीडिया विभाग के प्रभारी, सहप्रभारी, सोशल मीडिया व आईटी के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजक सम्मिलित रहे। श्री नड्डा ने संगठनात्मक अभियानों तथा कार्यक्रमों पर चर्चा की।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस पर गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों के बलिदान की अमर गाथा को लोकव्यापी बनाना है। राष्ट्र, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए चारों साहिबजादों ने अन्याय, अत्याचार के सामने झुकने से मना करते हुए धर्म परिवर्तन नहीं किया। छोटी सी आयु में भी धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के लिए बलिदान दिया। यह अडिग आस्था, वीरता और साहस की मिसाल है। वीर बाल दिवस हमें साहस, सत्य, आत्मसम्मान देश व धर्म की रक्षा के लिए बलिदान की प्रेरणा देता है। हम चारों साहिबजादों के अमर बलिदान की प्रेरक गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 दिसम्बर भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती पर लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। राष्ट्र प्रेरणा स्थल में स्थापित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी बाजपेयी की 65 फीट ऊंची प्रतिमायें एक देश, एक विधान, एक निशान के लिए किए गए संघर्ष, एकात्ममानववाद से साकार होता अन्त्योदय का स्वप्न और जय जवान, जय किसान से जय विज्ञान तक विकास व उन्नति के संकल्प का संदेश देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के साथ ही देशवासियों को डिजिटल म्यूजियम के माध्यम से राष्ट्र नवनिर्माण के लिए किये गए संघर्षो की गाथा को देखने और समझने का अवसर मिलेगा।प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व की अपेक्षा के अनुरुप प्रदेश भाजपा संगठन कार्यक्रमों, अभियानों को सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी व सर्वसमावेशी बनाने के लिए कार्य कर रहा है। 25 दिसम्बर श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती को पार्टी बूथ स्तर पर मनाएगी। अटल के व्यक्तित्व को जिला स्तर पर प्रदर्शनियों के माध्यम से भी जनमानस के बीच पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित करके अंत्योदय के संवाहक अटल के ऐतिहासिक निर्णयों, नेतृत्व क्षमता और संघर्ष में अडिग अटल जी के कालजयी व्यक्तित्व पर चर्चा की जाएगी।बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया।

# महिला सशक्तिकरण से ही आत्मनिर्भर ग्राम और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव

- महिला उद्यमिता और आजीविका संवर्धन से सुदृढ़ होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था: केशव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक मजबूती से ही विकसित भारत का संकल्प साकार होगा। महिला सशक्तिकरण के माध्यम से आत्मनिर्भर ग्राम और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। स्वयं सहायता समूहों की ताकत से ग्रामीण भारत का भविष्य बदलेगा। लखपति दीदी अभियान से गांव-गांव समृद्धि पहुंचेगी और महिलाओ को सम्मान मिलेगा। महिला उद्यमिता और आजीविका संवर्धन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। केशव प्रसाद मौर्य लोक निर्माण विभाग मुख्यालय, लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। श्री मौर्य ने कार्यशाला के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों पर चर्चा तथा मिशन के लक्ष्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यशाला से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण महिलाओ के आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को नई गति मिलेगी। लखपति दीदियो की संख्या बढ़ाने, नमो ड्रोन दीदियो की सक्रियता सुनिश्चित करने सहित समूहो की संख्या बढ़ाने व निष्क्रिय समूहो को सक्रिय किये जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। कार्यशाला के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली 2, विद्युत सखियो, 2 लखपति दीदियो व 2 बैंक सखियो को उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 400 करोड़ के बैंक क्रेडिट लिंकेज का प्रतीकात्मक चेक वितरण किया गया। बीसी सखी कार्यक्रम का राष्ट्रीयकृत चार बैको-बैंक आफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया व यूनियन बैंक के साथ एमओयू किया गया। कैडर मानदेय के पोर्टल की लान्चिग की गयी। आजीविका मिशन मे प्रदेश मे सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले वाराणसी, अम्बेडकर नगर व बिजनौर के उपायुक्त स्वतः रोजगार, को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यशाला मे राज्यमन्त्री ग्राम्य विकास विभाग

विजय लक्ष्मी गौतम न महिला सशक्तिकरण की दिशा मे किये जा रहे कार्यो के बारे मे प्रकाश डाला। अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीणा।प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास विभाग सौरभ बाबू, आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी, मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन ने कार्यशाला मे अपने विचार व्यक्त किये।

# उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई डीएमएम, बीएमएम की कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जिला मिशन प्रबन्धक डीएमएम जिला मिशन प्रबन्धक, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ब्लाक मिशन मैनेजर बीएमएम ब्लाक मिशन मैनेजर, ग्रामीण आजीविका मिशन) प्रतिभाग किया।श्री मौर्य ने कार्यशाला के दौरान ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों पर चर्चा तथा मिशन के लक्ष्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप बेहतर समन्वय एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यशाला से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण महिलाओ के आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को नई गति मिलेगी। लखपति दीदियो की संख्या बढ़ाने, नमो ड्रोन दीदियो की सक्रियता सुनिश्चित करने सहित समूहो की संख्या बढ़ाने व निष्क्रिय समूहो को सक्रिय किये जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया जा रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन की उपलब्धियों, चल रही योजनाओं एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।

# शहरीकरण की चुनौतियों और समावेशी विकास पर विमर्श हेतु भोपाल पहुंचे नगर विकास मंत्री

- मनोहर लाल खट्टर एवं एमपी के सीएम मोहन यादव यूपी के नगर विकास मॉडल के मुरीद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में भोपाल में उत्तर मध्य क्षेत्र के शहरी विकास से संबंधित विषयों पर क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य तेजी से बढ़ते शहरीकरण की चुनौतियों, भावी आवश्यकताओं और समाधानात्मक रणनीतियों पर राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करना रहा।बैठक में उत्तर-मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्यों में शहरी विकास की वर्तमान स्थिति, अधोसंरचना की जरूरतों, आवास, परिवहन, स्वच्छता, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण तथा स्मार्ट और टिकाऊ शहरों के निर्माण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बैठक में सहभागिता करते हुए प्रदेश के शहरी विकास से जुड़े अनुभव और नवाचार साझा किए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत- 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए शहरी विकास को समावेशी, संतुलित और सतत बनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शहरीकरण की प्रक्रिया में सभी वर्गों गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, युवा एवं वंचित समूहों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई जानी चाहिए। शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, हरित शहरों के विकास तथा मजबूत आधारभूत ढांचे पर प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश में नगर विकास विभाग में हुए कार्यों के संबंध में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं उनकी टीम ने तारीफ की। ख़ास कर लेगेसी वेस्ट के दशकों पुराने कूड़े के पहाड़ों को दूर कर नगरों को स्वच्छ रखने के लिए यूपी की हुई प्रशंसा।

# श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं का हो वृहद प्रचार-प्रसार: राजभर

- 6 लाख अभ्यर्थियों का देश में व 50 हजार अभ्यर्थियों का विदेश में रोजगार लक्ष्य

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में विधान भवन स्थित सभाकक्ष 80 में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की आगामी 2 वर्षो की भविष्योन्मुखी प्रस्तावित कार्ययोजना संबंधी बैठक संपन्न हुई, जिसमें राज्यमंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी भी उपस्थित रहे। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि श्रमिक हितार्थ योजनाओं का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये, ताकि इसकी जानकारी जन-जन तक पहुँचे और सरकार द्वारा श्रमिकों व उनके परिजनों के लिए संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हे मिल सके। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों, विकासखण्ड मुख्यालयों एवं बस स्टेशनों आदि सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिग्स, स्टैण्डी, बैनर आदि के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये। सरकार के लोक संकल्प पत्र के अनुसार विभागीय कार्यो को प्रत्येक दशा में समय-सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये तथा यदि कोई समस्या आ रही है तो उनके सज्ञान में अवश्य लाया जाये, ताकि समस्या का समाधान समयानुसार किया जा सके। उन्होने कहा कि सरकार का संकल्प है कि 2027 तक प्रदेश को बालश्रम से मुक्त कर दिया जायेगा। जनपदों में विभिन्न स्थानों पर स्थापित लेवर अडडों का समुचित विकास किया जाये, प्रत्येक अडडों पर जल छांव आदि की व्यवस्था हो। इसके अतिरिक्त उन्होने सराय योजना को और अधिक गति देते हुए शीघ्र शिलान्यास कराये जाने पर भी बल दिया। इधर विभागीय अधिकारियों के अथक प्रयासों से श्रम एवं सेवायोजन विभाग के नाम कई रिकार्ड एवं उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। बैठक में श्रम विभाग की आगामी दो वर्षों की प्रस्तावित कार्ययोजना में कारखानों के पंजीयन की प्रक्रिया को और अधिक गति प्रदान की जायेगी, जिससे अधिक से अधिक अपंजीकृत कारखानों का पंजीयन कराया जा सके। कारखानों के पंजीयन को बढ़ाये जाने हेतु 10 से अधिक किन्तु 20 से कम कर्मकारों द्वारा शक्ति की सहायता से एवं 20 से अधिक किन्तु 40 से कम कर्मकारों द्वारा बिना शक्ति की सहायता से कार्य करने वाले कारखानों को पंजीयन के अन्तर्गत आच्छादित किये जाने हेतु आवश्यक संशोधन किया जायेगा। बैठक में सेवायोजन विभाग की आगामी दो वर्षो की प्रस्तावित कार्ययोजना में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत देश व विदेश में रिक्तियों के सर्वेक्षण हेतु ईओआई के माध्यम से प्रतिष्ठित कम्पनियों को इम्पैनल करना तथा विदेश मंत्रालय द्वारा पंजीकृत रिक्रूटमेन्ट एजेन्सी के माध्यम से भी रिक्तियों का एकीकरण कराये जाने पर चर्चा हुई। इसी प्रकार विदेश में रोजगार हेतु अभ्यर्थियों को जापानी, जर्मन व अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं का प्रशिक्षण प्रदान कराना, इसके लिए 50 हजार अभ्यर्थियों को भाषा प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।प्रदेश में 12 नये औषधालय व 5 चिकित्सालय की स्थापना पर भी चर्चा हुई, जिसके अन्तर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम नई दिल्ली के द्वारा प्रयागराज, फतेहपुर, अलीगढ़, वाराणसी, फिरोजाबाद, सोनभद्र, जालौन, कन्नौज एवं लखीमपुर खीरी में नये औषधालयों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी कार्यवाही गतिमान है। इसी प्रकार मुरादाबाद, अयोध्या, बुलन्दशहर, ग्रेटर नोयडा एवं गोरखपुर में कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय की स्थापना की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। कार्यवाही गतिमान है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जन शिकायतें

## शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हमारी प्राथमिकता : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील गौरीगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि जनसामान्य की शिकायतों को लंबित रखना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि आम जन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या हीलाहवाली बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील मुसाफिरखाना में 15 शिकायतें आईं, जिनमें तीन का निस्तारण किया गया। तहसील तिलोई में 33 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। वहीं तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का निस्तारण तत्काल कराया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गईं। जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालयों में जनसमस्याएं अवश्य सुनें और उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराएं, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।इस दौरान उप जिला अधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्साअधिकारी प्रभागीय वनाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**सरकार के दावों की खुल रही पोल...**

# गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रहा मातृत्व योजनाओं का लाभ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

केंद्र और प्रदेश सरकार भले ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल उलट नजर आ रही है। जनपद में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ बीते करीब एक वर्ष से नहीं मिल पा रहा है, जिससे गरीब और जरूरतमंद परिवारों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं का कहना है कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना समेत अन्य मातृत्व लाभ योजनाओं के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता लंबे समय से लंबित है।कई महिलाओं ने प्रसव के महीनों बाद भी खाते में धनराशि न पहुंचने की शिकायत की है। आर्थिक मदद न मिलने से महिलाओं को इलाज, पोषण और नवजात की देखभाल में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

महिलाओं का आरोप है कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से आवेदन की सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी कराई गईं, इसके बावजूद भुगतान नहीं हुआ। जब महिलाएं स्वास्थ्य केंद्र या संबंधित कार्यालयों में जानकारी लेने जाती हैं तो उन्हें कभी बजट न आने तो कभी **पोर्टल में तकनीकी समस्या** का हवाला देकर टाल दिया जाता है।इससे महिलाओं में नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मातृत्व योजनाओं का मुख्य उद्देश्य सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देना, गर्भवती महिलाओं को पोषण सहायता देना और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। लेकिन समय पर लाभ न मिलने से इन योजनाओं का उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है और महिलाओं का भरोसा सरकारी तंत्र से उठता जा रहा है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि लंबित भुगतानों को तत्काल जारी किया जाए। साथ ही इस लापरवाही के जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी पात्र गर्भवती महिला को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

# एनएच-56 पर दुकानों के अवैध अतिक्रमण से लगा भीषण जाम

## एम्बुलेंस व थाना प्रभारी की गाड़ी फंसी, आधे घंटे बाद बहाल हुआ यातायात

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-56 पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण शनिवार दोपहर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के निहालगढ़ रोड मोड़ से मछली मंडी और कोतवाली चौराहे तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।जाम इतना गंभीर था कि मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क किनारे खड़ी सरकारी बसों, दुकानों के आगे तक फैले अवैध अतिक्रमण और दोनों ओर से वाहनों की अनियंत्रित आवाजाही के चलते मार्ग संकरा हो गया,जिससे जाम लग गया।जाम में दोपहिया,चार पहिया वाहनों के साथ-साथ एम्बुलेंस भी फंस गई।वहीं थाना निरीक्षक की सरकारी जीप भी जाम में फंसी रही,जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।जाम में फंसे वाहन चालकों को करीब आधे घंटे से अधिक समय तक परेशानी झेलनी पड़ी।लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए परेशान होते रहे,वहीं स्कूली बच्चे,बुजुर्ग और महिलाएं भी जाम से खासा प्रभावित हुए।आसपास के बाजारों में भीड़ बढ़ने से हालात और बिगड़ गए।सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा।पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाया और दुकानदारों को सड़क से पीछे हटने का निर्देश दिया।काफी प्रयासों के बाद यातायात धीरे-धीरे सुचारु कराया जा सका,तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।इससंबंध में जगदीशपुर थाना अध्यक्ष धीरेंद्र यादव ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एनएच-56 के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जल्द अभियान चलाया जाएगा।सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी,ताकि भविष्य में इस प्रकार की जाम की समस्या से आमजन को निजात मिल सके।प्रशासन की कार्रवाई के आश्वासन के बावजूद स्थानीय लोगों ने नियमित निगरानी और स्थायी समाधान की मांग की है,जिससे एनएच-56 पर यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

### आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की 87वीं पुण्य तिथि पर पुण्य स्मरण समारोह



**रायबरेली।** 21 दिसंबर को 1 बजे राही विकास खंड के आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी सभागार में कार्यक्रम आयोजित रायबरेली।आधुनिक हिंदी साहित्य को दिशा देने वाले, युग प्रवर्तक साहित्यकार और वैचारिक चेतना के अग्रदूत आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की 87वीं पुण्य तिथि के अवसर पर पुण्य स्मरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के संयोजक गौरव अवस्थी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह समारोह आचार्य द्विवेदी के विचारों, मूल्यों और साहित्यिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने साहित्य प्रेमियों, शिक्षकों, छात्रों और आम नागरिकों से समारोह में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का आह्वान किया है। यह गरिमामय कार्यक्रम आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक, रायबरेली (उत्तर प्रदेश) के तत्वावधान में आयोजित होगा। समारोह का आयोजन 21 दिसंबर रविवार को दोपहर 1 बजे से आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी सभागार, विकास खंड राही, जिला मुख्यालय (विकास भवन के पीछे) किया जाएगा। कार्यक्रम में स्मृति न्यास के पदाधिकारी, सदस्यगण, साहित्यकार, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी, छात्र-छात्राएं तथा साहित्यप्रेमी आमजन सहभागिता करेंगे। बताते चलें कि आचार्य द्विवेदी जी हिंदी साहित्य के उस संक्रमण काल के स्तंभ थे, जिन्होंने भाषा को संस्कारित किया, साहित्य को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा और वैचारिक अनुशासन की नींव रखी। 'सरस्वती' पत्रिका के संपादन के माध्यम से उन्होंने हिंदी को राष्ट्रव्यापी पहचान दिलाई और अनेक महान रचनाकारों को साहित्यिक मंच प्रदान किया। उनका योगदान आज भी हिंदी साहित्य की चेतना को दिशा देता है।

# अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेले गए चार मैच

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज हाकी मैदान पर चल रहे महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में दूसरे शनिवार को प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अवाडी पुलिस अवाडी ने शाह एकेडमी बहराइच को 3-1, वीजी ग्रुप ऑफ़ हॉकी प्रयागराज ने पोस्ट मास्टर जनरल कर्नाटक को 1-0, स्टार एलेवन बलरामपुर ने केनरा बैंक बंगलुरु को 3-2 तथा ऐम्स सी कोचीन केरल ने भुसावल रेलवे भुसावल को 2-0 से पराजित किया। जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को एमएलके पीजी कालेज हाकी मैदान पर चल रहे महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में दूसरे प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। पहला प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला अवाडी पुलिस अवाडी बनाम शाह एकडेमी बहराइच के बीच खेला गया। अवाडी ने बहराइच को 3-1 से हराया। मैन ऑफ द मैच अवाडी के जर्सी नम्बर 05 एम माथन को मिला। खिलाड़ियों से परिचय 51 वीं यू पी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविन्द प्रताप सिंह पटवाल, डॉ कुलदीप विश्वकर्मा व डॉ प्रदुम्न सिंह ने प्राप्त किया। दूसरा मैच चीफ पोस्ट मास्टर जनरल कर्नाटक बनाम विजय ग्रुप ऑफ हॉकी प्रयागराज के मध्य चल रहा है। खिलाड़ियों से परिचय सुरेश कुमार सिंह शेरा, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अशरफ खान,डॉ अख्तर रसूल खान,प्रिंस वर्मा चेयरमैन, रविन्द्र सिंह ने प्राप्त किया। दूसरे मैच में प्रयागराज ने कर्नाटक को 1-0 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच प्रयागराज के जर्सी नम्बर 16 धनंजय नाथ प्रजापति को दिया गया। तीसरा मैच स्टार इलेवन बलरामपुर बनाम केनरा बैंक बंगलुरू के बीच खेला गया । खिलाड़ियों से परिचय शाबान अली प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलरामपुर, अदनान फिरोज प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद तुलसीपुर व विशाल श्रीवास्तव ने प्राप्त किया। पहले हाफ तक बलरामपुर की टीम 2-1 से आगे थी। तीसरे मैच में स्टार इलेवन बलरामपुर की टीम ने केनरा बैंक बंगलुरु को 3-2 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच बलरामपुर जर्सी नम्बर 25 मोहम्मद कैफ को दिया गया। चौथा मैच एक्स सी कोचीन केरल बनाम भुसावल रेलवे भुसावल के मध्य खेला गया। खिलाड़ियों से परिचय सचिव रिटायर्ड कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, गेल्हापुर महंत बृजानंद जी महाराज, सह संयोजक भाजपा अवध प्रांत विनय मिश्र, शुभेन्दु गौरव मिश्र व राजेश्वर मिश्र ने प्राप्त किया। चौथे मैच में पहले हाफ की समाप्ति तक दोनों टीम शून्य-शून्य की बराबरी पर थी। केरल ने भुसावल रेलवे को 2-0 से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच केरल के प्रहलाद पाण्डेय को मिला ।आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ल, डॉ बी एल गुप्त, मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया।

# डीएम ने समाधान दिवस में 76 पट्टाधारकों को सौंपा खतौनी और भूमि अभिलेख

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद में पट्टाधारकों को उनके वैधानिक भूमि अधिकार दिलाने के उद्देश्य से डीएम विपिन कुमार जैन के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। विदित है कि पट्टाधारकों को आवंटित की जाने वाली भूमि प्रारंभिक रूप से असंक्रमणीय होती है, जो 10 वर्षों के लिए दी जाती है। इस अवधि में पट्टाधारक न तो भूमि का विक्रय कर सकते हैं और न ही उस पर किसी प्रकार का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पूर्ण होने के उपरांत भूमि संक्रमणीय हो जाती है, जिसके पश्चात पट्टाधारकों को विधिवत खतौनी एवं अन्य भूमि अभिलेख उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में किए गए तहसील तुलसीपुर के निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि कई पट्टाधारकों के 10 वर्ष की अवधि पूर्ण हो जाने के बावजूद, भूमि के असंक्रमणीय से संक्रमणीय हो जाने के बाद भी उन्हें अब तक खतौनी एवं भूमि संबंधी अभिलेख प्राप्त नहीं कराए गए हैं। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पट्टाधारकों को उनके भूमि कागजात उपलब्ध कराने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जाए। इसी क्रम में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील तुलसीपुर सभागार में जिलाधिकारी द्वारा 76 पात्र पट्टाधारकों को खतौनी/भूमि अभिलेख सौंपे गए, जिससे उन्हें उनके विधिक भूमि अधिकार प्राप्त हो सके। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि कोई भी पात्र पट्टाधारक अभिलेखों से वंचित न रहे तथा सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन की यह पहल पट्टाधारकों को सशक्त बनाने एवं राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ व पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एसडीएम तुलसीपुर राकेश जयंत, तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण कराए अधिकारी : सीडीओ

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता की अध्यक्षता में तहसील डलमऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

# बलरामपुर व श्रावस्ती को फोरलेन से जोड़ने के लिए केंद्रीय मंत्री से मिले पूर्व सांसद

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती जनपद को फोरलेन से जोड़ने के लिए पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने शनिवार को केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने बाराबंकी से बहराइच तक फोरलेन निर्माण की घोषणा करने पर केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को एक ज्ञापन देकर इस फोरलेन से श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के दोनों जनपदों को जोड़ने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर को पूर्व सांसद श्रावस्ती दद्दन मिश्र ने केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को सौंपे गए मांग पत्र में कहा है कि बाराबंकी से बहराइच तक फोरलेन बनाने की जो घोषणा की गई है, इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। स्थानीय लोगों का आवागमन सुगम एवं सुरक्षित होगा। फोरलेन हाइवे के निर्माण से व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में बदलाव होगा। पूर्व सांसद ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र का श्रावस्ती जनपद भगवान गौतम बुद्ध की तपोस्थली है तथा बलरामपुर जनपद पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि होने के साथ-साथ 51 शक्तिपीठों में से एक मां पाटेश्वरी देवी का धाम है। बलरामपुर व श्रावती में पर्यटकों व श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहता है। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से बलरामपुर व श्रावस्ती जनपद को बाराबंकी बहराइच फोरलेन हाइवे से जोड़ने की मांग की है। पत्र में कहा है कि यदि बलरामपुर एवं श्रावस्ती को फोरलेन से जोड़ दिया जाए तो यहां पर व्यापार और पर्यटन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। साथ ही दोनों आकांक्षी जनपदों का विकास भी होगा। पूर्व सांसद ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने फोरलेने निर्माण की परियोजना को जनपद श्रावस्ती होते हुए बलरामपुर तक विस्तार देने का आश्वासन दिया है।

# स्वास्थ्य मेले में हजारों लोगों ने उठाया लाभ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



भारत विकास परिषद एवं राइजिंग चाइल्ड स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल परिसर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में अपोलो मेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के द्वारा 1750 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सकीय सुझाव प्रदान किए गए।

स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी अमृता सिंह द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं राइजिंग चाइल्ड स्कूल के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि समाज सेवा और जनस्वास्थ्य के लिए इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी निरंतर किए जाते रहेंगे। अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वेद भास्कर, डॉ. दामिनी वर्मा, डॉ. एम. एस. आलम, डॉ. चिरायता बासु, डॉ. आसना जेहरा नक़वी एवं डॉ. प्रगति गोगिया के नेतृत्व में 15 सदस्यीय मेडिकल टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए मरीजों एवं जरूरतमंदों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य मेले के सफल आयोजन में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एवं कम्युनिटी प्रमुख अमित श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी द्वारा किया गया। मरीजों के पंजीकरण की व्यवस्था में शाखा सेवा संयोजक राजा राम मौर्य और पवन श्रीवास्तव की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर परिषद की ओर से डॉ. चम्पा श्रीवास्तव, राकेश कक्कड़, नवल किशोर बाजपेई, उमेश अग्रवाल, डॉ. अमिता खुबेले, सुरेश चंद्र शुक्ला गजानन खुबेले, विभा श्रीवास्तव, किरन मिश्रा, नीलमा श्रीवास्तव, सचिव अजय त्रिवेदी, देवेंद्र श्रीवास्तव, अजय कुमार मिश्रा, हरिश्चंद्र शर्मा, कमलेश चंद्र श्रीवास्तव का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

### पूर्वदशम/दशमोत्तर छात्रवृत्ति का सस्पेक्ट डाटा का परीक्षण कर आख्या करायें उपलब्ध : मोहन त्रिपाठी

**रायबरेली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पर्वूदशम् छात्रवृत्ति/दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओ द्वारा छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया है। छात्र/छात्राओ के ऑनलाइन आवेदन पत्रो का विभिन्न बिन्दुओ पर परीक्षण स्टेट एन0आई0सी0 एवं खाते का पी0एफ0एम0एस0 सॉफ्टवेयर द्वारा किया गया। परीक्षण के उपरान्त सन्देहास्पद डाटा जनपद/संस्था की लॉगिन पर प्राप्त हुआ है। जिसका परीक्षण कर साक्ष्य सहित आख्या स्पष्ट संस्तुति के साथ सम्बन्धित विद्यालयो से प्राप्त किया जाना है। इस सम्बन्ध में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा है कि समस्त सम्बन्धित प्रधानाचार्यो को अपने स्तर से उक्त डाटा प्राप्त कराते हुए निर्देशित करें कि सस्पेक्ट डाटा का परीक्षण कर स्पष्ट संस्तुति के साथ साक्ष्य सहित आख्या जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय को 05 दिवस में उपलब्ध कराये।

# देश की जनता राहुल गांधी के साथ है : अतुल सिंह



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी ऊंचाहार अतुल सिंह ने विधानसभा के छीछेमऊ, तिवारीपुर, टीकर आदि गांव में चौपाल एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं गहन मतदाता सूची (एसआईआर) में अपना नाम जुड़वाने की अपील की। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में देश के लाखों लोग कांग्रेस की रैली में शामिल होकर यह साबित कर दिया कि देश की जनता राहुल गांधी के साथ है।मोदी सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि मतदाता सूची में लोगों का नाम काट दिया जाए लेकिन हम सबको यह बात ध्यान देनी होगी मोदी सरकार वोट चोरी न कर पाए।

ऊंचाहार की जनता क्षेत्रीय विधायक की निष्क्रियता के कारण अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। सिंह ने कहा कि ऊंचाहार हमारा परिवार है मैं हमेशा आप सबके सुख-दुख में ऐसे ही खड़ा रहूंगा।आवारा पशुओं से किसान हमारा परेशान है लेकिन भाजपा सरकार से कोई लेना देना नहीं है।जरूरतमंदो को पेंशन नहीं मिल रही है।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बने संविधान को खत्म करने का प्रयास मोदी सरकार कर रही है उसको बचाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, रामदत्त पांडे, राकेश सिंह, भोला साहू, गोलू अग्रहरि, राधे श्याम यादव, आशीष शुक्ला, केसरी तिवारी, बब्लू साहू, रज्जन यादव, सज्जन सिंह, सतेंद्र सिंह, अंशु सिंह, गया निर्मल, विजय मौर्य, मनोज सरोज, जेपी पटेल आदि लोग उपस्थित थे।

### प्रदेश में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम युवाओं को बना रहा है आत्मनिर्भर

**रायबरेली।** देश के मा0 प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आरम्भ किया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना केंद्र सरकार द्वारा देश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू की गयी है। इस योजना के अंतर्गत देश के बेरोजगार युवाओं को अपना खुद का उद्योग प्रारम्भ करने के लिए निर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख रूपये तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के उद्यमियों को तथा सेवा क्षेत्र/व्यापार के चिन्हित तथा चयनित क्षेत्र के लिए अधिकतम रू0 20 लाख तक की लागत की परियोजनाओं की स्थापना हेतु ऋण उपलब्ध कराते हुए युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इस योजना का लाभ प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवा उठा सकते हैं। परियोजना लागत के आधार पर ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य पुरुष को 25 प्रतिशत व महिला एवं आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को 35 प्रतिशत एवं शहरी क्षेत्र के उद्यमियों को क्रमशः 15 व 25 प्रतिशत का मार्जिन मनी अनुदान दिया जाता है, जो इकाई के सफलतापूर्वक 03 वर्ष तक संचालित रहने पर छूट में परिवर्तित हो जाती है।

कॉमेडियन

# भारती सिंह



## दूसरी बार बनी मां, घर आया गोला का छोटा भाई

कॉमेडी क्वीन भारती सिंह और उनके पति, राइटर-होस्ट हर्ष लिम्बाचिया के घर एक बार फिर खुशियों ने दस्तक दी है. कपल ने अपने दूसरे बच्चे का वेलकम कर लिया है. भारती और हर्ष की फैमिली अब और भी बड़ी हो गई है, जिससे उनके घर का माहौल खुशियों से भर गया है. हालांकि, अभी कपल की तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार है.भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया ने काफी खास तरीके से दूसरी बार खुशखबरी को लोगों के सामने लाया था. जिसके बाद से उनके फैंस इस पल का काफी इंतजार कर रहे थे. बताया जा रहा है कि आज यानी 19 दिसंबर की सुबह ही भारती ने बेबी बॉय को जन्म दिया है, दोनों ही स्वस्थ्य हैं.




लोग अब दोनों की पोस्ट का इंतजार कर रहे हैं.

**गोला को दिया था जन्म**

टेली टॉक की रिपोर्ट ने दूसरे बार बेबी बॉय के आने की जानकारी दी है. लेकिन, कपल की ओर से अभी तक मीडिया के सामने या फिर सोशल मीडिया अकाउंट पर किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई है. भारती सिंह ने इससे पहले साल 2022 में अपने पहले बेटे को जन्म दिया था, जिसे प्यार से सभी गोला बुलाते हैं.

**लोग करते हैं खूब पसंद**

भारती और हर्ष टीवी के पसंदीदा कपल में शामिल हैं. उनका बेटा गोला भी सोशल मीडिया पर पहले से ही काफी पॉपुलर है और अब उसके छोटे भाई के आने से कपल की खुशी दोगुनी हो गई है. हालांकि, कपल ने कई बार अपनी इच्छा जाहिर की है कि उन्हें हमेशा से एक लड़की की कामना रही है.

**प्रेग्नेंसी के वक्त तक किया काम**

पहली प्रेग्नेंसी के दौरान भी वह आखिरी समय तक काम करती नजर आई थीं और अब दूसरी बार भी उन्होंने यही दिखाया कि प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को कैसे बैलेंस किया जाता है. लाफ्टर शेफ के तीसरे सीजन के सेट पर भी एक्टर्स ने खास तरीके से भारती के लिए स्पेशल सरप्राइज बेबी सावर भी प्लान किया था.

‘रेड नहीं, रूटीन वेरिफिकेशन’...

# शिल्पा शेट्टी

## के वकील ने छापेमारी की खबरों को बताया गलत, जारी किया बयान



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा इन दिनों सुर्खियों में हैं. इन सुर्खियों की वजह कोई नई फिल्म नहीं, बल्कि एक केस है.बॉलीवुड स्टार शिल्पा शेट्टी के घर आयकर विभाग की कार्रवाई को लेकर जो खबरें उड़ रही थीं, उन पर अब एक्ट्रेस के वकील का बड़ा बयान सामने आया है.एडवोकेट प्रशांत पाटिल ने साफ कर दिया है कि जिसे ‘छापेमारी’ बताया जा रहा है, वो दरअसल एक




रूटीन प्रक्रिया है. वकील ने चेतावनी दी है कि जो भी लोग इस मामले को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं, उन्हें कानूनी अंजाम भुगतना होगा.

**‘ये छापा नहीं, रूटीन वेरिफिकेशन है’**

शिल्पा शेट्टी कुंद्रा की ओर से बयान जारी करते हुए वकील प्रशांत पाटिल ने कहा, मैं अपनी क्लाइंट शिल्पा शेट्टी की तरफ से ये स्पष्ट करना चाहता हूं कि उनके खिलाफ किसी भी तरह की कोई इनकम टैक्स ‘रेड’ नहीं हुई है. आयकर विभाग के अधिकारी केवल एक रूटीन वेरिफिकेशन (सामान्य जांच) के सिलसिले में आए थे.

ये एक फॉलो-अप प्रक्रिया है जिसे गलत नाम दिया जा रहा है.प्रशांत पाटिल ने आगे कहा, जो कोई भी ये दावा कर रहा है कि इस घटना का संबंध ईओडब्ल्यू मामले से है, उसे कोर्ट में कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा. हम स्पष्ट कर रहे हैं कि उनके घर पर कोई छापा नहीं पड़ा है.

**क्या था विवाद ?**

बता दें कि इससे पहले खबरें आई थीं कि शिल्पा के मुंबई और बेंगलुरु स्थित ठिकानों पर उनके होटल बिजनेस ‘बास्टियन’ को लेकर आयकर विभाग ने रेड की है. ये भी कहा गया था कि देर रात तक पब खुला रखने की वजह से पुलिसिया कार्रवाई के बाद अब आईटी विभाग सक्रिय हुआ है.

लेकिन अब शिल्पा के कानूनी खेमे ने इन तमाम दावों को खारिज करते हुए इसे केवल एक ‘रूटीन फॉलो-अप’ करार दिया है. फिलहाल, वकील के इस बयान ने सोशल मीडिया और खबरों के बाजार में मची हलचल को एक नया मोड़ दे दिया है.

## जब अमिताभ बच्चन बने बिहार के शायर अनवर अली, गोवा मुक्ति संग्राम पर बनी सात हिंदुस्तानी की वो कहानी




सात हिंदुस्तानी फिल्म तीन बड़ी वजहों से अक्सर याद की जाती है. ख्वाजा अहमद अब्बास, अमिताभ बच्चन और गोवा मुक्ति संग्राम. वैसे तो इस फिल्म में कुल सात मुख्य कलाकार थे लेकिन इसे आज केवल अमिताभ बच्चन की पहली फिल्म के तौर पर याद किया जाता है. बाद के दौर में तमाम ऐसी हिंदी फिल्में बनीं जिनमें गोवा की प्राकृतिक खूबसूरती, समंदर का किनारा और वहां की जीवन शैली को दिखाया गया है लेकिन मुक्ति संग्राम का संघर्ष लंबे अरसे के बाद पुकार फिल्म में ही देखने को मिलता है. अनोखी बात ये कि साल 1983 में आई रमेश बहल निर्देशित पुकार में भी अमिताभ बच्चन ही थे. इस प्रकार अमिताभ इकलौते हिंदी फिल्म कलाकार हो जाते हैं जिन्होंने इस विषय पर फिल्में की.

सात हिंदुस्तानी में अमिताभ बच्चन को रोल कैसे मिला, यह कहानी जितनी दिलचस्प है, उतना ही अहम है यह जानना कि उनका वह रोल कैसा था और कहानी में उसकी क्या अहमियत थी. ख्वाजा अहमद अब्बास हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की एक दिग्गज हस्ती थे. उन्होंने अमिताभ बच्चन को इस फिल्म में ना केवल मौका दिया बल्कि उनके अभिनय की भरपूर प्रशंसा भी की थी. सात हिंदुस्तानी के अन्य कलाकार थे- उत्पल दत्त, इरशाद अली, अनवर अली, जलाल आगा, ए के हंगल और दीना पाठक आदि. केए अब्बास इस फिल्म के लेखक-निर्देशक के साथ-साथ निर्माता भी थे.

**अमिताभ में एंग्री यंग मैन तभी दिखा था...**

ख्वाजा अहमद अब्बास ने अपनी किताब ‘आई एम नॉट आइलैंड’ में लिखा था- अमिताभ बच्चन जिस प्रकार एंग्री यंग मैन के तौर पर प्रसिद्धि पा रहे हैं, वास्तव में इसका आगाज सात हिंदुस्तानी से ही हो गया था. वह ऐसा किरदार था, जिसको लेकर एक पूर्वग्रह था. मुसलमान किरदार होने की वजह से उसको लेकर थोड़ा शक का भाव था लेकिन बाद में जब वह बहादुरी दिखाता है तब सबके शक दूर हो जाते हैं. कहानी में अनवर अली सबसे बहादुर और निडर नजर आता है. पुर्तगाली सिपाही उसे सबसे ज्यादा टॉर्चर करते हैं. वह उसके मुंह से राज़ उगलवाना चाहता है लेकिन वह बताने से इनकार करता है. जिसके बाद पुर्तगाली अफसर उसे और भी दंडित करता है और सुनसान जगह पर फेंक देता है. इसके बाद अमिताभ कांपते जख्मी पांवों पर खड़े होकर जिस प्रकार से अभिनय करते हैं वह बहादुरी और दिलेरी की मिसाल है. आगे की तमाम फिल्मों में अमिताभ कुछ इसी तरह फिर उठ खड़े होते हैं और बदला लेते हैं.

## थिएटर में रही सुपरहिट, अब OTT पर गर्दा उड़ाएगी हर्षवर्धन राणे की रोमांटिक फिल्म




पिछले कुछ सालों में देखा जाए तो टीवी से बॉलीवुड का सफर तय करने वाले एक्टर हर्षवर्धन राणे का करियर शानदार रहा है. उनकी फिल्मों को पसंद किया गया है और बॉक्स ऑफिस पर उनकी फिल्मों का अलग ही कमाल देखने को मिला है. इसकी शुरुआत सनम तेरी कसम फिल्म से हुई थी. इसके बाद उनकी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया. साल 2025 में उनकी ये फिल्म किसी सरप्राइज पैकेज की तरह आई और कमाई के मामले में कमाल कर गई.

अब थिएटर्स में करीब 50 दिनों तक सिनेमाघरों में रिलीज किए जाने के बाद एक दीवाने की दीवानियत फिल्म को ओटीटी पर जारी किया जा रहा है. फिल्म की ओटीटी स्ट्रीमिंग डेट भी आ गई है. फिल्म में हर्षवर्धन राणे के अपोजिट सोनम बाजवा नजर आई हैं. भारत के अलावा इस फिल्म को विदेशों में भी ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला. कम बजट में बनी इस फिल्म को लेकर शुरू से ही सिनेमाघरों में हाइप बनने लग गई. इसका फायदा इस फिल्म ने उठाया और फिल्म की कमाई में निखार देखने को मिली. आइए जातने हैं कि इस फिल्म को अब आप ओटीटी पर कबसे देखना शुरू कर सकते हैं.

**ओटीटी पर कब आएगी एक दीवाने की दीवानियत ?**

फिल्म की बात करें तो पहले ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर 16 दिसंबर से स्ट्रीम होने वाली थी. मगर फिल्म की स्ट्रीमिंग को आगे के लिए शिफ्ट कर दिया गया था. अब ये फिल्म 26 दिसंबर से स्ट्रीम होनी शुरू हो जाएगी. लेकिन इसमें एक ट्विस्ट भी है. पहले तो इस फिल्म की स्ट्रीमिंग नेटफ्लिक्स में होनी थी लेकिन अब इसे जी5 पर जारी किया जाएगा. अब जी5 ही इस फिल्म का ऑफिशियल स्ट्रीमिंग पार्टनर है.

**कितना था एक दीवाने की दीवानियत का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन ?**

एक दीवाने की दीवानियत फिल्म की बात करें तो इसका बजट रिपोर्ट्स के मुताबिक 30 करोड़ रुपए के आसपास का था. लेकिन इसके जवाब में इस फिल्म ने 110 करोड़ रुपए की कमाई दुनियाभर में की थी और माहौल ही बना दिया था. फिल्म करीब 50 दिनों तक सिनेमाघरों में रिलीज की गई थी. फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी ने किया था. फिल्म में हर्षवर्धन राणे के अपोजिट सोनम बाजवा नजर आई थीं. वहीं उनके अलावा फिल्म में सचिन खेडेकर, राजेश खेरा और अनंद नारायण माधवन ने अहम रोल प्ले किया था. बॉलीवुड की बड़ी हिट बनने के बाद अब ये फिल्म ओटीटी पर अपना कमाल दिखाने के लिए तैयार है.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# तुलसी गौड़ा : मौन की महत्ता और जंगल की आत्मा

**वर्ष 2021 में भारतीय सरकार ने उन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया, जो देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण में उनके अतुलनीय योगदान के लिए। यह सम्मान राष्ट्रपति के हाथों दिया गया, जिससे वर्षों तक शांतिपूर्वक चल रहे उनके काम को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली। इसके अलावा उन्हें इंदिरा प्रियदर्शिनी वृक्षमित्र पुरस्कार, कर्नाटक राज्योत्सव पुरस्कार और बाद में धरवाड़ कृषि विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टरेट भी प्रदान किया गया ये सभी सम्मान उनकी सेवा और ज्ञान की विश्वसनीयता को रेखांकित करते हैं।**

*आज जिस दुनिया में हर उपलब्धि को फ़्लैश लाइट, कैमरा और सोशल मीडिया की चमक से मापा जाता है, वहाँ एक वास्तविक नायक का जन्म होना और जीवनभर जीना- यह किसी लोककथा से कम नहीं है। तुलसी गौड़ा- वह नाम जिसे धरती ने सींचा, जंगल ने अपनाया और हवा में हर पत्ती के स्वरूप में जीवन का संदेश छोड़ा। वे केवल एक पर्यावरण-सेवी नहीं थीं, बल्कि जंगल की आत्मा हैं—जिसे हम देखते नहीं, पर उसकी साँस महसूस करते हैं। तुलसी गौड़ा का जन्म कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के अंकला तालुक के होनाली गाँव में हुआ था, जो आज भी अपनी प्राकृतिक हरियाली के लिए जाना जाता है। वे हलाक्की आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखती थीं, एक समाज जो सदियों से प्रकृति के साथ अपने गहरे रिश्ते को अनुभव और परंपरा के रूप में संजोए हुए है। गरीबी, असमर्थता और सामाजिक सीमाओं के बीच उनका जीवन शुरुआत से ही कठिन रहा। उनके पिता का देहांत तब हो गया था जब वे केवल दो वर्ष की थीं, और उनकी माँ के साथ बचपन से ही उन्हें जंगल की गोद में ही मेहनत करनी पड़ी—किसी औपचारिक शिक्षा का अवसर प्राप्त नहीं हो सका और पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान तो वे कभी सीख ही नहीं पाईं। यही अपरंपरिक पृष्ठभूमि उन्हें प्रकृति की अपार समझ और वनस्पतियों के विस्तृत ज्ञान की ओर ले गई। तुलसी गौड़ा ने जीवन भर जंगल के साथ संवाद किया- कठोर शब्दों में नहीं, बल्कि तमीज़, संवेदना और अनुभव की भाषा में। बचपन से ही जंगल को वह घर के रूप में समझती थीं, पेड़ों को परिवार के सदस्यों की भाँति मानती थीं और मिट्टी की खुशबू को अपनी साँस मानती थीं। उन्होंने लगभग 30,000 से अधिक पौधे स्वयं लगाए और उनकी देखभाल की तथा कई वृक्षों और पौधों के विकास की ऐसी सूक्ष्म बातें जान लीं, जिन्हें पारंपरिक विज्ञान भी सहजता से व्यक्त नहीं कर पाता। इसी वजह से उन्हें पर्यावरण और वनस्पति के क्षेत्र में यानी जंगल का विश्वकोष कहा गया। उनके जीवन में कर्तव्य कोई विकल्प नहीं था बल्कि धर्म जैसा था। उन्होंने दशकों तक कर्नाटक के विभिन्न वन क्षेत्रों में पौधों की पोषण, जड़ों से पौधों के उद्धार, मिट्टी में जीव वैज्ञानिक संतुलन तथा पेड़ों को थमने और बढ़ने की विधियाँ अपने अनुभव से सीखी और सिखाईं। वे केवल पौधे नहीं लगाती थीं; वे जीवन के स्वरूप को पुनर्स्थापित करती थीं- हर एक पौधे में वह जीवन के कई रूप देखने में सक्षम थीं, इसलिए वन विभाग और स्थानीय समुदाय के लोग उन्हें (पेड़ों की माता) के नाम से भी पुकारते थे। उनका यह ज्ञान केवल यांत्रिक वृक्षारोपण का परिणाम नहीं था। वह जंगल की भाषा, मिट्टी की गति, पत्तियों की गिरावट, बीज के अंकन और प्रकृति की अनंत जुड़ाव की भाषा को समझकर आया था। वे मां के दूध की तरह पेड़ों के पोषण को महसूस कर सकती थीं, न कि केवल तकनीक से पढ़ सकती थीं। यही उन सबका सबसे बड़ा योगदान था- उन्होंने हमें यह सिखाया कि प्रकृति को जीना किसी पढ़ाई की किताब से नहीं, बल्कि अनुभव की स्याही से सीखा जाता है। उनका जीवन उसी भावार्थ में आगे बढ़ा- बिना गम के, बिना घोषणा के, बिना किसी शो-ऑफ की चाह के। वे जंगल विभाग की एक अस्थायी स्वयंसेवक के रूप में अपनी सेवाएँ देने लगीं, ज्ञान और समर्पण ने उन्हें इतने वर्षों बाद स्थायी पद तक पहुँचा दिया, जहाँ उन्होंने करीब पैंतीस वर्षों तक मजदूरी कार्मिक के रूप में काम किया और उसके बाद पन्द्रह वर्ष के लिए स्थायी कर्मचारी के रूप में वन संरक्षण और हरियाली संवर्धन में कार्य किया।*

### एक्सप्रेस आलेख

**कुछ जोडिया किसी बात पर सहमत नहीं हो पाते और तलाक के लिए अर्जी देना चाहते हैं। माता-पिता और बच्चों के बीच जेनरेशन गैप की संभावना के कारण देर से शादी परिवार और समाज के लिए नुकसानदायक होती है। जेनरेशन गैप शब्द का मतलब है युवा और ज्यादा उमर के लोगों के बीच बातचीत की कमी या एक ऐसा ज़रूरी समय जो की देश के अंदर अलग संस्कृती को जन्म देता है। यह अंतर दोनों पीढ़ियों के बीच बातचीत और तालमेल की कमी का कारण बनता है क्योंकि जब वे जवान थे, तब समाज जिस तरह से काम करता था, उसने पुरानी और नई पीढ़ियों के दुनिया को देखने के नज़रिए को आकार दिया। माता-पिता और बच्चों के बीच बहुत सारे झगड़े होते हैं।**


# देरी से शादियाँ और तलाक के बढ़ते मामले



पंकज जयसवाल

**उदाहरण के लिए, भले ही वे एक ही भाषा बोलते हों, लेकिन अगली पीढ़ियाँ कभी-कभी अलग-अलग भाषाएँ बोलती हैं। इसके अलावा, अपने दुनिया को देखने के नज़रिए के कारण, माता-पिता शायद ही कभी अपने बच्चों की गलतियों को स्वीकार करते हैं, जिससे समझ और बातचीत की कमी हो सकती है। इसके अलावा, देर से शादी करने वाले जोड़ों और उनके बच्चों के बीच बातचीत कम होती है।**

आधुनिकीकरण की आड़ में हिंदुओं ने पश्चिमी संस्कृति को अपना लिया है, जिससे उनकी अपनी संस्कृति कमज़ोर हो गई है। इसके परिणाम विनाशकारी हैं और अगर हिंदू अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर वापस नहीं लौटते हैं तो तीन से चार पीढ़ियों में उनका और इस अद्भुत राष्ट्र का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इसका सीधा-सा कारण हम देख रहे हैं कि देर से शादियाँ, तलाक़ की दरों में वृद्धि, एक या कोई बच्चा न होना और देरी से शादी के परिणामस्वरूप माता-पिता-बच्चों के रिश्तों में गिरावट आ रही है। यह पूरे हिंदू समुदाय के लिए बहुत चिंताजनक है। लड़कियों और लड़कों दोनों की पहले आर्थिक और भौतिक रूप से समृद्ध होने और फिर बाद में शादी करने की आकांक्षाएँ शादी और परिवार को एक अनुबंध का मामला बना रही हैं। किसी व्यक्ति के जीवन में सबसे बड़े मोड़ में से एक शादी है। यह न सिर्फ़ दो लोगों को एक साथ लाता है, बल्कि परिवारों और किस्मत को भी जोड़ता है। यह ऐसा रिश्ता है जो अब बँटवारे और तबाही की घटना में बदल रही है। खासकर भारतीय हिंदू समुदाय में, जहाँ समय पर शादी को पारंपरिक रूप से महत्व दिया जाता है और यह वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सही है, जब शादी को मनचाही उम्र से आगे टाला जाता है तो यह अक्सर चिंता का विषय बन जाता है। दुनिया भर में शादी की उम्र बढ़ गई है। आजकल, कई अमीर देशों में काफ़ी संख्या में शादियाँ तीस साल की उम्र के बाद होती हैं। इस चलन के साथ-साथ शादी की दरें भी अक्सर गिर रही हैं, खासकर यूरोप जैसे आर्थिक रूप से विकसित देशों में। भारत में भी ऐसा ही पैटर्न उभरने लगा है। उदाहरण के लिए साल 2011 और 2020 के बीच देश की राजधानी में महिलाओं की शादी की औसत उम्र 21.7 से बढ़कर 24.4 साल हो गई। रिसर्च के अनुसार, अलग-अलग उम्र के लोगों के शादी में देरी करने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। मुख्य कारक धन, शिक्षा और एक्सपोज़र जैसी चीजें हैं। अपने ग्रामीण समकक्षों की तुलना में अमीर परिवारों की कई शहरी किशोर लड़कियाँ जो ज़्यादा मीडिया के संपर्क में आती हैं, उनके शादी से पहले सेक्स की संभावना ज़्यादा होती है। यह देश के ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच शादी की रीति-रिवाजों और यौन व्यवहार में असमानताओं को दिखाता है। आमतौर पर, अमीर घरों के लोग और उच्च शिक्षा वाले लोग शादी में देरी करते हैं। देर से शादी करने के कुछ नुकसान भी हैं। बच्चों को जन्म देने पर इसका असर एक नुकसान है। हाल की स्टडीज़ से पता चलता है कि महिलाओं की फर्टिलिटी 30 साल की उम्र के आखिर में कम होने लगती है। ज़्यादा उम्र की माताओं को प्रेग्नेंसी से जुड़ी कुछ परेशानियां हो सकती हैं, जैसे मिसकैरेज, जन्मजात बीमारियां, जेस्टेशनल डायबिटीज, लेबर में दिक्कतें और कुछ दूसरी बीमारियां। इसके अलावा, इस बात के



**हिंदुओं के लिए इस समस्या का समाधान यह है कि उन्हें अंतरजातीय विवाह करने की आजादी दी जाए, जिससे उन्हें लड़की या लड़का ढूंढने के ज़्यादा मौके मिलेंगे। इससे अलग-अलग हिंदू जातियों (जिसमें बौद्ध, जैन और सिख भी शामिल हैं) के बीच रिश्ते मजबूत होंगे और हिंदू एक साथ आएंगे।**

भी सबूत हैं कि कुछ बीमारियां, जैसे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर, ज़्यादा उम्र के पिताओं के बच्चों को ज़्यादा प्रभावित कर सकती हैं। पार्टनर की पक्की आदतों और विचारों के साथ तालमेल बिठाने में ज़्यादा मुश्किल एक और संभावित नुकसान है। जो लोग ज़िंदगी में देर से शादी करते हैं, उनकी आदतें और राय ज़्यादा पक्की हो सकती हैं, जिससे शादी में समझौता करना और ढलना मुश्किल हो जाता है। जब देर से शादी के साथ शादी से पहले सेक्स भी किया जाता है, तो सेक्शुअली ट्रांसमिटेड इन्फेक्शन फैल सकते हैं। आखिर में, सामाजिक नज़रिए से, देर से शादी के कारण माता-पिता और बच्चों के बीच पीढ़ी का अंतर बढ़ रहा है। ये देर से शादी के कुछ जाने-माने नुकसान हैं। शादी टालने के कई कारणों में से तीन विरोधाभास हैं। पहला विरोधाभास है साथ रहना या शादी से पहले लिव-इन रिलेशनशिप में रहना जो हिंदू संस्कृति के खिलाफ है, जिसे कई युवा टेस्ट ड्राइव मानते हैं। कई विशेषज्ञ बताते हैं कि शादी से पहले साथ रहने का इतिहास में तलाक की ज़्यादा संभावना से संबंध रहा है, इसके बावजूद कि यह माना जाता है कि इससे तलाक कम होते हैं। दूसरी समस्या है गलत काम करने की इच्छा। कुछ युवाओं का मानना है कि अभी यौन प्रयोग करने और खाओ, पियो और मज़े करो, वैसे भी कल तो मर ही जाना है का समय है। नतीजतन, ऐसे लोगों में गलत सोच और व्यवहार विकसित होते हैं। इसके अलावा, कई स्टडीज़ से पता चलता है कि जो लोग ज़्यादा यौन संबंध बनाते हैं और जिनके यौन आदर्श ऊंचे होते हैं, उनके शादी के बाद तलाक होने की संभावना ज़्यादा होती है। आखिरी विरोधाभास है बड़ी उम्र बेहतर है। कई युवा लगभग तीस साल की उम्र तक शादी नहीं करते क्योंकि उनका मानना ??है कि शादी बंधन, देखभाल और शेयरिंग के प्यारे दिव्य अनुभव के बजाय नुकसान का बदलाव है। देर से शादी का परिवार की संस्थाओं के बेसिक काम- वंश को आगे बढ़ाने- पर बुरा असर पड़ता है, क्योंकि यह माना जाता है कि शादी का रिश्ता बनना बच्चे पैदा करने के लिए एक ज़रूरी शर्त है। देर से बच्चे पैदा होना, जो आबादी की ग्रोथ पर असर डालता है, देर से शादी के सबसे बड़े बुरे असर में से एक है, खासकर हिंदू समुदाय के लिए। ह्यूमन रिप्रोडक्शन में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, एक महिला की फर्टिलिटी 20 सें 30 साल की उम्र के आखिर में कम होने लगती है, न कि तीस सें चालीस की उम्र में जैसा पहले सोचा जाता था। कई महिलाओं में ओवरी की क्षमता कम हो जाती है, जिससे उनके प्रेग्नेंट होने के चांस कम हो जाते हैं। शादी में देरी से महिला के बच्चे पैदा करने के साल कम हो जाते हैं और बच्चे पैदा करना मुश्किल हो सकता है। अभी महिलाओं की पहली शादी की औसत उम्र 28 साल से ज़्यादा है। पहली शादी की औसत उम्र के हिसाब से, आधी महिलाएं पहली बार तब शादी करती हैं जब वे और भी बड़ी होती हैं, और कई तीस साल की उम्र के बाद तक बच्चे पैदा करने की कोशिश नहीं करतीं। जैसा कि पहले कहा गया है, अगर फर्टिलिटी बीस सें तीस की उम्र में कम होने लगती है, तो महिलाओं को तीस की उम्र के आस-पास प्रेग्नेंट होने में बीस की उम्र की तुलना में ज़्यादा मुश्किल हो सकती है। दुनिया भर में, महिलाएं अपने से पहले की पीढ़ियों की तुलना में कम बच्चे पैदा कर रही हैं। इस वजह से, दुनिया भर में जन्म दर कम हो रही है, जो आबादी में कमी में बड़ा योगदान देती है। देर से शादी से बच्चों में दिक्कतें भी हो सकती हैं। कभी-कभी इन जन्मों से बच्चों को मानसिक बिमारीयों की दिक्कतें होती हैं, भले ही महिला बच्चे को जन्म देने में सक्षम हो। जैसे-जैसे इंसान बूढ़ा होता है, ज़िंदगी को लेकर उसका नज़रिया बदल जाता है, और उसे अपने पार्टनर से सहमत होना मुश्किल लग सकता है। जो लोग शादी टालते हैं और बाद में शादी करते हैं, वे ज़्यादा खुले विचारों वाले नहीं होते क्योंकि उनके नियम पक्के होते हैं। इस वजह से, पति-पत्नी के लिए समझौता करना मुश्किल हो जाता है। इस नज़रिए से, जोडीयों के बीच शादी में एडजस्टमेंट की समस्या आती है। अगर लोग 35 साल के बाद शादी करते हैं, तो उनकी व्यक्तित्व मानसिकता पक्की बन सकती है। हालांकि, जब उमर बढ जाती हैं, तो उनके नियम और खास आदतें सामने आती हैं, और उनकी कई सीमाएँ बन जाती हैं। ये सीमाएँ कपल्स के बीच कुछ समझौतों में रुकावट डाल सकती हैं।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 09:10 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढ़ा 03:36 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | वृद्धि, 04:29 |
| सूर्योदयः | 07:10 |
| सूर्यास्तः | 17:29 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 04:11-05:29 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:58-12:39 |

## जन एक्सप्रेस

**रहे हैं कुछ कुछ भाग !**

*आया ऐसा मोड़ है ।*
*रहे हैं कुछ कुछ भाग ??।।*
*हो रही घटनाएं ।*
*लगी जैसे आग ।।*
*जिधर हवा है चलती ।*
*उधर ही जाना घूम ।।*
*धमाचौकड़ी मामला ।*
*है मची अब धूम ।।*
*खेल राजनीति का ।*
*और चुनावी बेला ।।*
*कौन लेगा जोखिम ।*
*क्यों रहना अकेला ।।*
*खिचड़ी है पकानी ।*
*बन कर समझदार ।।*
*होगी हर पल कोशिश ।*
*बनें असरदार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## सेंसिटिव स्किन के लिए फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर लगाने के हैं कई नुकसान

**सर्दियों** का मौसम है, तो हर कोई अपनी स्किन पर मॉइस्चराइजर यूज कर रहा है। मॉइस्चराइजर स्किन के लिए जरूरी है। इससे स्किन हाइड्रेटेड, स्मूद और सॉफ्ट रहती है। वैसे भी सर्दियों के दिनों में स्किन ड्राई हो जाती है। इसकी वजह से इचिंग और इर्रिटेशन जैसी दिक्कतें भी पैदा होने लगती हैं। बहरहाल, मॉइस्चराइजर हर स्किन टाइप के लिए सही है। हालांकि, कई लोग फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर लगाना पसंद करते हैं। इससे पर्सनालिटी बेहतर होती है और सोशल सर्किल में कॉन्फिडेंस भी बढ़ता है।



**स्किन इर्रिटेशन:** सेंसिटिव स्किन वालों को फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर लगाने से बचना चाहिए, क्योंकि इसकी वजह से उन्हें इर्रिटेशन या खुजली होने की समस्या हो सकती है। असल में, सेंसिटिव स्किन का मतलब है कि स्किन पहले से ही इतनी सेंसिटिव है कि किसी भी तरह के प्रोडक्ट के संपर्क में आने पर उन्हें रेडनेस, जलन या इचिंग की दिक्कत हो सकती है।

**एलर्जिक रिएक्शन:** सेंसिटिव स्किन होने पर लोगों को फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर नहीं लगाना चाहिए। इसमें कई ऐसे कंपोनेंट्स का यूज किया जाता है, जिसके संपर्क में आने एलर्जिक रिएक्शन हो सकता है या एलर्जी ट्रिगर हो सकती है। हालांकि, एलर्जी इम्यून सिस्टम का रेस्पॉन्स होता है। यही कारण है कि फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर लगाने की वजह से प्रभावित हिस्से में सूजन, ड्राइनेस जैसी परेशानियां नजर आने लगती हैं।

**स्किन कंडीशन का बिगड़ना:** अगर पहले से ही किसी की स्किन सेंसिटव है। इस पर फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर लगाया जाए, तो संभवतः स्किन और ज्यादा सेंसिटिव हो जाए। वहीं, अगर पहले से ही कोई अन्य मेडिकल कंडीशन है, तो उसके बिगड़ने की संभावना भी बढ़ जाती है। विशेषकर, जिन सेंसिटिव स्किन वाले लोगों को सोरायसिस, एक्जिमा जैसी दिक्कत है, उन्हें तो फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर भूलकर भी नहीं लगाना चाहिए।

**हाइपरपिग्मेंटेशन होना:** कुछ फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर ऐसे होते हैं, जो हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी दिक्कतों को बढ़ा सकते हैं। यही नहीं, इस तरह के मॉइस्चराइजर की वजह से स्किन डल नजर आ सकती है और अगर स्किन पर पहले से ही पैचेज हैं, तो वे बढ़ सकते हैं। इसलिए, विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर सेंसिटिव स्किन वालों को नहीं लगाना चाहिए।

**एक्ने बढ़ना:** आपको जानकर हैरानी हो सकती है, लेकिन यह सच है कि जब सेंसिटिव स्किन वाले फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर लगाते हैं, तो उनमें एक्ने और पिंपल होने का रिस्क बढ़ जाता है। असल में, फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर लगाने से स्किन की नेचुरल प्रोटेक्टिव लेयर डैमेज हो सकती है, जिसकी वजह से पिंपल या कील-मुंहासों की समस्या बढ़ जाती है।

**निष्कर्ष:** कुल मिलाकर, कहने की बात ये है कि अगर किसी की स्किन सेंसिटिव है, तो उन्हें सामान्य मॉइस्चराइजर ही अपनी स्किन पर लगाना चाहिए। फ्रेगरेंस बेस्ड मॉइस्चराइजर लगाने से बचना चाहिए। विशेषज्ञ बताते हैं कि हर तरह के स्किन टाइप के लोगों को किसी भी नए स्किन प्रोडक्ट को यूज करने से पहले पैच टेस्ट लेना चाहिए।

### एक्सप्रेस विशेष

## वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरता भारत, मोदी की कूटनीतिक विजय



राजेंद्र बहादुर सिंह

**पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस से 40% कच्चा तेल खरीदा, जिससे महंगाई 6% पर नियंत्रित रही। मोदी-पुतिन की 18+ मुलाकातें (2025 वार्षिक शिखर सहित) ने स-400 डील और रक्षा निर्यात (2 बिलियन डॉलर) को मजबूत किया।**

**आज** वैश्विक राजनीति अस्थिरता के भंवर में फंसी हुई है।यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व संकट और अमेरिका-चीन व्यापारिक तनाव ने दुनिया को दो ध्रुवों में बांट दिया है। ऐसे में भारत 'स्थिरता का स्तंभ' बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक कुशलता ने भारत को न केवल 'भारत प्रथम' की नीति के साथ मजबूत किया है, बल्कि 'वसुधैव कुटुंबकम' के दर्शन से वैश्विक मित्रता भी गढ़ी है। अरब देशों से अमेरिका तक, रूस से चीन तक, हर मोर्चे पर मोदी सरकार ने साहसिक संतुलन साधा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का सबसे ठोस प्रमाण दुनिया भर से मिले सर्वोच्च नागरिक सम्मान हैं। वर्ष 2014 से दिसंबर 2025 तक 29 देशों ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड है। हालिया सम्मान जैसे इथियोपिया का 'द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' (2025), नामीबिया का 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेलविट्शिया मिराबिलिस' (2025), ब्राजील का 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' (2025) और त्रिनिदाद-टोबैगो का 'ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक'

**आर्थिक मोर्चे पर भारत ने 2023 में चीनी ऐप्स बैन और निवेश जांच सख्त की, जिससे चीन को झटका लगा। 2025 तक व्यापार 130 बिलियन डॉलर पहुंचा, लेकिन भारत ने घाटे (100 बिलियन) को कम करने के लिए क्क्ष्ठ स्कीम से आत्मनिर्भरता बढ़ाई। यह 'यथार्थवाद' दिखाता है कि तनाव के बीच व्यापार, लेकिन हितों की रक्षा मैं भारत ने अपने हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया।**

(2025) अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में भारत की पहुंच दर्शाते हैं।पश्चिम एशिया में जॉर्डन, ओमान और कुवैत (2024) के सम्मान ने सुरक्षा सहयोग को मजबूत किया। सऊदी अरब का 'ऑर्डर ऑफ किंग अब्दुल अजीज सैश' (2016), यूएई का 'ऑर्डर ऑफ जायद' (2019) और रूस का 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू' (2019 घोषणा, 2024) और ओमान में प्रधानमंत्री को किसी देश का 29 वा सर्वोच्च सम्मान ओमान में मिला है ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने श्री मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान सम्मान दिया है और उन्हें सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया है यह सम्मान एवं पुरस्कार बताते हैं कि मोदी ने भारत को व्यापारिक भागीदार से रणनीतिक साझेदार बनाया। फ्रांस का 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' (2023) और अमेरिका का 'लीजन ऑफ मेरिट' (2020) पश्चिमी दुनिया की स्वीकृति हैं। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत नहीं, 140 करोड़ भारतीयों की बढ़ती गरिमा के प्रतीक हैं। इसके इतर टैरिफ संकट के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिरता ने वैश्विक स्तर पर सिद्ध किया है कि यूं ही नहीं भारत को सोने की चिड़िया कहां जाता रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्डट्रंप प्रशासन की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने भारतीय उत्पादों पर 50% तक टैरिफ लगाए, जिससे निर्यात (विशेषकर स्टील, एल्यूमीनियम और फार्मा) प्रभावित हुआ। 2024 में व्यापार घाटा 30 बिलियन डॉलर से ऊपर पहुंचा। लेकिन मोदी की 'सॉफ्ट पावर पॉलिसी ने नया विकल्प प्रस्तुत किया । यह मोदी सरकार की कूटनीति का ही परिणाम है कि अमेरिकी सांसदों ने सदन में प्रस्ताव पारित कर टैरिफ हटाने की मांग की, क्योंकि भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था (2025 अनुमान) को नजरअंदाज करना अमेरिका के लिए घाटे का सौदा है।भारत ने जवाबी टैरिफ के बजाय बातचीत चुनी। परिणामस्वरूप, 2025 में क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पहल के तहत सेमीकंडक्टर और॒ढ्ढ सहयोग बढ़ा। द्विपक्षीय व्यापार 200 बिलियन डॉलर के करीब पहुंच गया, जो 2014 के 100 बिलियन से दोगुना है। यह कूटनीति साबित करती है कि भारत अब निर्भर नहीं, बल्कि समान साझेदार है। वहीं दूसरी तरफ चीन के साथ बर्फ पिघलना अभी मोदी सरकार की कुशल कूटनीति को इंगित करता है। भारत चीन के बीच गलवान संघर्ष (2020) के बाद लाइन ऑफ कंट्रोल पर तनाव चरम पर था। इस दौरान दोनों देशों के बीच मामूली संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रणनीति ने धैर्य एवं संयम का परिचय दिया। अक्टूबर 2024 के कजान ब्रिक्स सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मोदी कीमुलाकात ने डेपसांग और डेमचोक से सेनाओं की वापसी सुनिश्चित की। पेट्रोलिंग समझौता सीमा शांति का प्रतीक है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# आइलेट सेंटर संचालक की गोली लगने से मौत, मकान मालिक की पत्नी गंभीर घायल

- सीने में लगी गोली, दिनदहाड़े घटना से मचा हड़कंप, पुलिस सभी पहलुओं पर कर रही जांच

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद पीलीभीत के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां आइलेट (आईईएलटीएस) सेंटर संचालित करने वाले युवक की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई, जबकि मकान मालिक की पत्नी को भी गोली लगने से गंभीर चोट आई है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और सनसनी का माहौल बन गया। पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की गहन जांच में जुट गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव टोंडरपुर मझोला निवासी सुखदेव सिंह (32 वर्ष) पूरनपुर कस्बे में एक आइलेट सेंटर का संचालन करते थे। वह पूरनपुर में पूरन सिंह के मकान में किराये पर रहते थे। बताया जा रहा है कि पूरन सिंह सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त हैं।

### सुबह गोलियों की आवाज से मचा हड़कंप

शनिवार की सुबह करीब 11 बजे अचानक मकान से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि सुखदेव सिंह सीने में गोली लगने से लहूलुहान हालत में पड़े थे, जिनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इसी घटना में मकान मालिक की पत्नी गुरमीत कौर को भी गोली लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पीलीभीत भेजा गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### सूचना पर पुलिस व उच्चाधिकारी पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही पूरनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया और फोरेंसिक जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

### घटना के कारणों पर सस्पेंस, परिजनों में शोक व्याप्त

फिलहाल घटना के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि मामला आत्महत्या, आपसी विवाद, आकस्मिक फायरिंग अथवा किसी अन्य आपराधिक घटना से जुड़ा है। मकान में मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि गोली किस हथियार से चली, हथियार लाइसेंसी था या नहीं, और फायरिंग किन परिस्थितियों में हुई। घटना की सूचना मिलने के बाद सुखदेव सिंह के परिजनों को अवगत करा दिया गया है। परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरनपुर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोग घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं और पुलिस से जल्द खुलासे की मांग कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य और घायल महिला के बयान के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने जल्द ही घटना का खुलासा किए जाने का भरोसा दिलाया है।

# एसएसबी पीलीभीत क्षेत्रक मुख्यालय में 62 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



क्षेत्रक मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), पीलीभीत में बल का 62वां स्थापना दिवस शनिवार को हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बल की गौरवशाली परंपराओं को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक, नई दिल्ली द्वारा भेजे गए प्रेरणादायी संदेश को उप-महानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने अधिकारियों और जवानों के समक्ष पढ़कर सुनाया। संदेश में बल की उपलब्धियों, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात अपने संबोधन में उप-महानिरीक्षक ने देश की सीमाओं की सुरक्षा में निरंतर निष्ठा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने वाले सभी अधिकारियों एवं जवानों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वॉलीबॉल, रस्सा-कस्सी और शेक-रेस जैसी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, जवानों और उनके परिवारजनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान पूरे परिसर में खेल भावना और आपसी भाईचारे का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में बड़ाखाना का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, जवानों और बच्चों ने सहभागिता की। आयोजन ने आपसी समन्वय और सौहार्द को और मजबूत किया। इस अवसर पर कमांडेंट डॉ. गुरविंदर सिंह, उप-कमांडेंट के. रमना राजू, उप-कमांडेंट रितेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक कमांडेंट जोध सिंह, सहायक कमांडेंट सुरेश पाल सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों द्वारा विवाहिता पर पेट्रोल डालकर जान से मारने का प्रयास किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि घटना के बाद विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया और दोबारा ससुराल लौटने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुरकला निवासी रीना ने बताया कि उसकी शादी करीब पांच वर्ष पूर्व जुवैद खां के साथ हुई थी। शादी के समय मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन ससुरालीजन उससे संतुष्ट नहीं हुए। कुछ समय बाद ससुराल पक्ष द्वारा चार पहिया वाहन और सोने की चेन की मांग की जाने लगी।आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति जुवैद सहित मोहम्मद हसन, वंटी, गुलराना, रजिया, उवैश और शबनम द्वारा आए दिन मारपीट कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। घटना के बाद विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। जब वह दोबारा ससुराल पहुंची तो बिना दहेज के आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित ट्रक मकान से टकराया, महिला गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। सरकारी राशन से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित मकान की दीवार से टकरा गया, जिससे घर के अंदर काम कर रही एक गर्भवती महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना क्षेत्र के गांव बासूपुर की है। गांव निवासी फजलुर रहमान पुत्र सरताज का मकान मुख्य सड़क किनारे स्थित है। शनिवार सुबह रायपुर विचपुरी की ओर जा रहा सरकारी राशन से लदा ट्रक गांव के पास पहुंचते ही अनियंत्रित हो गया और सीधे मकान की दीवार में जा घुसा।टक्कर इतनी तेज थी कि मकान की दीवार ढह गई। ढही हुई दीवार की चपेट में आकर घर के अंदर बर्तन धो रही गर्भवती महिला मेहनिम पत्नी फिरदौस गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।परिजन घायल महिला को तुरंत पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में जख्मी की इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। बरवर क्षेत्र के गांव रसूलपुर तफज्जुल हुसैन निवासी बाइक चालक को मोहम्मदी शाहजहांपुर हाईवे पर गांव गोकुल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर कुचल दिया था जिसे गंभीर हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था इलाज के दौरान तीसरे दिन मौत हो गई है। रसूलपुर तफज्जुल हुसैन निवासी शिवकुमार अपनी बाइक से जरूरी कार्य को लेकर शाहजहांपुर गए थे बुधवार को शाम 6 बजे वापस लौटते समय हाईवे पर गांव गोकन के पास पहुंचते ही मोहम्मदी की ओर से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए थे इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया गया हालत नाजुक होने पर परिजनों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था इलाज के दौरान शनिवार को सुबह मौत हो गई घटना की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया मृतक अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ गया है। पत्नी के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### शराब के नशे में खुले में पड़े रहने से अधेड़ की मौत परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। पसगवां थाना क्षेत्र के गांव सर्वांगपुर में एक अधेड़ को गांव के बाहर पड़े मिलने की सूचना पर पत्नी पूनम देवीऔर उसकी सास मुल्लो देवी उसे ऑटो से घर लाकर पुलिस को सूचना देकर एंबुलेंस से इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया था जहां इलाज के बाद हालत बिगड़ने पर बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे तब तक मौत हो गई परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार गांव सर्वांगपुर निवासी मनोज 45 वर्षीय पुत्र सट्टले नशे का आदी था शुक्रवार को सुबह गांव से लगभग 500 मीटर दूर एक ट्यूबवेल के पास पड़े होने की सूचना मिली थी मां और पत्नी ऑटो से बैठाकर घर लाई और पुलिस को सूचना देकर इलाज के लिए एंबुलेंस से मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया रात भर ठंड में पड़े रहने के चलते हालत नाजुक थी डॉक्टरों की सलाह पर बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे तभी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। परिजन जबरन जहरीला पदार्थ पिला देने से मौत हो जाने का आरोप लगा रहे हैं।

# जल भराव की समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा को सौंपा



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

नगर के देवीस्थान देवस्थान में कब्रिस्तान व रोड पर जल भराव की समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा को सौंपा ज्ञापन। मोहल्ला सरैया, देवीस्थान, शुक्लापुर के लोगो ने जिनका पुस्तैनी कब्रिस्तान देवीस्थान मोहल्ले में है। कब्रिस्तान और रोड जलमग्न रहती है जिससे रोड से निकलने वाले और शव यात्रा निकालने वालों को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जिससे कई लोग भरे हुए पानी में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। जिस पर संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा ने मौके पर जाकर देखा और जल्द ही समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।

# जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, बंदियों से संवाद कर जानी समस्याएं

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार चतुर्थ, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने शनिवार को जिला कारागार पीलीभीत का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार में निरुद्ध बंदियों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने किशोर, पुरुष एवं महिला बैरकों सहित अन्य बैरकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।इसके साथ ही भोजनालय, अस्पताल एवं पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया गया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने बीमार बंदियों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली और मौजूद चिकित्सक को निर्देश दिए कि बंदियों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कारागार में बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और बंदियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बंदियों से संवाद के दौरान जनपद न्यायाधीश ने यह भी निर्देश दिए कि जिन बंदियों के पास जमानत के लिए वकील उपलब्ध नहीं हैं, उनकी सूची तैयार की जाए, ताकि उनके लिए विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। निरीक्षण के समय अपर जिला जज सुनील कुमार, पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंगल देव सिंह, जेल अधीक्षक, जेलर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी में 62वाँ एसएसबी रेज़िंग डे हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी



70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी में 62वाँ एसएसबी स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास,अनुशासन एवं उत्साह के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया।यह कार्यक्रम बल के गौरवशाली इतिहास, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा।कार्यक्रम की शुरुआत खेल प्रतियोगिताओं से हुई, जिसमें गोला फेंक,भाला फेंक, डिस्क थ्रो , टग ऑफ़ वॉर सहित विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में वाहिनी के बलकर्मियों एवं संदिक्षा सदस्यों ने पूर्ण जोश,अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय देते हुए सक्रिय सहभागिता निभाई। खेल आयोजनों का उद्देश्य बलकर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तथा आपसी समन्वय को मजबूत करना रहा।इसके उपरांत वाहिनी परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें संदिक्षा सदस्यों, बच्चे एवं बलकर्मियों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन किया तथा पूरे वातावरण को देशभक्ति एवं उल्लास से ओत-प्रोत कर दिया।कार्यक्रम के दौरान समस्त बलकर्मी एवं संदिक्षा सदस्य उपस्थित रहे एवं आयोजन के अंत में सभी बलकर्मियों के लिए बड़े खाने (सामूहिक भोज) का भी भव्य आयोजन किया गया। इस सामूहिक भोज के माध्यम से बलकर्मियों के मध्य आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं एकता की भावना को और अधिक मजबूती मिली ।इस गरिमामय अवसर पर मुकेश कुमार गौतम, द्वितीय कमान अधिकारी, राजू यादव, उप कमांडेंट, विश्वनाथ मिश्रा , उप कमांडेंट , आयुष मिश्रा, सहायक कमांडेंट, समीर राणा, सहायक कमांडेंट (संचार) सहित वाहिनी के समस्त अधीनस्थ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वाहिनी के सभी बलकर्मियों ने भी कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।उपस्थित मुकेश कुमार गौतम, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा अपने संबोधन में सशस्त्र सीमा बल के गौरवशाली इतिहास, अनुशासन, निष्ठा एवं राष्ट्र सेवा में बल की भूमिका पर प्रकाश डाला गया तथा सभी बलकर्मियों को कर्तव्यपरायणता एवं एकजुटता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ और यह आयोजन सभी उपस्थित सदस्यों के लिए प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय रहा।

# कृषक समाज इंटर कॉलेज में अटल, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला खीरी में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन व्रत पर निबंध और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया प्रथम स्थान हृदय से सक्सेना कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला,द्वितीय स्थान सत्यांशु वर्मा पब्लिक इंटर कॉलेज तृतीय स्थान मुजफ्फर लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज ने प्राप्त किया निबंध प्रतियोगिता में नैंसी वर्मा विद्या निकेतन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला राधा सिंह कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला द्वितीय स्थान डाली चौधरी पब्लिक इंटर कॉलेज अर्शिया तृतीय स्थान प्राप्त किय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक पूर्व राज्यसभा सांसद ने विद्यार्थियों को अटल जी के विषय में कहा कि वह ऐसे प्रधानमंत्री थे जिन्होंने राजनीति को मर्यादा संवाद और संवेदना से जोड़ा इसीलिए उन्हें अजातशत्रु भी कहा गया था कार्यक्रम में विद्यालय के मंत्री विनोद चंद्र मिश्र निर्णायक की भूमिका में अनुवाद वाजपेई उमेश तिवारी गुरु हरकिशन डिग्री कॉलेज से आए डॉ कन्हैया लाल मल्लिका कार्य किया कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य लखपति भारती कार्यक्रम संयोजक डॉ अनिल कुमार वीरेश चंद्र वाजपेई तहसील से आए विभिन्न विद्यालय के शिक्षक उपस्थित है।

# एक बीघा जमीनी विवाद के चलते हत्या में सात को आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

एक बीघा जमीन विवाद में युवक को घर के बाहर लाठी डंडा से पिटाई करते हुए गोली मारकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने लंबी सुनवाई के दौरान सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 10,10 हजार का जुर्माना लगाते हुए सभी को जेल भेज दिया है। अभियोजन पक्ष की पैरवी करते हुए एडीजीसी कपिल कटियार ने बताया कि मैगलगंज थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर का रहने वाला धर्मेंद्र 6 अक्टूबर 2017 को सुबह 9 बजे मकान के बाहर बैठा था तभी पड़ोसी गुरमेल सिंह, सरजिंद सिंह, जसपाल सिंह, प्रगट सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह और अंग्रेज सिंह ने एक राय होकर डंडा कृपाणों से हमला कर दिया अंग्रेज सिंह ने तमंचे से गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई थी। मृतक के पिता सुखवंत सिंह की तहरीर पर हमला कर हत्या करने का केस दर्ज किया गया था। तत्कालीन विवेचक घनश्याम राम ने जसपाल, गुरमेल, सरजिंदर, और गुरप्रीत सिंह को केस हटाकर तीन लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए थे। पैरवी के दौरान कोर्ट ने निकाले गए आरोपियों को 319 आईपीसी के तहत तलब कर लिया था। 8 साल लंबी सुनवाई के दौरान पिता सुखवंत सिंह, मृतक की पत्नी हरविंदर कौर और साले अमरेंद्र सिंह की मजबूत गवाही के चलते बचाव पक्षके अधिवक्ता की की दलीलें काम नहीं आई जिस पर शुक्रवार को अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार राना ने सभी को आजीवन कारावास और अंग्रेज सिंह को 3 वर्ष की अतिरिक्त सजा और 5 हजार का जुर्माना साथ ही 10, 10 हजार रुपया का जुर्माना लगाते हुए जेल भेज दिया है।

## गोला तहसील मे संपूर्ण सतंमाधान दिवस मे पहुचे डीएम व एसपी ने सुनी फरियादे

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

गोला तहसील परिसर मे चल रहे संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लखीमपुर की जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ आला अधिकारयो के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरिआथियो की फरियाद सुनी गई। इस अवसर पर आये हुये जरूरतमंद फिरादियों को गोला उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने उन्हे कंबल विवरण किया।संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आई कूल फरियाद 61 जिसमे से राजस्व की कुल राजस्व की सात सिकायतो को मौके पर निस्तारण किया गया ।जबकि पुलिस की आई पांच सिकायतो के सहित 54 सिकायतो को निस्तारण करने के लिये सक्षम अधिकारियो को अग्रसारित किया गया।इस दौरान लखीमपुर से आये हुये अधिकारियो के सहित गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी ,गोला प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह, तहसीलदार भीमचंद्र, सहित तमाम सरकारी अमला मौके पर मौजूद रहा।

## 'परिवार परामर्श केन्द्र' में काउन्सलरों के सहयोग से महिला उत्पीडन के 11 मामलों का हुआ सुलह से निस्तारण



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शनिवार को पुलिस लाइन स्थित 'परिवार परामर्श केंद्र' में परामर्शदाताओं व केन्द्र की महिला आरक्षियों द्वारा सुलह समझौते का अभियान चला कर टूटते परिवार को पुनः दाम्पत्य सम्बन्धों में जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है ! बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र के काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी, सुश्री क्षमा टंडन, सुश्री कुसुम गुप्ता व महिला आरक्षी निकिता राठौर, मेहा सिंह के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं मामलों में बैठक कर परिवारों के विघटन को रोकने का काम परामर्श के द्वारा किया जाता है , इसी क्रम में काउन्सलरों की उपस्थिति में 22 प्रार्थनापत्रों में काउंसलिंग की गई जिसमें 11 जोड़े पति-पत्नी साथ रहने के लिए सहमत हुए ,05मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने का समय दिया गया है,व न्यायालय में 06 मामले लम्बित होने के कारण सुलह नहीं हो सकी है,मिशन शक्ति के अन्तर्गत इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं और उनके साथ आये पारिवारिक जनो को हेल्प लाइन नम्बर व महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया है।

# एआरटीओ के नेतृत्व में चला विशेष अभियान, नियम तोड़ने वाली बसों से 78 हजार का शमन शुल्क वसूला

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

- सीट क्षमता और इमरजेंसी गेट में गड़बड़ी पर कार्रवाई, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने संभाला मोर्चा
- शीत ऋतु में हादसों पर लगाम लगाने उतरा परिवहन विभाग, एआरटीओ के नेतृत्व में अनाधिकृत बसों पर कार्रवाई



पीलीभीत। घने कोहरे और शीत ऋतु के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका को देखते हुए जनपद पीलीभीत में परिवहन विभाग द्वारा यात्री वाहनों की सघन जांच का विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान शुक्रवार एवं शनिवार को एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में संचालित किया गया, जिसमें यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों की गहन पड़ताल की गई। सीट क्षमता, इमरजेंसी गेट व ओवरलोडिंग पर विशेष नजर अभियान के दौरान विभिन्न मार्गों से गुजर रही कुल 18 यात्री बसों की जांच की गई। इस दौरान बसों की निर्धारित सीट क्षमता, संरचनात्मक स्थिति, आपातकालीन निकास द्वार (इमरजेंसी गेट), ओवरलोडिंग सहित अन्य सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान तीन बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक अतिरिक्त सीटें लगी पाई गई, जो मोटर वाहन नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। वहीं एक बस में इमरजेंसी गेट के स्थान पर सीट लगाए जाने जैसी गंभीर लापरवाही सामने आई। इन सभी बसों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त चार अन्य बसों में निर्धारित सीमा से अधिक सवारियां बैठाई गई थीं, जिस पर संबंधित बसों के विरुद्ध भी नियमानुसार चालान किया गया।

**78 हजार का शमन शुल्क वसूला**

परिवहन विभाग की इस सख्त कार्रवाई के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों से कुल 78,000 (अठहत्तर हजार रुपये) का शमन शुल्क वसूला गया। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। शीत ऋतु के दौरान इस प्रकार के सघन चेकिंग अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे, तथा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन स्वामियों एवं चालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### तकनीकी निरीक्षण कर भेजी गई विस्तृत रिपोर्ट

नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों का संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) द्वारा तकनीकी निरीक्षण कराया गया। बसों में किए गए अवैध संरचनात्मक परिवर्तनों की विस्तृत रिपोर्ट संबंधित जनपदों के परिवहन कार्यालयों को भेजी गई, जिससे आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### एलपीजी सिलेंडर ले जाने पर भी रही पैनी नजर

चेकिंग अभियान के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि किसी भी यात्री द्वारा एलपीजी सिलेंडर अथवा अन्य ज्वलनशील पदार्थ का परिवहन न किया जा रहा हो, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को समय रहते रोका जा सके। इस विशेष अभियान में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के साथ यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी श्रीमती बर्डिस चतुर्वेदी तथा संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) वैभव सोती ने सक्रिय भूमिका निभाई। अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा पूरे अभियान के दौरान नियमों के पालन पर कड़ी निगरानी रखी गई।

# लोगों को न्याय एवं राहत प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**




आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से मंडलायुक्त झांसी मण्डल झांसी विमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में तहसील उरई के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों को न्याय एवं राहत प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों को समय सीमा निर्धारित करते हुए शीघ्र समाधान के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेंशन, आवास, राशन कार्ड तथा विद्युत से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। मण्डलायुक्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को पूरी गंभीरता से समझते हुए समाधान किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में बार-बार शिकायतें आ रही हैं, उनमें विशेष ध्यान देते हुए स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि जनता को अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। मण्डलायुक्त ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस शासन और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु है, जिसके माध्यम से प्रशासन को जमीनी स्तर की वास्तविक समस्याओं की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, सीओ अर्चना सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भिटौरिया आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### नकटेला पुलिया पर ट्रक कोहरे के चलते अनियंत्रित होकर खाई में पलटा

**कोंच (जालौन)।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के तूमरा गांव के पास नकटेला पुलिया पर रावतपुरा मेले में झूला का सामान ले जा रहा एक ट्रक शनिवार दोपहर 1.30 बजे कोहरे के चलते अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। वही हादसे के बाद मौके पर अफ्रा तफ्री मच गई, हालांकि इस हादसे में ट्रक चालक और परिचालक बाल बाल बच गए, जिन्हें मामूली रूप से छोटे आई हैं। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला कोंच कोतवाली क्षेत्र के नदीगांव रोड स्तिथ तूमरा गांव के पास नकटेला पुलिया का है, जहां रावतपुरा के मेला में झूला का सामान लादकर ले जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। यह हादसा घने कोहरे के चलते हुआ है, फ़िलहाल इस हादसे में ट्रक चालक और बाल बाल बच गए और उन्हें मामूली रूप से छोटे आई हैं। फ़िलहाल इस घटना के बाद मौके पर अफ्रा तफ्री का माहौल बना हुआ है और सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है, वहीं क्रेन की मदद से खाई में ग्रेट ट्रक को निकाला जा रहा है।

# घने कोहरे में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क



**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने घने कोहरे एवं शीतलहर की स्थिति को देखते हुए प्रातः राष्ट्रीय राजमार्ग एनएचएआई-27 का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से वाहनों पर संकेतक, रिफ्लेक्टर एवं रेडियम स्ट्रिप्स लगाए गए तथा वाहन चालकों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर वाहन चालकों से कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाने, फॉग लाइट का उचित प्रयोग करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, ऐसे में सतर्कता ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जनपद के अन्य प्रमुख मार्गों पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता के अनुसार चेतावनी बोर्ड, संकेतक एवं प्रकाश व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर एआरटीओ सुरेश कुमार, यातायात पुलिस, एनएचएआई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# मीटर बदलने के नाम पर बुजुर्ग ने अवैध वसूली का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस । कोंच (जालौन)**

कोंच नगर क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर में बिजली विभाग की कथित तानाशाही का मामला सामने आया है। यहां एक बुजुर्ग उपभोक्ता से खराब बिजली मीटर बदलने के नाम पर अवैध रूप से ?1000 की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस मामले से परेशान होकर बुजुर्ग उपभोक्ता ने शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर समाधान दिवस प्रभारी से शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी रामस्वरूप राठौर पुत्र रामनाथ का बिजली कनेक्शन है, जिसका मीटर काफी समय से खराब पड़ा हुआ है। उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से मीटर बदलवाने की मांग की, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित उपभोक्ता का आरोप है कि बीती 17 दिसंबर को बिजली विभाग से जुड़े एक मोबाइल नंबर से उनके पास फोन आया, जिसमें कहा गया कि यदि रू.1000 दे दिए जाएं तो उनका मीटर तुरंत बदल दिया जाएगा। रामस्वरूप राठौर ने बताया कि वह एक बुजुर्ग व्यक्ति हैं और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इतनी राशि देने में असमर्थ हैं। पैसे न देने की वजह से विभाग द्वारा जानबूझकर मीटर नहीं बदला जा रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर किसान की निर्मम हत्या, गांव में दहशत

**जन एक्सप्रेस । रामपुरा (जालौन)।**



खेत पर फसल में खाद डालने गए किसान की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष रामपुरा व सीओ माधौगढ़ पहुंचे इसके बाद एसपी ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिजनों से भेंट कर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

मिली जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छौना निवासी वीरेंद्र पुत्र रामसनेही दोहरे (उम्र लगभग 58 वर्ष), जो मजदूरी के साथ-साथ छोटे किसान थे, शुक्रवार की शाम गांव से करीब दो किलोमीटर दूर हार के तालाब के पास स्थित अपने खेत पर फसल में खाद डालने गए थे। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रात करीब 8 बजे उनका शव खेत के पास फूस से बनी झोपड़ी के नजदीक पड़ा मिला। शव की हालत अत्यंत भयावह थी, उनकी गर्दन किसी धारदार हथियार से काटी गई थी।

हत्या की खबर मिलते ही गांव और आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर रामपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी गुड्डी देवी ने बताया कि 19 दिसंबर की शाम करीब 6.30 बजे वह अपने पति वीरेंद्र को खेत पर छोड़कर घर लौटी थीं।

उस समय गांव का ही निवासी अखिलेश पुत्र रामभजन कुल्हाड़ी के साथ उनके पति के पास मौजूद था। देर रात जब वीरेंद्र घर नहीं लौटे तो खोजबीन की गई, जिसके बाद उनका शव खेत में मिला। घटना के बाद से ही अखिलेश गांव से फरार बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार मृतक के पांच पुत्र और एक पुत्री हैं, जिनमें दो पुत्रों व पुत्री का विवाह हो चुका है। आर्थिक तंगी के चलते परिवार के भरण-पोषण के लिए सभी पुत्र दिल्ली और गुरुग्राम में मजदूरी करते हैं। घटना के समय घर पर केवल पत्नी ही मौजूद थी।

इस संबंध में क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अम्बुज यादव ने बताया कि ग्राम छौना में किसान वीरेंद्र यादव का गर्दन कटा शव मिला है। तहरीर और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा दोषी अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने घटना के दोषी को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

# अंडा में रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी के खेत पर दबंग का कब्जा

**जन एक्सप्रेस । कोंच (जालौन)**

कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम अंडा में दबंगई का गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक दबंग व्यक्ति द्वारा रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी के खेत पर अवैध कब्जा कर फसल बोने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित ने मामले को लेकर शनिवार दोपहर करीब 2 बजे संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर एसडीएम से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार बरोदा खुर्द गांव निवासी परमेश्वरी दास पुत्र रामदास जो वर्तमान में कोंच के मोहल्ला सुभाष नगर में निवास करते हैं, का खेत ग्राम अंडा मौजा में स्थित है। पीड़ित का आरोप है कि 19 दिसंबर को दोपहर करीब 1 बजे जब वह अपने खेत पर पहुंचे तो देखा कि गांव के ही दबंग व्यक्ति मनीष पुत्र भागवत ने उनके खेत पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। आरोप है कि दबंग ने खेत को बखर कर जोत दिया और उसमें गेहूं की फसल भी बो दी। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया और कब्जे के बारे में पूछा तो आरोपी ने अपनी लाइसेंसी बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और झगड़ा करने पर आमादा हो गया। इस घटना से पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है। पीड़ित रिटायर्ड कर्मचारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र सौंपते हुए खेत को कब्जा मुक्त कराने और आरोपी दबंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# श्री तात्विक आयुर्वेद संस्कृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में अटल स्मृति सम्मान समरोह आयोजित

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



श्री तात्विक आयुर्वेद संस्कृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में शनिवार को कस्बे के कैलाश बाबू तिवारी गेस्ट हाउस हरपालपुर में अटल स्मृति प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र की अलग-अलग विधाओ की एक दर्जन से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र, अंग वस्त्र तथा रुद्राक्ष का पौधा भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा पिछली सरकारें सिर्फ वादा किया करती थी। जबकि मोदी सरकार में लोगों के सपनों को साकार करने का अवसर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं का सम्मान कर युवा पीड़ित को प्रगति के लिए प्रेरित किया जा सकता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कहा ग्रामीण पिछड़े क्षेत्र में एनजीओ के माध्यम से प्रतिभाओं कोई सम्मानित करना गर्व की बात है। क्षेत्र के अलग-अलग विधाओं में लोगों ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के आयोजक संस्था के अध्यक्ष विपिन शुक्ला, मणिप्रिया रिमझिम सायका,डा रामबाबू द्विवेदी,विनीत द्विवेदी, डॉ रजनीश त्रिपाठी, महेश मिश्रा, श्याम मनोहर शुक्ला अवधनरेश तिवारी, गजेंद्र सिंह चौहान रहे।

### यह लोग किए गए सम्मानित

आदर्श ग्राम प्रधान अंजना त्रिपाठी, खेल क्षेत्र से दक्ष पांडेय, निशानेबाजी से विशाल गौर, वैदिक गणित क्षेत्र से प्रिंस चौहान, धनुर्विद्या क्षेत्र से अनिल शुक्ला, प्रगतिशील किसान अजीत प्रताप सिंह, शिक्षा क्षेत्र से शिल्पा, अश्वनी कुमार, स्वास्थ्य क्षेत्र से कुमारी अलका दीक्षित तथा एयरफोर्स में चयनित दीपांजलि राजपूत को सम्मानित किया गया।

### जवानों व उनके परिवारों को मिलेगा शिक्षा में विशेष लाभ

**मथुरा।** टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी एईएसएल ने भारतीय सेना के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य सेना के कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण को समर्थन देना है। इसमें वर्तमान में सेवा दे रहे सदस्य, सेवानिवृत्त सैनिक, गैलेंट्री पुरस्कार विजेता, दिव्यांग कर्मी तथा ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सैनिकों के परिवार शामिल हैं। इस एमओयू के तहत, एईएसएल देशभर में स्थित अपने सभी केंद्रों और शाखाओं में प्रवेश लेने वाले भारतीय सेना के विद्यार्थियों को विशेष लाभ प्रदान करेगा। यह समझौता भारतीय सेना के कर्नल, सेरेमोनियल एंड वेलफेयर 3 एवं 4 और एईएसएल के डॉ. यश पाल, चीफ़ अकैडमिक एंड बिज़नेस हेड, दिल्ली-एनसीआर ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत एईएसएल देशभर में अपने सभी केंद्रों पर सेना से जुड़े विद्यार्थियों को विशेष रियायतें और छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध कराएगा। इसके अंतर्गत सिर्फ़ रजिस्ट्रेशन फ़ीस देनी होगी, ड्यूटी के दौरान शहीद हुए कर्मियों के बच्चों के लिए बाकी सभी फ़ीस में 100प्रतिशत छूट है। 20प्रतिशत से ज़्यादा विकलांगता वाले कर्मियों और वीरता पुरस्कार पाने वालों के बच्चों के लिए 100प्रतिशत ट्यूशन फ़ीस माफ़ है।

# पात्र लोगों को आयुष्मान, राशन, सुमंगला व बाल सेवा योजना का लाभ दिलायें : डीएम

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



शनिवार को तहसील सवायजपुर में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनुनय झा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजना आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना एवं पेंशन आदि योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारी लाभान्वित करायें।

उन्होने नगर निकाय के ईओ को निर्देश दिये भीषण ठंढ के दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य-मुख्य चौराहों, बस स्टाप, रैन बसेरा, अस्पताल एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों के पास प्राथमिकता पर अलाव जलवायें ताकि आने-जाने एवं आम जनमानस को राहत मिले और खण्ड विकास अधिकारी आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायतों एवं ग्रामों में अलाव जलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आपसी भूमि विवाद शिकायतों के संबंध में डीएम ने राजस्व विभाग के कानूनगों एवं लेखपालों को निर्देश दिये। इन प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गांव में जाकर ग्राम प्रधान, सचिव, अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं स्वयं की उपस्थित में दोनों पक्षों की सहमति अनुसार निष्पक्ष करायें।

सरकारी एवं गरीबों की भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि भूमि पर अवैध कब्जों के प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित थाने की पुलिस के सहयोग से समस्त सरकारी एवं गरीबों की भूमि कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत, राशन, पेंशन आदि विभाग की शिकायतों के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय पर करायें और निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता का उपलब्ध कराये। इस अवसर पर डीएम ने एक विकंलाग को कम्बल प्रदान किया तथा अंत्योदय कार्ड बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीएमओ डा0 भावनाथ पाण्डे, डीएफओ जेबी शेंडे, एसडीएम मंयक कुण्डू व तहसीलदार विनोद कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, ईओ, सीडीपीओ, थानाध्यक्ष एवं फरियादी आदि उपस्थित रहे।

### अवैध मिट्टी खनन में संलिप्त जेसीबी सहित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** बिलग्राम पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन व सरकारी वाहन को क्षति पहुंचाने के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए जेसीबी सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109(1)/324(4) बीएनएस व 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती 18 दिसंबर 2025 को बिलग्राम के खान अधिकारी श्री शिव दयाल सिंह द्वारा थाना बिलग्राम पर दी गई तहरीर में बताया गया कि अभियुक्त सुमित पुत्र संतराम निवासी ग्राम परसोला थाना बिलग्राम द्वारा अवैध रूप से मिट्टी का खनन कराया जा रहा था। इसी दौरान मिट्टी से भरे डंपर से खान विभाग की गाड़ी में टक्कर मार दी गई, जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई और वाहन को नुकसान पहुंचा। खनन अधिकारी की शिकायत पर थाना बिलग्राम में तत्काल खान एवं खनिज अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सुमित को अवैध खनन में प्रयुक्त एक अदद जेसीबी मशीन सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जेसीबी मशीन को धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# यह कॉलेज है, गुरूकुल नहीं : डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल की समाधान दिवस में शिकायत

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

स्थानीय बी.एन. डिग्री कॉलेज में तिलक लगाकर जाने वाले एक छात्र को प्राचार्य द्वारा तिलक लगाकर आने के लिए मना किया गया तो उसने संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी को शिकायत करके आपबीती बताई। इस प्रकरण के हाईलाइट होने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है। बी एन डिग्री कालेज में तिलक लगाने से जुड़ा एक मामला सामने आया है, जिसमें एक एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र अमित यादव ने कॉलेज के प्रधानाचार्य डाक्टर उमर पर तिलक लगाने को लेकर आपत्तिजनक व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाते हुए तहसील समाधान दिवस में उच्च अधिकारियों को तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि वह बी.एन.डिग्री कॉलेज शाहाबाद में अध्ययनरत है और जब वह नियमित रूप से तिलक लगाकर कॉलेज जाता है तो प्राचार्य द्वारा उसे तिलक हटाकर आने की बात कही गई। छात्र अमित यादव पुत्र रामनरेश का आरोप है कि प्राचार्य ने उससे कहा कि **यह बी.एन. डिग्री कॉलेज है, कोई गुरुकुल नहीं** जिससे वह मानसिक रूप से आहत हुआ। छात्र का कहना है कि इसी कारण वह एलएलबी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा फॉर्म नहीं भर पा रहा है,जबकि परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2025 निर्धारित है। प्राचार्य के कथित व्यवहार से आहत छात्र ने तहसील समाधान दिवस में तहरीर देकर मामले में वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। छात्र का कहना है कि शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार का व्यवहार उसकी धार्मिक आस्था और अधिकारों का हनन है।

# आशीष खंडेलवाल यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



उत्तर प्रदेश में पैरा स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, 10वीं यूपी स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप और पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025-26 का उद्घाटन शनिवार को बरेली के मेयर उमेश गौतम ने शहर के बीएल एग्रो स्टेडियम में किया। इस कार्यक्रम में बीएल एग्रो के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल, यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक और बीएल एग्रो के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष खंडेलवाल और पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया में पैरा-पावरलिफ्टिंग के चेयरमैन और यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के विशेष सदस्य जे.पी. सिंह मौजूद थे।

उत्तर प्रदेश के एथलीट ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर शानदार टैलेंट दिखा रहे हैं, और अपने गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। आज इस इवेंट में कई जाने-माने एथलीट अपने साथी खिलाड़ियों को प्रेरित और मोटिवेट करने के लिए मौजूद थे। खास मेहमानों में साक्षी कसाना (ओलंपियन, डिस्कस थ्रो), प्रीति पाल (पैरालंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट - पैरा एथलेटिक्स), सिमरन शर्मा (पैरालंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट - पैरा एथलेटिक्स), विनय (वर्ल्ड चैंपियन, गोल्ड मेडलिस्ट - 72 किलो जूनियर कैटेगरी), सुवर्णा राज (पैरा एथलीट और मेडलिस्ट - पावरलिफ्टिंग), ज़ैनब खातून (पैरा एथलीट और मेडलिस्ट - पावरलिफ्टिंग) शामिल थे। यू.पी. पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की देखरेख में यह चैंपियनशिप बरेली पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा बीएल एग्रो के सहयोग से आयोजित की जा रही है और इसमें राज्य के अलग-अलग जिलों के पैरा-एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। यह चैंपियनशिप 21 दिसंबर, 2025 तक चलेगी। सभा को संबोधित करते हुए, बरेली के मेयर उमेश गौतम ने पैरा-एथलीट्स के दृढ़ संकल्प और जुझारूपन की तारीफ़ की और दिव्यांग एथलीट्स को सशक्त बनाने वाले समावेशी खेल मंच बनाने के महत्व पर ज़ोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने बीएल एग्रो को पिछले साल बरेली में पैरा-ओलंपिक स्टेट चैंपियनशिप की शानदार शुरुआत करने और बरेली शहर को पहचान दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का अच्छे से ख्याल रखा जा रहा है। बीएल एग्रो ग्रुप अपने सी एस आर फंड का ज़्यादातर हिस्सा इन बच्चों पर लगा रहा है। बीएल एग्रो ग्रुप इन बच्चों को पूरी दुनिया में राष्ट्रीय झंडा फहराने के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे ओलंपिक पदक विजेताओं से प्रेरणा लेंगे।

# समाधान दिवस में सीडीओ ने सुनी शिकायतें, 5 शिकायतें निस्तारित

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

शाहाबाद तहसील मुख्यालय पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस और राजस्व से संबंधित 74 शिकायतें आईं जिनमें से मात्र पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ सान्या छाबड़ा ने की। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने बड़ी संख्या में आए हुए फरियादियों को सुना और उनकी शिकायतों को सुनने के बाद संबंधित विभागीय अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप जांच कर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा ने कहा संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप ही सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य करना है। शिकायतों के निस्तारण से पहले अधिकारी और कर्मचारी मौके पर जाकर जांच करें और उसके बाद ही शिकायतों का निस्तारण करें। इस अवसर पर एसडीएम अंकित तिवारी, क्षेत्राधिकारी आलोक राज नारायण, तहसीलदार संध्या यादव, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह सहित समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# ठंड का कहर : डीएम ने आधी रात रैन बसेरों और अलावों व्यवस्था का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज



जनपद में लगातार बढ़ रही ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बीती रात रैन बसेरों एवं अलाव की व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गूगल मीट के माध्यम से मौके से जुड़कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, अधिशासी अधिकारियों सहित तहसीलों एवं नगर निकायों के कर्मचारियों को तत्काल मौके पर भेजकर रैन बसेरों और अलाव की स्थिति का आकलन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद के प्रत्येक गांव में न्यूनतम एक स्थान पर अलाव अनिवार्य रूप से जलाया जाए। साथ ही नगर निकायों के सभी वार्डों में प्रमुख स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अस्पतालों, बस एवं रेलवे स्टेशनों, रैन बसेरों, टैक्सी स्टैंडों तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर 24 घंटे अलाव जलाने की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त उपजिलाधिकारी स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का नियमित पर्यवेक्षण करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जरूरतमंदों को तत्काल कंबल वितरण सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

रैन बसेरों की सुविधाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वहां ठहरने वाले लोगों को स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, प्रकाश, गर्म पानी एवं सुरक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद महाराजगंज के रैन बसेरे में ठहरे यात्रियों से संवाद किया। यात्रियों ने रैन बसेरे में उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति ठंड में न सोए, यह प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। ठंड से किसी भी निराश्रित, जरूरतमंद अथवा यात्री को असुविधा न हो, इसके लिए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

जिलाधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जनपद में अब तक कुल 414 स्थानों पर अलाव जलाए जा चुके हैं तथा 1739 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरे शीतकाल में व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जाए और आवश्यकता अनुसार संसाधनों में वृद्धि की जाए।

## हत्या के प्रयास के चार आरोपी गिरफ्तार, जेल

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले के फतनपुर थाना इलाके के बीरापुर बाजार में सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर हुए दो पक्षों के विवाद में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके के बीरापुर निवासी ईश्वर चंद्र जायसवाल शुक्रवार शाम बीरापुर बाजार में बिजली के खंभे पर सीसीटीवी कैमरा लगवा रहे थे। इसी दौरान खंभे के नजदीक निवासी डॉ. रवि जायसवाल से किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। थोड़ी ही देर में दोनों पक्ष से लोग इकट्ठा हो गए और कहासुनी के बाद हाथापाई होने लगी। इस दौरान दोनों पक्ष से ईंट पत्थर व लाठी डंडे चलने लगे। दोनों पक्ष से तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराते हुए घायलों का सीएचसी गौरा में भर्ती करवाते हुए घायलों का इलाज कराया। विवाद को लेकर दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट एवं जानलेवा हमले व पत्थरबाजी के संबंध में मिली तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा प्रथम पक्ष के चार नामजद एवं बारह अज्ञात तथा द्वितीय पक्ष के छः नामजद एवं बीस अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। फतनपुर पुलिस ने सोनू जायसवाल, भोला जायसवाल, रिषभ जायसवाल व गुलाबचन्द्र समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# वार्षिक खेल महोत्सव सम्पन्न, एसपी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित




जन एक्सप्रेस । महाराजगंज

पंडित दीन दयाल इंटरमीडिएट कॉलेज, महराजगंज में शनिवार को वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेंद्र मीना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। खेल महोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दौड़, कबड्डी, खो-खो सहित अन्य खेलों में खिलाड़ियों का जोश और प्रतिस्पर्धा दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि एसपी सोमेंद्र मीना ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक मजबूती, अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से सीखे गए संस्कार जीवन में सफलता की मजबूत नींव रखते हैं। इस अवसर पर एसपी द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं की सराहना की गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन विरेंद्र सिंह, कॉलेज प्रबंधक विजय बहादुर सिंह, शमशुल हुदा खान, दुर्गेश सिंह, इंजीनियर विवेक सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन से पुलिस और समाज के बीच आपसी सौहार्द और विश्वास और मजबूत हुआ।

# धर्म परिवर्तन और अंधविश्वास फैलाने के आरोप में चार पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज




पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुअवा शुक्ल (पांडेय टोला) में प्रार्थना सभा की आड़ में अंधविश्वास फैलाने और धार्मिक विद्वेष पैदा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके से संदिग्ध सामग्री बरामद करते हुए चार नामजद समेत कुछ अज्ञात महिलाओं के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पनियरा पुलिस प्रशासन को सूचना मिली कि महुआवा शुक्ल निवासी अंगद हरिजन, जो पेशे से ऑटो चालक है, उसके घर पर कुछ बाहरी व्यक्तियों द्वारा धार्मिक उन्माद और विद्वेष फैलाने का कार्य किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की तो अंगद हरिजन के बेटे के जन्मदिन का बहाना बनाकर आसपास की सीधी-साधी महिलाओं और ग्रामीणों को एकत्र किया गया था। इस भीड़ के बीच कुछ व्यक्ति अंधविश्वास फैला रहे थे कि ईसा मसीह की प्रार्थना करने से कैंसर जैसे असाध्य रोग और जादू-टोना की समस्याएँ पूरी तरह ठीक हो जाएंगी।

इस दौरान पुलिस ने घर के अंदर से कुछ संदिग्ध धार्मिक सामग्री और प्रचार पत्र भी बरामद की हैं। बताया गया कि आरोपियों द्वारा पिछले कई दिनों से इलाके के अनपढ़ और गरीब लोगों को बरगलाया जा रहा था। इस गतिविधि के कारण गाँव के अन्य समुदायों में आक्रोश और तनाव व्याप्त हो गया था। मामले में पुलिस ने अमित माइकल निवासी बसारतपुर जनपद गोरखपुर, मनोज कुमार निवासी मुन्शीपूरा जनपद मऊ, अंगद निवासी महुअवा शुक्ल थाना पनियरा, अर्जुन निवासी नंदना शिवपुर थाना घुघली और अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक की तहरीर के आधार पर नामजद और अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(1)(b) और 61(2)(b) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मौके से बरामद सामग्री को कब्जे में ले लिया गया है, अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एसडीएम और सीओ सिटी ने सुनी जनता की फरियाद, दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले के सदर तहसील में शनिवार को समाधान दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनी गई। समस्याओं के तुरंत निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज व एसडीएम सदर नैंसी सिंह द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ जनसुनवाई के दौरान आमजनमानस की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। एसडीएम सदर नैंसी सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए और किसी भी मामले में लापरवाही न बरती जाये। वहीं सीओ प्रशांत राज ने कहा कि अपराध और सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाया जाएगा और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना, प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखना और सरकारी सेवाओं को जनहित के अनुरूप पहुँचाना है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज



जनपद के फरेंदा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उनके समक्ष लगभग 130 जनशिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए जिलाधिकारी ने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण स्वयं के पर्यवेक्षण में कराएं तथा उसकी नियमित निगरानी करें। अंतिम आख्या प्रस्तुत करने से पूर्व शिकायतकर्ता से संवाद अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके साथ ही आख्या के साथ स्पॉट मेमो संलग्न करने के भी निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस पर हेल्प डेस्क, आयुष्मान डेस्क, आयुष स्वास्थ्य शिविर एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया। हेल्प डेस्क के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों का पंजीकरण भी कराया गया।

अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवधि में अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही 'प्रशासन आपके द्वार' अभियान के तहत गांवों में गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीकांत शुक्ला, एसडीएम शैलेन्द्र गौतम, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, तहसीलदार फरेंदा वशिष्ठ, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने सुनी शिकायतें, आठ का मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की कुण्डा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शनिवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी के सामने कुल 228 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुए। जिनमें से राजस्व विभाग की पांच व पुलिस विभाग की तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। कुल 228 शिकायतों में से 95 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 75, विकास विभाग से 11, समाज कल्याण से 05, शिक्षा से 04, स्वास्थ्य से 02 एवं 36 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता लल्लू निवासी बिहरिया ने शिकायत किया कि प्रार्थी की भूमिधरी जमीन पर विपक्षीगण अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, जब प्रार्थी अवैध कब्जा हटाने की बात करता है तो विपक्षीगण देवादीन यादव, वृजेश यादव, हीरा लाल यादव, मेवालाल यादव आदि लोग अपने घर की महिलाओं को भेजकर लड़ाई-झगड़ा करने पर उतारू हो जाते है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कुण्डा को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर शिकायत का निस्तारण कराया जाये। डीएम ने प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं की मौके पर जाकर जांच करते हुए उसका यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये गये। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। इस दौरान एएसपी पश्चिमी बृज नन्दन राय, उपजिलाधिकारी कुण्डा वाचस्पति सिंह, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक प्रमुख को सैकड़ों लोगों ने दी जन्मदिन की बधाई

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले के मंगरौरा विकासखण्ड के ब्लॉक प्रमुख राजीव प्रताप सिंह उर्फ नंदन का जन्मदिन सदर बाजार स्थित उनके आवास (गांधी निवास) पर शनिवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें उपहार देते हुए उन्हें बधाई दी। ब्लाक प्रमुख के शुभचिंतकों ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। चेयरमैन पट्टी अशोक जायसवाल, चेयरमैन कोहंडौर प्रतिनिधि किशन सोनी, अरुण प्रताप सिंह उर्फ विशाल कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रमुख मंगरौरा राजीव प्रताप सिंह उर्फ नंदन अपने मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने ब्लॉक प्रमुख को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, प्रतिमाएं देते हुए माल्यार्पण कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित सदस्यों ने केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर अजय सिंह, महेंद्र पांडेय, विशाल सिंह, अमन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नेपाल : 17 लाख की मोबाइल कवर और टेंपर्ड ग्लास पुलिस ने किया बरामद

जन एक्सप्रेस । बरगदवा/महराजगंज



पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में पुलिस प्रशासन ने मुखबिर की सूचना पर पालहीनंदन गांव पालिका हरपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल एसेसरीज से जुड़े टेंपर्ड ग्लास और मोबाइल कवर की भारी खेप बरामद की है। जब्त किए गए सामानों की अनुमानित कीमत करीब 17 लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से सीमावर्ती इलाकों के सक्रिय तस्करों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस ने सभी बरामद सामग्रियों को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए महेशपुर भंसार कार्यालय (कस्टम विभाग) को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सीमावर्ती इलाके में सक्रिय तस्करों द्वारा यह टेंपर्ड ग्लास और मोबाइल कवर भारतीय सीमा क्षेत्र से अवैध रूप से तस्करी कर नेपाल भेजे गए थे। इस संबंध में सशस्त्र पुलिस बल के सूचना अधिकारी एवं डीएसपी गोविंद बहादुर केसी ने बताया कि अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए सीमा क्षेत्र में निगरानी और गश्त को और कड़ा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि तस्करी के विरुद्ध इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चार शातिर चोर पुलिस गिरफ्त में, लाखों का माल बरामद

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की मानिकपुर पुलिस व विशेष टीम ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। चारों के पास से पुलिस ने लाखों रुपये के चोरी का माल व धारदार हथियार के साथ ही चार मोटरसाइकिलें भी बरामद की है। बता दें कि थाना इलाके के खानकाह निवासी शाह आरिफ आलम ने तहरीर देते हुए बताया कि बीते चौदह दिसम्बर को वह अपने परिवार के साथ प्रयागराज गया हुआ था। घर पर उसकी पत्नी एवं छोटे बच्चे मौजूद थे। रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे कुछ अज्ञात चोरों ने परिजनों को डराकर धमकाकर घर में चोरी की। चोरों ने कमरे में रखा लोहे का बक्सा जिसमें कपड़े, सोने-चांदी के आभूषण एवं नकद रुपया रखा था उसे चुरा लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। एसपी दीपक भूकर द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटना स्थल से साक्ष्य संकलन, तकनीकी जानकारी व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अभियुक्तों की शिनाख्त एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उसी क्रम में चोरी के अभियोग से संबंधित चार अभियुक्तों को थाना इलाके के बिटियन मेला ग्राउण्ड के पास से शनिवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त तस्लीम, रेहान, सैय्यद फरीदुद्दीन उर्फ फहद व मोनू रायबरेली जिले के गदागंज थाना इलाके के जलालपुर धई गांव के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अलग अलग मामलों में पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि बीते चौदह दिसम्बर को खानकाह गांव में गिरोह बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिए थे। अभियुक्तों ने यह भी बताया कि चोरी की गई संपत्ति को उन्होंने बिटियन ग्राउंड में छिपा दिया था तथा आज पुनः चोरी की संपत्ति के बंटवारे एवं एक अन्य चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से एकत्र हुए थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया। पूछताछ में यह तथ्य स्पष्ट हुआ कि अभियुक्तगण एक संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्य हैं, जो एकांत एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के घरों को निशाना बनाकर चोरी, लूट एवं डकैती की घटनाएं करते हैं। पुलिस ने चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

## थाना प्रभारी ने जरूरतमन्दों को वितरित किया कम्बल

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले के कोहंडौर थाना प्रभारी धनंजय राय ने शनिवार शाम को थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। कड़ाके की ठंड और सर्द हवाओं के बीच उन्होंने सड़क किनारे झुग्गी-झोपड़ी में जीवन यापन कर रहे परिवारों को सर्दी से राहत पहुंचाने की थाना प्रभारी के इस पहल की इलाके के लोग सराहना कर रहे हैं। कंबल वितरण अभियान कोहंडौर बाजार के कांधरपुर मोड़, कस्बा, स्टेशन रोड, हथसारा गांव में अनाथ बच्चों के घर पर पंहुचकर तथा अन्य स्थानों पर चलाया गया। थाना प्रभारी धनंजय राय ने स्वयं इन जगहों पर पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों, लोंगो को कंबल प्रदान किए। इस दौरान थाना प्रभारी धनंजय राय, सिपाही मनीष यादव, पुष्पेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। धनन्जय राय इसके पहले भी क्षेत्र में अक्षम व जरूरतमंद लोगों के बीच त्योहार पर उपहार व सामान देते हुए चर्चा में आये थे।

# जिला उद्यान अधिकारी ने बताया आलू की फसल को रोग से बचाने का उपाय

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में शनिवार को जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि रबी मौसम में आलू की अगेती फसल किसानों के लिए मुनाफे का सौदा होती है, लेकिन जरा से लापरवाही होने पर आर्थिक नुकसान पड़ जाता है। जिन किसानों ने आलू की खेती की है, उन्हें इस समय ठंड बढ़ने के साथ-साथ पाला एवं झुलसा रोग का खतरा सताने लगता है।


ऐसे में किसान भाईयों को समय रहते जरूरी बचाव करते हुए फसल का उपचार करने की आवश्यकता है। आलू की फसल में झुलस रोग फाइटोब्योरा नामक फफूंद से होता है। इस रोग में पौधों की पत्तियां सिरे से झुलसने लगती है। प्रभावित पत्तियों पर भूरे एवं काले रंग के धब्बे बनते है जो तीव्र गति से ऊपर की ओर फैलते जाते है। इसमें 3 से 4 दिनों के अन्दर ही सम्पूर्ण फसल नष्ट हो जाती है।रोग के प्रभाव से आलू के कन्दों का आकार छोटा रह जाता है। आलू की अच्छी पैदावार लेने के लिए अगेती व पिछेती झुलसा का नियन्त्रण करना बेहद जरूरी है। रोग के नियन्त्रण के लिए किसान भाई मेटालाक्सिल 4 प्रतिशत तथा मैंकोजेब 64 प्रतिशत या कारवेन्डाजिम 12 प्रतिशत तथा मैंकोजेब 63 प्रतिशत को 600 ग्राम तथा इमिडाक्लोरोपिड़ 17.8 प्रतिशत 150 मिली लीटर दवा को 150 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ की दर से 10-12 दिनों के अन्तराल पर दो छिड़काव करें। साथ ही फसल को पाले से बचाव हेतु खेत में यथा सम्भव नमी बनाए रखें, जिसके लिए नियमित अन्तराल पर हल्की सिंचाई करते रहे या खेत के चारों तरफ धुंआ करें।

# ककवन गढ़ेवा में झोपड़ी में भीषण आग

- बाल-बाल बचा परिवार, मासूम बच्चों ने भागकर बचाई जान
- एक साहीवाल गाय की जलकर मौत, पूरी गृहस्थी राख

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**





ककवन ,थाना ककवन क्षेत्र के ग्राम गढ़ेवा में मंगलवार को एक झोपड़ी में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में झोपड़ी में रह रहे प्रभात अग्निहोत्री (पुत्र ब्रजेश कुमार अग्निहोत्री) की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग इतनी तेज थी कि झोपड़ी में मौजूद छोटे-छोटे बच्चों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई मानव जनहानि नहीं हुई, लेकिन झोपड़ी में बंधी एक साहीवाल नस्ल की गाय की मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई।आग की चपेट में आकर खड़ी मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर राख हो गई, वहीं घर में रखा लगभग 2 कुंतल गेहूं और 2 बोरी धान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार पिछले करीब दो वर्षों से परिवार से अलग इसी झोपड़ी में रह रहा था। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक झोपड़ी और उसमें रखा सारा सामान जल चुका था।सूचना मिलने पर प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार ने आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है।

# कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने एआरटीओ प्रशासन की कार्यशैली पर लगाए गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आरटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्वांचल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने एआरटीओ प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी की मनमानी और अहंकारी कार्यशैली के कारण विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के संदर्भ में जब वे एआरटीओ प्रशासन से वार्ता के लिए कार्यालय पहुंचे, तो उनके साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया और कांग्रेस पार्टी का भी अपमान किया गया। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण पद पर आसीन होने के बावजूद संबंधित अधिकारी की कार्यशैली से विभागीय कर्मचारी भी असंतुष्ट हैं, किंतु भयवश खुलकर बोलने से कतरा रहे हैं। श्रीवास्तव का आरोप है कि एआरटीओ प्रशासन नियमित रूप से कार्यालय समय का पालन नहीं करतीं और सप्ताह में एक-दो दिन ही कार्यालय आती हैं। इस दौरान भी अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया जाता, जिसके कारण ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, पुनः पंजीकरण, वाहन स्थानांतरण जैसे आवश्यक कार्य बाधित हो रहे हैं। इससे आमजन को अनावश्यक दौड़-भाग और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने विभागीय मंत्री एवं उच्चाधिकारियों से एआरटीओ प्रशासन की कार्यशैली की निष्पक्ष जांच कराए जाने और प्रभावी कार्यवाही की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो जनहित के मुद्दे को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर विशेष रोल प्रेक्षक ने की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

- मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो व अधिकारियों के साथ जानी प्रगति

संयुक्त सचिव, युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय एवं विशेष रोल प्रेक्षक कुणाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीगण, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक के आरंभ में विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अवगत कराया गया कि अर्हता तिथि आगामी 01 जनवरी के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य जनपद में सतत रूप से प्रगति पर है। इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जानकारी दी कि जनपद में कुल 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 266 कुर्सी, 267 रामनगर, 268 बाराबंकी, 269 जैदपुर, 270 दरियाबाद एवं 272 हैदरगढ़ सम्मिलित हैं। जनपद में कुल 23,31,649 मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जिनके सापेक्ष अब तक 19,54,314 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में 1,32,025 मतदाता नो-मैपिंग की श्रेणी में हैं, जो कुल का मात्र 6.76 प्रतिशत है, जिसे न्यूनतम स्तर पर लाने हेतु सतत प्रयास किया जा रहा है।राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से संवाद के दौरान विशेष रोल प्रेक्षक ने कहा कि जनपद में नो-मैपिंग का आंकड़ा अन्य जनपदों की तुलना में कम होना अत्यंत सराहनीय है। इस पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अभियान की शुरुआत से ही लगातार प्रभावी, सक्रिय एवं प्रशंसनीय प्रयास किए गए हैं। प्रतिनिधियों ने बताया कि जिलाधिकारी स्वयं ऐसे बूथों का निरीक्षण करते रहे हैं, जहां अपेक्षाकृत प्रगति कम थी तथा मौके पर जाकर बीएलओ एवं आम जनमानस को प्रोत्साहित किया गया, जिससे कार्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बैठक के दौरान विशेष रोल प्रेक्षक द्वारा राजनैतिक दलों से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु सहयोग की अपेक्षा की गई तथा सुझाव, शिकायतें आमंत्रित की गईं। प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। विशेष रोल प्रेक्षक ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 26 दिसंबर के पूर्व मतदाताओं की मैपिंग न्यूनतम स्तर पर लाने का प्रयास किया जाए। साथ ही तार्किक भिन्नताओं की जांच बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के माध्यम से कराकर उन्हें न्यूनतम किया जाए तथा कमजोर प्रगति वाले बूथ लेवल अधिकारियों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

# ढाबा संचालकों को ढाबे के सामने खड़े होने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था करने के सख्त निर्देश



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**नवाबगंज।** हाईवे पर अवैध पार्किंग के चलते होने वाले सड़क हादसों को कम करने के लिए कोतवाली में शुक्रवार शाम ढाबा संचालकको के साथ कोतवाली प्रभारी ने एक बैठक की। जिसमें उन्हें ढाबों में पार्किंग व्यवस्था में ही वाहनों को खड़ा करने की सख्त हिदायत दी गई। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के राजमार्ग पर संचालित ढाबों के संचालकों के साथ शुक्रवार शाम अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने कोतवाली परिसर में बैठक की। जिसमें हाईवे पर बढ़ रहे सड़क हादसों के बारे में दिशा निर्देश दिए गए। कोतवाली प्रभारी ने ढाबा संचालकों को ढाबे के सामने खड़े होने वाले वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था करने के सख्त निर्देश दिए। ढाबा संचालकों को वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे राजमार्ग पर खड़े होने वाले वाहनों से सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। कोतवाली प्रभारी ने संचालकों को ढाबों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए कहा, जो की राजमार्ग की गतिविधियों को भी कवर करें। इस दौरान एसआई मोर मुकुट पांडेय, चौकी इंचार्ज नवाबगंज मुकुल दुबे सी जंक्शन सोनकर समेत पुलिसकर्मी व बड़ी संख्या में ढाबा संचालक मौजूद रहे।

# ‘परीक्षा पर चर्चा’ के जरिए दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में छात्रों का बढ़ा आत्मविश्वास

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**




बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के मानसिक दबाव को कम करने और उन्हें सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम ‘परीक्षा पर चर्चा’ की भावना को आत्मसात करते हुए एक विशेष शैक्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर योजनाबद्ध तरीके से अध्ययन करने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर एलेन करियर इंस्टीट्यूट, कोटा से आए विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को परीक्षा से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियाँ दीं। सीनियर कैंपस प्रिंसिपल अमित जोशी ने समय प्रबंधन और चरणबद्ध अध्ययन पर जोर देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास और धैर्य ही सफलता की कुंजी है। वहीं सीनियर फिजिक्स मेंटर मनोज मेहता ने उत्तर लेखन की तकनीक, सीमित शब्दों में सटीक उत्तर तथा मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करने के उपयोगी सुझाव दिए। सीनियर काउंसलर करण शुक्ला ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया, सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया गया। इससे विद्यार्थियों का मनोबल और उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में ओलंपियाड में ऑल इंडिया रैंक प्राप्त करने वाले छात्र संस्कार मिश्रा सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि एनसीईआरटी आधारित अध्ययन सामग्री और अनुभवी मार्गदर्शन के कारण विद्यालय का परीक्षा परिणाम निरंतर बेहतर हो रहा है। कार्यक्रम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ा और परीक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण बना।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कोर्ट में 22 को पेश होगा भोला प्रसाद जायसवाल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर कोडिनयुक्त कफ सिरप मामले में आरोपी भोला प्रसाद जायसवाल को 22 दिसंबर को जौनपुर न्यायालय में पेश किया जाएगा उसके बाद यहां की पुलिस उसे कस्टडी डिमांड में लेने के लिए आवेदन करेगी शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल को फर्म शैली ट्रेडर्स के जरिए जौनपुर जिले की कुल 12 फर्मों के जरिए करीब साढ़े 42 करोड रुपए का कारोबार किया गया है औषधि विभाग की जांच में पता चल रहा है कि इन फर्मों के नाम पर बिलिंग की गई है।

### किशोरी के दुष्कर्म का प्रयास का वांछित आरोपित गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव में एक युवक ने एक किशोरी के साथ दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले में वांछित अभियुक्त को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर दर्ज मुकदमे में चालान भेज दिया। क्षेत्र के दिपाईपुर गांव निवासी कथिक बिंद पुत्र अखिलेश बिंद के ऊपर गांव की ही एक किशोरी के साथ घर के अंदर घुस कर जबरदस्ती दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप पीड़िता के पिता ने तहरीर दे कर लगाया है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित युवक के विरूद्ध धारा 76,351,(1) भारतीय न्याय संहिता व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर शनिवार को कोतवाली निरीक्षक किरन कुमार सिंह, हमराहियों संग रसूलपुर गांव के समीप से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

### हनुमान मंदिर से लाउडस्पीकर की मशीन चोरी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन शेखपुर असरफपुर गांव के नहर पुलिया के पास स्थित हनुमान मंदिर से चोरों ने शुक्रवार की रात में दरवाजे का ताला रेतकर भीतर रखी लाउडस्पीकर की मशीन उठा ले गए। मंदिर के पुजारी चंद्रभान राजभर जब सुबह पूजा करने गए तो मंदिर के कमरे का ताला खुला पाये। अंदर देखे तो लाउडस्पीकर की मशीन नदारद थी। उन्होंने 112 नंबर पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल किया। पूजारी ने थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दिया है।

### पुत्र प्राप्ति के लिए पति ने रचा ली दूसरी शादी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर खुटहन सौरइयांपट्टी गांव निवासी एक विवाहिता ने थाने में तहरीर देकर अपने ही पति के खिलाफ चोरी से दूसरी शादी रचाने का आरोप लगाया है। जिसके आधार पर पुलिस ने पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पत्नी का आरोप था कि पुत्रोत्पत्ति न होने पर पति ने चोरी से दूसरा विवाह कर लिया है। विरोध करने पर उसने मारपीट कर घायल कर दिया। विवाहिता ज्योती देवी ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका विवाह लगभग 18 वर्ष पूर्व दिनेश गौतम पुत्र राजेन्द्र प्रसाद के साथ हुआ था। तब से हमारा पारिवारिक संबंध अच्छा चल रहा था, लेकिन कोई बच्चा नहीं हुआ। आरोप है कि इसी को लेकर मेरे पति ने चोरी से दूसरा विवाह कर लिया। शक होने पर जब छानबीन शुरू की तो पूरा मामला उजागर हुआ। आरोप है कि गत 18 दिसंबर को जब इसको लेकर पति से बातचीत कर विरोध करने लगी तो पति ने मारपीट शुरू कर दिया। लात घूंसो और डंडे से मारकर घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि मायके या पुलिस को सूचना देने पर जान से मार देने की धमकी भी दी गई है। आरोप के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### शीतलहर में प्रशासन का मानवीय चेहरा, तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए शासन के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने शुक्रवार को तहसील केराकत में आयोजित तहसील दिवस के दौरान जनसुनवाई के पश्चात जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और ठंड से बचाव के लिए किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि शीतलहर से बचाव के लिए जनपद में स्थानीय स्तर पर अलाव जलाने, कंबल वितरण एवं अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी जरूरतमंद खुले आसमान के नीचे ठंड में रहने को मजबूर न हो, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा एवं नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वहां ठहरने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से ठंड में घर से बाहर न निकलें। अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर जाएं और उचित ऊनी कपड़े पहनें। बाहर निकलते समय सिर, चेहरा, हाथ एवं पैरों को अच्छी तरह ढककर रखें। उन्होंने ठंड से बचाव के लिए गर्म पेय पदार्थों एवं पौष्टिक आहार के सेवन की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर राहत कार्यों को और तेज किया जाएगा।

# ग्राम प्रधान तारावती पाल ने बढ़ती कड़ाके की सर्दी को देखते हुए ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाए

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



जनपद के विकास खण्ड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिंघनापुर की ग्राम प्रधान तारावती पाल ने बढ़ती कड़ाके की सर्दी को देखते हुए ग्राम पंचायत के तीनो ग्रामों भिखारी खेड़ा करसेमऊ और सिंघनापुर के विभिन्न स्थानों और चौराहों पर गांव की जनता को सर्दी से राहत दिलाने हेतु सिंघनापुर में लवकुश रावत श्रीराम रावत रज्जन लाल रावत रमेश यादव विशेश्वर यादव रीना आशा बहू रामरूप रावत अंगद रावत के दरवाजे और भिखारी खेड़ा में भैया लाल रावत विनोद सिंह रामबिहारी लोधी छोटे लाल पाल के दरवाजे इसी तरह करसेमऊ में बिहारी लाल शर्मा विनोद कुमार गौतम राजेश रावत के दरवाजे और अमित रावत की दुकान के चौराहे सहित 16 स्थानों पर ट्रैक्टर ट्रॉली से लकड़ी अपने निजी धन से भिजवाकर अलाव जलवाया। जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान पुत्र पुत्तन लाल पाल ने बताया कि इस कार्य हेतु ग्राम पंचायत की निधि में कोई सरकारी धन शासन से नहीं प्राप्त होता है फिर भी परसेवा पर उपकार की भावना से अपनी गांव की जनता को सर्दी से राहत देने के लिए ग्राम प्रधान तारावती पाल ने अपने निजी धन से यह अलाव की व्यवस्था तब तक के लिए की है जब तक अधिक जाड़ा पड़ता रहेगा । चिंहित सभी स्थानों पर लकड़ियां पहुंचाने में श्यामू लोधी जगदेव रमेश यादव परमेश्वर सुजीत भईया लाल जगदीश यादव रामरूप सुजीत अम्बर अजीत सुभाष उमेश यादव करसेमऊ के राजेश रावत शिवम भिखारीखेड़ा के विंदा प्रसाद पाल रामबिहारी राजपूत लाल बहादुर रावत और मानसिंह ने सराहनीय सहयोग किया गया।

# वीवीआईपी स्कूल एवं वीवीआईपी धमार्थ हॉस्पिटल ने जरूरतमंदों को कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए बांटी रजाई



**जन एक्सप्रेस । बिठूर**

शिव शक्ति नगर बेला रोड चौबेपुर स्थित वीवीआईपी धर्मार्थ हॉस्पिटल और वीवीआईपी स्कूल के प्रधान सेवक डॉक्टर पुरुषोत्तम बाजपेई द्वारा कड़ाके की इस ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद सज्जनों को रजाई एवं चाय वितरण की गई। जिसमें बड़ी संख्या में माताओं, बहनों व बुजुर्गों ने रजाई एवं चाय स्वीकार कर धर्मार्थ हॉस्पिटल द्वारा उठाए गए इस तरह सराहनीय कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रधान सेवक डॉक्टर पुरुषोत्तम वाजपेयी, सचिव आदित्य वाजपेयी, ट्रस्टी आराध्य वाजपेयी, हॉस्पिटल प्रधान मनोज शुक्ला, स्कूल प्रिंसिपल अंकित वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल कैफ़ी काजमी, डिप्टी डायरेक्टर बीना दुबे, संदीप त्रिपाठी, अमन त्रिवेदी, अनुराग दुबे, विनय दीक्षित धर्मेंद्र तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्राओं को मिला सम्मान

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**




राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह, विशिष्ट अतिथि राजकीय माध्यमिक विद्यालय खलीलपट्टी के प्रधानाध्यापक उदयभान सिंह तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खखुआ की प्रधानाध्यापिका संधिला चौधरी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अपर्णा भारद्वाज ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख योजना ‘पंख’ के अंतर्गत पंख पुस्तिका का विमोचन किया गया तथा नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन भी सम्पन्न हुआ। सम्मान समारोह के अंतर्गत सत्र 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही निबंध, वाद-विवाद, नृत्य, गायन एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। विज्ञान, गणित, कला, गाइड तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें लक्ष्य के प्रति प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व अध्यापिका बच्ची देवी, बड़ी संख्या में अभिभावक तथा समस्त विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, लापरवाही पर कड़ा संदेश



- संयुक्त टीमों को मौके पर जांच कर त्वरित निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर तहसील सदर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0कौश्तुभ ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लंबित मामलों को तय समय-सीमा में निस्तारित करने पर विशेष जोर दिया गया। राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों में संयुक्त टीमों को मौके पर भेजकर निष्पक्ष जांच कराने तथा विवादों को समय रहते सुलझाने के निर्देश दिए गए। भूमि विवादों समेत अन्य संवेदनशील मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी चर्चा की गई। एसपी ने अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की हिदायत देते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय के लिए अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता, क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह, राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, तहसीलदार तथा संबंधित थानों के प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# नगर पंचायत कजगांव की बोर्ड बैठक में हंगामा, सभासदों का बहिष्कार, अध्यक्ष पर पक्षपात के गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर जिले के नगर पंचायत कजगांव कार्यालय में आयोजित बोर्ड बैठक उस समय विवादों में घिर गई, जब कई सभासदों ने बैठक का विरोध करते हुए बहिष्कार कर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान की अध्यक्षता में चल रही बैठक के दौरान सभासदों ने जमकर नाराजगी जाहिर की और अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। सभासदों का आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र के कुछ चुनिंदा वार्डों में ही विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि शेष वार्डों की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। उन्होंने अध्यक्ष पर अन्य वार्डों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब किसी वार्ड में विकास कार्य कराने की मांग की जाती है, तो उसे लगातार नजरअंदाज किया जाता है। बैठक के दौरान विरोध कर रहे सभासदों ने कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्यों को लेकर पारदर्शिता का अभाव है और फैसले मनमाने ढंग से लिए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र की जनता में असंतोष बढ़ रहा है। विरोध करने वालों में सभासद सुनील विश्वकर्मा, इजलाश यादव, सुरज कन्नौजिया, अक्षय जायसवाल सहित कई सभासद मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ भारत के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र को दिया



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर जिला अधिकारी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली के नाम सौंपा ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व गोरक्ष पीठाधीश्वर गोरखपुर ब्रह्मलीन राष्ट्रीय संत महंत अवैद्यनाथ जी के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में धर्मांतरण एवं लव जिहाद को रोकने का विषय रहा हो या फिर जातिगत विचारधारा के विपरीत सामाजिक समरसता के आधार पर सनातन संस्कृति की स्थापना करना धार्मिक क्षेत्र में महाराज जी के द्वारा अयोध्या में रामलला की स्थापना एवं राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण में जो भूमिका रही है उन्हें शब्दों के रूप में व्यक्त कर’ पाना बहुत कठिन होगा ब्रह्मलीन महाराज जी ने सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के अलावा मानव सेवा के क्षेत्र में भी साधारण कार्यो को संपन्न करने में विशेष भूमिका निभाई है जिसमें गरीब बच्चों की शिक्षा हेतु स्कूल कॉलेज तथा विश्वविद्यालय की स्थापना तथा अहसाय रोगियों के लिए अस्पतालों की स्थापना तथा कई अन्य प्रकार की मानव तथा प्रातिक सेवा में अपना योगदान दिया है अतः भारत सरकार से विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा यह मांग की जाती है कि ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज’ जी को निस्वार्थ एवं सामाजिक समर्पण भाव को देखते हुए उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सुशोभित किया जाए। ज्ञापन प्रस्तुत करने वालों में केशव कुमार सिंह मण्डल अध्यक्ष वाराणसी, दीपक सिंह जिलाध्यक्ष, आलोक कुमार सिंह, सुधीर कुमार सिंह, स्वतंत्र कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार शुक्ला, बृजलाल एडवोकेट (तहसील अध्यक्ष), विशाल सिंह केराकत, सत्यम् सिंह उर्फ अंकित सिंह, धर्मेन्द्र सिंह प्रमोद कुमार सिह, बंटी सिंह, आनन्द सिंह अध्यासिह .राजेश शुक्ला. रेखा सिंह. जिला अध्यक्ष मातृशक्ति.राम अभय सिंह जिला महामंत्री आदि सैकडो लोग मौजूद रहें।



कोरोना महामारी के दौरान बच्चे अपने पाठ्यक्रम में से ऐसी विभिन्न कक्षाओं में दाखिला और भाग ले रहे हैं जो उनके कौशल को बढ़ाने के लिए उनके स्कूल द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। यह पैटर्न विभिन्न आयु समूहों में देखा गया है जिसके कारण भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग बढ़ रही है।

# बच्चों को घर बैठे खेल-खेल में सिखाएं गणित के गुण

कोरोना वायरस महामारी के बाद कई छात्र काफी मानसिक तनाव महसूस कर रहे हैं। इस तनाव को दूर करने के लिए कई छात्र नए-नए हुनर सीख रहे हैं। ऐसे में भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग काफी बढ़ गई है। माता-पिता अपने बच्चों को नए कौशल सिखाने के लिए ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का सहारा ले रहे हैं। ऐसे में अगर आप अपने बच्चे को गणित और सांख्यिकी गणना सिखाना चाहते हैं तो अबेकस ट्रेनिंग क्लास की मदद से आप अपने बच्चों को खेल में गणित पढ़ा सकते हैं।

कोरोना महामारी के दौरान बच्चे अपने पाठ्यक्रम में से ऐसी विभिन्न कक्षाओं में दाखिला और भाग ले रहे हैं जो उनके कौशल को बढ़ाने के लिए उनके स्कूल द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। यह पैटर्न विभिन्न आयु समूहों में देखा गया है जिसके कारण भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग बढ़ रही है। माता-पिता अलग-अलग ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म ढूंढ रहे हैं जिसके माध्यम से उनके बच्चों को रचनात्मक सीखने के माहौल में पाला जा सकता है। गणित और संख्या कुछ बच्चों के लिए स्वाभाविक रूप से आती है, लेकिन जब गणना की बात आती है तो स्कूल और कॉलेज के छात्रों का एक बड़ा हिस्सा कुछ हद तक संघर्ष करता है। अबेकस, जैसा कि हम सभी जानते हैं, सदियों से मौजूद है और इसे अंकगणितीय कौशल और संख्यात्मक प्रवाह को विकसित करने के लिए दुनिया भर में सबसे अच्छे उपकरणों में से एक माना जाता है।

अबेकस टूल का उपयोग गणितीय कार्यों जैसे जोड़, घटाव, गुणा, वर्ग या घनमूल को करने के लिए किया जाता है। अबेकस का उपयोग दशमलव अंक, ऋणात्मक संख्या और बहुत कुछ गिनने के लिए भी किया जा सकता है। अपने गणना कौशल में सुधार के अलावा, अबेकस सीखने से बच्चे के समग्र विकास में मदद मिल सकती है। अबेकस सीखने के कुछ लाभ इस प्रकार हैं :

- कैलकुलेशन की गति और सटीकता में सुधार करता है
- विश्लेषणात्मक कौशल और तार्किक रीजनिंग का निर्माण करता है
- गणित में रुचि पैदा करता है
- एकाग्रता और अवलोकन शक्ति को बढ़ाता है
- मेमोरी में सुधार करता है
- आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बनाता है

यहां भारत में पांच ऐसे प्लेटफार्मों के बारे में बताया गया है जो 100 प्रतिशत डिजिटल एबेकस प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और युवाओं को भविष्य के रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित करते हैं।



## ब्रिटिश यूथ इंटरनेशनल कॉलेज

यूके स्थित प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन अबेकस शिक्षण मंच लॉन्च करने वाली दुनिया की पहली कंपनी है। उनके मंच में पूरी तरह कार्यात्मक वर्चुअल अबेकस है जो बच्चों के समग्र मानसिक विकास के लिए इंटरैक्टिव प्रशिक्षक के नेतृत्व वाली अबेकस शिक्षण पद्धति का उपयोग करता है। ये ऑनलाइन कक्षाएं चरण-दर-चरण अप्रोच प्रदान करती हैं जिसका उद्देश्य छात्रों को अबेकस को ध्यान में रखकर मार्गदर्शन करना और कैलकुलेटर की तुलना में तेजी से संख्या की गणना करना है। शिक्षक प्रत्येक छात्र को गहन शिक्षण प्रदान करते हैं। वे जोड़, घटाव, गुणा, भाग, दशमलव जोड़, दशमलव घटाव, दशमलव गुणा और दशमलव भाग को कवर करते हैं। वे एकमात्र अबेकस कंपनी हैं जो दशमलव आधारित गणना प्रदान करती हैं।

## उडेमी

उदमी अबेकस कोर्स का उद्देश्य आपकी गणना, क्षमता, संख्या बोध और मानसिक अंकगणित को बेहतर बनाने में मदद करके मस्तिष्क का विकास करना है। यह पाठ्यक्रम मल्टीमीडिया और एनिमेशन के जरिये आपको सिखाएगा कि अबेकस पर सही और तेज बुनियादी गणित संचालन कैसे करें। इन अबेकस ऑनलाइन कक्षाओं को शुरू करके बच्चे अबेकस पर संख्याएं रखने, हल करने और जोड़ और घटाव को समझने में सक्षम होंगे।

## अबेकस सुपरमैथ्स

'सुपरमैथ्स' छात्रों को अबेकस टूल का उपयोग करने के लिए एक दोस्ताना और इंटरैक्टिव मंच प्रदान करता है। उनकी कक्षाएं आपको ऑनलाइन वर्कशीट पर काम करके मानसिक सिद्धांत अवधारणाओं को अभ्यास में लाने की अनुमति देती हैं। यह कोर्स दो ट्रैक में आता है, जूनियर और सीनियर। पहले ट्रैक में 11 स्तर होते हैं जबकि दूसरे वरिष्ठ ट्रैक में 8 स्तर होते हैं। प्रत्येक स्तर के अंत में एक ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाती है जिसके बाद छात्र को अगले स्तर पर पदोन्नत किया जाता है। वे प्रशिक्षक के नेतृत्व में आवेदन आधारित वीडियो कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाते हैं।

## अबेकस मास्टर

अबेकस मास्टर ने अबेकस को अधिक रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए अनूठी विशेषताओं के साथ एक व्यापक शिक्षण मंच बनाया है। यह ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म 5-12 वर्ष की आयु के बीच के छात्रों को अबेकस प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसमें आठ स्तर शामिल होते हैं जो बुनियादी से लेकर उन्नत अबेकस गणनाओं तक सभी विषयों को कवर करते हैं। छात्र इस पाठ्यक्रम को अपनी गति के हिसाब से ले सकते हैं ; हालाँकि, पोर्टल पूरी तरह से आश्वस्त होने के लिए प्रत्येक स्तर पर कम से कम दो महीने बिताने का सुझाव देता है। उनकी कक्षाएं एनिमेशन, अंजान वीडियो और प्रैक्टिस वर्कशीट की मदद से दी जाती हैं।

## स्मार्ट किड अबेकस

स्मार्ट किड की 'अबेकस फ्रेंचाइजी' बच्चों के लिए अबेकस ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करती है। ये कक्षाएं सप्ताह में एक बार 45 मिनट के लिए आयोजित की जाती हैं। समय में कोई पाबन्दी नहीं है और छात्र कई प्रकार के पाठ्यक्रमों में से चुन सकते हैं। यह आठ स्तरीय पाठ्यक्रम है जिसमें 5 बुनियादी और 3 अग्रिम स्तर हैं। पाठ्यक्रम 4-14 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों के लिए डिजाइन किए गए हैं और ये पाठ्यक्रम कौशल के विकास के साथ-साथ संपूर्ण मस्तिष्क विकास को बढ़ावा देते हैं।



# फ्लाइट में यात्रियों की मेहमान नवाजी कर कमाएं हजारों

केबिन क्रू की जिम्मेदारी फ्लाइट में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना, उनकी जरूरतों को पूरा करना और यात्रियों को फ्लाइट के नियम समझाना होता है। बहुत से लोग केबिन क्रू बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि केबिन क्रू कैसे बनें।

केबिन क्रू का मतलब होता है केबिन के कर्मचारी। किसी भी फ्लाइट में जहाँ यात्री बैठते हैं, उसे केबिन कहते हैं। फ्लाइट में यात्रियों की सेवा और सुरक्षा के लिए जो टीम होती है, उसे केबिन क्रू कहते हैं। केबिन क्रू की जिम्मेदारी फ्लाइट में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना, उनकी जरूरतों को पूरा करना और यात्रियों को फ्लाइट के नियम समझाना होता है। बहुत से लोग केबिन क्रू बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि केबिन क्रू कैसे बनें। आज के इस लेख में हम आपको केबिन क्रू बनने के लिए जरूरी योग्यता, प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देंगे

## योग्यता

- उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा में साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स किसी भी स्ट्रीम में पास होना चाहिए। या किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी अगर आपने किसी भी सब्जेक्ट में स्नातक की हो तो आप केबिन क्रू की जॉब के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- आवेदक की ऊंचाई 157 से 170 सेंटीमीटर के बीच होनी चाहिए।
- आवेदक की आयु 17 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## जरूरी कौशल

- केबिन क्रू बनने के लिए अच्छी कम्युनिकेशन स्किल होनी चाहिए।
- केबिन क्रू बनने के लिए दूसरों के साथ अच्छी तरह से बातचीत करने का ढंग होना चाहिए।
- आपके शरीर पर किसी प्रकार का टैटू नहीं होना चाहिए।
- आपकी अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।
- केबिन क्रू बनने के लिए अच्छी पर्सनालिटी और गुड लुक्स भी जरुरी होते हैं।

## कोर्सेज

- डिप्लोमा इन केबिन क्रू एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एयरलाइन एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एयरलाइन केबिन क्रू
- सर्टिफिकेट कोर्स इन एयर हॉस्टेस

## केबिन क्रू कैसे बनें

- एयरलाइन कंपनियां समय-समय पर केबिन क्रू की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी करती हैं।
- केबिन क्रू का एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद आवेदक को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।
- इंटरव्यू क्लियर करने के बाद आवेदक की शारीरिक जाँच और मेडिकल टेस्ट होता है।
- मेडिकल टेस्ट क्लियर करने के बाद ग्रुप डिस्कशन होता है।
- इन सभी टेस्ट्स को पास करने वाले उम्मीदवारों का चयन केबिन क्रू के लिए होता है।

## सैलरी

शुरुआत में बतौर केबिन क्रू आपकी सैलरी प्रतिमाह 30,000 रूपये से 50,000 रूपये तक हो सकती है। हालंकि, समय के साथ अनुभव होने पर सैलरी बढ़कर 70 हजार रूपये से 1 लाख रूपये प्रतिमाह तक हो सकती है।



# वैकल्पिक चिकित्सा में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो चुनें मैग्नेटिक थेरेपी

एक मैग्नेटो चिकित्सक को मैग्नेटोमीटर के सही उपयोग के बारे में पता होना चाहिए, जो एक चुंबक के ध्रुवों को निर्धारित करता है। इसके अलावा आपको चुंबकीय चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरणों की भी सही जानकारी होनी चाहिए।

मैग्नेटिक थेरेपी, जिसे मैग्नेट थेरेपी या मैग्नो थेरेपी भी कहा जाता है, वास्तव में एक वैकल्पिक चिकित्सा उपचार है, जिसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए चुंबक का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक बेहद सिंपल, इफेक्टिव, सुरक्षित व पूरी तरह से दर्दरहित प्राकृतिक उपचार है। चुंबकीय चिकित्सा को एक विज्ञान के साथ-साथ एक कला के रूप में माना जाता है, क्योंकि इसमें मानव के विभिन्न अंगो, रोगों को जानने के साथ-साथ व मैग्नेट के उचित उपयोग को जानना भी उतना ही जरूरी है। विज्ञान में, चुंबकीय चिकित्सा एक्यूपंक्चर के समान है। वहीं कला में, इसमें विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए शरीर के विभिन्न हिस्सों पर विभिन्न आकारों और शक्तियों के मैग्नेट का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक बेहद डिफरेंट चिकित्सा थेरेपी है। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं कॅरियर-

## स्किल्स

एक मैग्नेटो चिकित्सक को मैग्नेटोमीटर के सही उपयोग के बारे में पता होना चाहिए, जो एक चुंबक के ध्रुवों को निर्धारित करता है। इसके अलावा आपको चुंबकीय चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरणों की भी सही जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा उन्हें मानव शरीर व उसके महत्वपूर्ण अंगों की रचना व उसके विज्ञान के बारे में भी पता होना चाहिए।


## शैक्षणिक योग्यता

भारत में केवल कुछ ही संस्थान मैग्नेट थैरेपी पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहे हैं। मैग्नेट थेरेपी में सर्टिफिकेट, डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 10 2 है और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए स्नातक होना आवश्यक है। डिप्लोमा कोर्स की अवधि 1 वर्ष की है और स्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स 2 वर्ष का है। कुछ संस्थान शार्ट टर्म डिप्लोमा और मास्टर डिप्लोमा कोर्स भी करवाते हैं, जिनकी अवधि एक से तीन महीने की होती है। एक मैग्नेटिक थेरेपिस्ट प्राइवेट व पब्लिक हॉस्पिटल, नेचुरोपैथी हॉस्पिटल या वैकल्पिक उपचार चिकित्सा केन्द्रों में काम कर सकते हैं। इसके अलावा मैग्नेटिक थेरेपिस्ट इंडिपेंडेंट प्रैक्टिस भी कर सकते हैं। इतना ही नहीं, वह उपचार के लिए मैग्नेटिक ज्वैलरी, ब्रेसलेट व अन्य उत्पादों को भी बेच सकते हैं।

एक मैग्नेटिक थेरेपिस्ट की आय असीमित है। उनकी आय उनके चिकित्सीय कौशल पर निर्भर करती है। सेल्फ इंपलायड मैग्नेटिक थेरेपिस्ट घंटे के हिसाब से चार्ज करते हैं। उनका एक सेशन करीबन 20 से 30 मिनट का होता है।

## प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, कोलकाता
- एक्यूप्रेशर रिसर्च, टेनिंग व टीटमेंट इंस्टीट्यूट, जोधपुर
- ऑल इंडिया पैरा मेडिकल टेक्नोलॉजी एंड अल्टरनेटिव मेडिकल काउंसिल, लुधियाना
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी, पुणे
- कॉलेज ऑफ क्लिनकिल मैग्नेटोलॉजी और प्राण हीलिंग कॉलेज, त्रिशूर
- इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च, कोलकाता
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च, बैंगलोर
- महेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, जयपुर





# एक्वापॉनिक्स फार्मिंग में है बेहतर भविष्य

**क्वापोनिक्स दो शब्दों से मिलकर बना है। पहला एक्वाकल्चर जिसमें मछली पालन होता है और दूसरा हाइड्रोपोनिक जिसमें पानी पर खेती होती है। एक्वापोनिक्स में एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में मछलियाँ और पौधे एक साथ उगाए जा सकते हैं। इसमें परंपरागत खेती की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है।**

आज के समय में एग्रीटेक स्टार्टअप बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। एक्वापोनिक्स दो शब्दों से मिलकर बना है। पहला एक्वाकल्चर जिसमें मछली पालन होता है और दूसरा हाइड्रोपोनिक जिसमें पानी पर खेती होती है। एक्वापोनिक्स में एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में मछलियाँ और पौधे एक साथ उगाए जा सकते हैं। इसमें परंपरागत खेती की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है जबकि इसमें पौधे दोगुनी रफ्तार से बढ़ते हैं। एक्वापॉनिक्स में एक फिश टैंक में मछली पालन किया जाता है और दूसरी तरफ पानी पर हाइड्रोपोनिक खेती का सिस्टम बनाया जाता है। फिश टैंक में मछलियां फीड खाने के बाद करीब 70 फीसदी तक मल निकालती हैं जिसमें अमोनिया होता है। इसके बाद फिश टैंक से अमोनिया वाले पानी को हाइड्रोपोनिक खेती के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जब ये पानी पौधों की जड़ों तक पहुंचता है तो वहां मौजूद बैक्टीरिया इसे नाइट्रोजन में तोड़ देते हैं। यह पौधों के विकास के लिए बहुत ही अहम होता है। इसके बाद पानी को फिर से प्यूरिफाई किया जाता है और दोबारा मछलियों के टैंक में डाला जाता है। इस तरह एक ही पानी बार-बार इस्तेमाल होता रहता है और पानी की बचत होती है।

एक्वापोनिक फार्मिंग सेटअप तैयार करने में कितनी लागत आएगी यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप बड़ा सेटअप तैयार करना चाहते हैं या छोटा। उदाहरण के लिए अगर आप एक एकड़ जमीन पर एक्वापोनिक फार्मिंग करते हैं तो आपका करीब 3 करोड़ रूपए तक का खर्चा आ सकता है। इसके साथ ही अगर आप मुनाफा चाहते हैं तो आपको अच्छी क्वालिटी वाली चीजें इस्तेमाल करनी होंगी। एक्वापोनिक खेती से हुई पैदावार पूरी तरह ऑर्गेनिक होती है इसलिए आप इसके लिए सामान्य की तुलना में दो से तीन गुना कीमत कमा सकते हैं। हालाँकि, आपको पैदावार से पहले ही उसे बेचने की तैयारी कर लेनी होगी वरना आपको भारी नुकसान हो सकता है। इसके लिए आप बड़े-बड़े रिटेल स्टोर, रेस्टोरेंट और फाइव स्टार होटलों से कॉन्ट्रैक्ट कर सकते हैं।

# 'मोदी कांग्रेस की गलतियां सुधार रहे'

## कांग्रेस ने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को छूट दी, हम उन्हें पहचानकर बाहर कर रहे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया। जहां उन्होंने कहा कि आज का दिन विकास का उत्सव है। यह केवल असम का नहीं, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत के विकास का जश्न है। पीएम मोदी ने आगे वहां उपस्थित सभी लोगों से अपने फोन के फ्लैश को जलाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि असम में विकास का पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर को देश के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में असम और पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### गुवाहाटी में पीएम मोदी ने सड़क शो की शुरुआत की

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधन के बाद असम की राजधानी गुवाहाटी में सड़क शो की शुरुआत की। यह रोड शो सारुसजाई से असम भाजपा मुख्यालय तक निकाला गया। सड़क शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने प्रधानमंत्री का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने झंडे और पोस्टर लेकर रैली में भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी इस रोड शो के माध्यम से जनता से सीधे जुड़े और पार्टी की योजनाओं तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी साझा की।

### आधुनिक एयरपोर्ट और सड़कें राज्य के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं: पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि जब किसी राज्य में आधुनिक और विश्वस्तरीय हवाई अड्डे बनते हैं, तो इससे उस राज्य के लिए नई संभावनाएं और अवसर खुलते हैं। ऐसे एयरपोर्ट राज्य के बढ़ते आत्मविश्वास और जनता के भरोसे की मजबूत नींव बनते हैं। उन्होंने कहा कि आज असम में जिस तरह की शानदार और आधुनिक सड़कें और हाईवे बन रहे हैं, उन्हें देखकर हर कोई कहता है कि अब असम के साथ सही न्याय हो रहा है।

### नए एयरपोर्ट टर्मिनल के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी का सम्मान

एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने प्रधानमंत्री को सम्मानित किया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद आयोजित समारोह में राज्य और केंद्र सरकार के कई मंत्री, अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। नेताओं ने नए टर्मिनल भवन को असम और पूरे पूर्वोत्तर भारत के विकास के लिए अहम कदम बताया।

### असम के पहले मुख्यमंत्री के नाम पर एयरपोर्ट का नाम

गौरतलब है कि हवाई अड्डे का नाम असम के पहले मुख्यमंत्री लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई के नाम पर रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एयरपोर्ट के बाहर उनकी 80 फीट ऊंची प्रतिमा का भी अनावरण किया। नया टर्मिनल करीब 1 लाख 40 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बना है। इसका डिजाइन असम की प्राकृतिक सुंदरता, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित है, जो राज्य की पहचान को दर्शाता है।अधिकारियों ने बताया कि यह एयरपोर्ट पूर्वोत्तर भारत के लिए एक बड़ा विमानन केंद्र बनेगा और दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए प्रवेश द्वार के रूप में भी काम करेगा।

### मोदी ने किया टर्मिनल का निरीक्षण

उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने नए टर्मिनल का निरीक्षण भी किया। यह नया इंटीग्रेटेड टर्मिनल-2 भवन हर साल करीब 1 करोड़ 31 लाख यात्रियों को संभालने की क्षमता रखता है। इस टर्मिनल के निर्माण पर लगभग 4,000 करोड़ रुपये की लागत आई है।इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, विमानन मंत्री राममोहन नायडू समेत कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे। एयरपोर्ट को लेकर अधिकारियों ने बताया कि इस पूरे एयरपोर्ट प्रोजेक्ट की कुल लागत 5,000 करोड़ रुपये है। इसमें से 1,000 करोड़ रुपये खास तौर पर विमानों की मरम्मत, रखरखाव और ओवरहॉल (एमआरओ) सुविधाओं के लिए रखे गए हैं। इससे भविष्य में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### पीएम मोदी बोले, बांस को मिला 'घास' का दर्जा, पहले इसे पेड़ माना जाता था

इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपको जानकर आश्चर्य होगा कि 2014 से पहले देश में एक कानून था, जिसमें बांस को काटने की अनुमति नहीं थी क्योंकि इसे पेड़ माना जाता था। जबकि दुनिया में बांस को एक पौधा (प्लांट) माना जाता है। पीएम मोदी ने बताया कि उनकी सरकार ने इस कानून को बदलकर बांस को सही पहचान दिलाई और इसे घास की श्रेणी में रखा। इससे बांस के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा मिला और किसानों तथा उद्योगों को फायदा हुआ। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि पहले के समय में असम और पूर्वोत्तर भारत का विकास कांग्रेस की प्राथमिकता में नहीं था। लेकिन अब केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है और तेजी से काम किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में असम और पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास के नए रास्तों पर आगे बढ़ेगा और यहां के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### पीएम मोदी बोले, असम में विकास की धारा बिना रुके बह रही

इस दौरान पीएम मोदी ने असम की विकास को लेकर भी कई सारी बातें कही। उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर असम के विकास में नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह ब्रह्मपुत्र नदी असम में लगातार बहती रहती है, उसी तरह भाजपा की डबल इंजन सरकार के तहत राज्य में विकास की धारा भी बिना रुके आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम की धरती से उनका गहरा जुड़ाव है और यहां के लोगों का प्यार और अपनापन उन्हें लगातार प्रेरित करता है। उन्होंने खास तौर पर असम और पूरे पूर्वोत्तर की माताओं और बहनों के स्नेह का जिक्र करते हुए कहा कि इससे उन्हें पूर्वोत्तर के विकास के लिए और मजबूती से काम करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान पीएम मोदी ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में असम और पूर्वोत्तर भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा और राज्य में लगातार नए विकास कार्य होते रहेंगे।

### भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर और असम की महत्वपूर्ण भूमिका: पीएम मोदी

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पिछले 11 वर्षों में इस बदलाव में सबसे बड़ा योगदान आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास का रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार 2047 के लिए तैयारी कर रही है। पीएम मोदी ने बताया कि विकसित भारत के इस मिशन में हर राज्य और क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के जरिए पूर्वोत्तर को प्राथमिकता दी गई, और आज असम को भारत के 'ईस्टर्न गेटवे' के रूप में उभरते हुए देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि असम भारत को आसियान देशों से जोड़ने में पुल की तरह काम कर रहा है, और यह शुरुआत भविष्य में और भी बड़े विकास की ओर ले जाएगी।

### कांग्रेस पर भी जमकर बरसे पीएम मोदी

इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के लिए असम और पूरे पूर्वोत्तर का विकास कभी एजेंडे में नहीं था। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के नेताओं का सोच था कि असम और पूर्वोत्तर में कौन जाता है? पीएम मोदी ने कहा कि इसी सोच की वजह से दशकों तक इस पूरे क्षेत्र की उपेक्षा हुई। उन्हें आधुनिक एयरपोर्ट, बेहतर रेलवे या हाईवे की जरूरत नहीं समझी गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस की ये गलतियां दशकों तक जारी रहीं, लेकिन उनकी सरकार एक-एक करके इन गलतियों को सुधार रही है और पूर्वोत्तर को विकास की नई दिशा दे रही है।

### असम की धरमी से मेरा अलग लगाव- पीएम मोदी

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने असम की धरती से उनके लगाव की बात पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि असम की धरती से मेरा लगाव, यहां के लोगों का प्यार और स्नेह, और खासकर असम व पूर्वोत्तर की माताओं और बहनों का अपनापन मुझे लगातार प्रेरित करता है और पूर्वोत्तर के विकास को ताकत देता है। उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर असम के विकास में एक नया अध्याय जुड़ रहा है।

---

# 'वैश्विक शक्ति संतुलन में बड़ा बदलाव आया, अब कोई मर्जी नहीं थोप सकता'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा है कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक संतुलन बड़े बदलाव से गुजर रहा है और अब ताकत के कई केंद्र उभरे हैं। पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'कोई भी देश, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अब सभी मुद्दों पर अपनी मर्ज़ी थोप नहीं सकता।' उन्होंने कहा, 'इसका मतलब यह भी है कि अब दुनिया के देशों के बीच एक स्वाभाविक मुकाबला है और यह अपना संतुलन बनाता है। शक्ति और प्रभाव के कई केंद्र उभरे हैं।'

### 'वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक नहीं रहीं'

उन्होंने कहा कि शक्ति के विचार की कई परिभाषाएं हैं, जिनमें व्यापार, ऊर्जा, सेना, संसाधन, तकनीक और टैलेंट शामिल हैं। यह इसे एक खास तौर पर जटिल बनाते हैं। जयशंकर ने कहा, 'यह पहचानना भी जरूरी है कि वैश्विक शक्तियां अब सार्वभौमिक होने में सक्षम नहीं हैं। वैश्वीकरण ने हमारे सोचने और काम करने के तरीके को मौलिक रूप से बदल दिया है। जयशंकर ने कहा, 'हमारे जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अगर तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है, तो उसे महत्वपूर्ण और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग विकसित करनी चाहिए।'

### 'दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी'

विदेश मंत्री ने कहा जब मैं आपके समय में था, तब दुनिया अलग थी और कम जटिल थी, लेकिन दुनिया एक बड़े बदलाव से गुजरी है और हमारे समाज और देश में भी बदलाव हुए हैं। अब नई पीढ़ी पर जिम्मेदारी है कि वे विकसित भारत की जिम्मेदारी लें।' बांग्लादेश के हालात पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, 'बांग्लादेश बनने के कुछ साल बाद, हमारे सामने पाकिस्तान के साथ-साथ पश्चिम और चीन भी थे। इसके जवाब में, भारत ने सोवियत संघ के साथ एक मजबूत रणनीतिक रिश्ता बनाया। यह सुधारों से पहले का दौर था, जिसमें कम आर्थिक विकास, कमी, लाइसेंसिंग कंट्रोल और सीमित विदेशी व्यापार था। हमारे समाज और दुनिया के साथ हमारे संबंध आज से बहुत अलग थे।'

---

# सरकार के 'जी राम जी विधेयक' पर कांग्रेस का प्रदर्शन, आज त्रिपुरा में विरोध

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




विपक्षी कांग्रेस रविवार को पूरे त्रिपुरा में केंद्र सरकार के 20 साल पुराने मनरेगा को वीबी-जी राम जी करने के विरोध में प्रदर्शन करेगी। कर्नाटक में सत्ताधारी कांग्रेस ने आज मनरेगा को बदलने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसी के साथ नेशनल हेराल्ड मामले में भी भाजपा पर 'नफरत की राजनीति' का आरोप लगाया। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने शनिवार को कहा, 'कांग्रेस को नाम में 'राम' से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन जिस तरह से ऐतिहासिक कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाया गया है, वह मंजूर नहीं है। न सिर्फ़ राष्ट्रपिता का नाम हटाया गया, बल्कि एनडीए सरकार ने करोड़ों जॉब कार्ड धारकों के अधिकार भी छीन लिए। '

### इस बिल से राज्या का बोझ बढ़ेगा: सुदीप रॉय बर्मन

रॉय बर्मन ने कहा कि 'जी राम जी विधेयक' बिल में हर जॉब कार्ड धारक को 125 दिन का काम देने का प्रस्ताव है, और फंड केंद्र और राज्यों को 60:40 के अनुपात में देना होगा। उन्होंने कहा, 'इसका मतलब है कि इस योजना को लागू करने के लिए राज्य को ज़्यादा पैसे देने होंगे। कई राज्य वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं। ' रॉय बर्मन ने आगे कहा कि कांग्रेस इसके विरोध में राज्य भर में ब्लॉक स्तर पर रैलियां आयोजित करेगी।

### लगातार विरोध जारी

कर्नाटक में शनिवार को जी राम जी और नेशनल हेराल्ड को लेकर विरोध हुआ। यहां फ्रीडम पार्क में हुए इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने किया, जिसमें पार्टी के कई नेता और विधायक शामिल हुए। शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके कार्यकर्ता 'गांधी के भारत को गोडसे के भारत में बदलने नहीं देंगे।' उन्होंने कहा कि नाथूराम गोडसे की पार्टी (स्पष्ट रूप से भाजपा का जिक्र करते हुए) महात्मा गांधी का नाम हटाने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने देश की एकता और आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होंने मनरेगा योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के लिए उन्हें 'देशद्रोही' कहा।

---

# पेट्रापोल-बेनापोल सीमा: भारतीय ट्रक ड्राइवरों की स्थिति की समीक्षा को लेकर अहम बैठक, सुरक्षा का जताया भरोसा




■ बांग्लादेश सरकार ने आश्वासन दिया है कि भारतीय ट्रक ड्राइवरों की सुरक्षा पर कोई खतरा नहीं है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच पेट्रापोल-बेनापोल सीमा पर भारतीय ट्रक ड्राइवरों की सुरक्षा की समीक्षा को लेकर अहम बैठक हुई। इसके बाद पेट्रापोले लैंड पोर्ट के कस्टम क्लीयरिंग एजेंटों ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश सरकार ने आश्वासन दिया है कि भारतीय ट्रक ड्राइवरों की सुरक्षा पर कोई खतरा नहीं है। ये बैठक ऐसे समय में हुई, जब बीते एक दो-तीन दिनों से पड़ोसी देश बांग्लादेश में एक बार फिर अंशाति की खबरें सामने आ रही है। क्लियरिंग और फॉरवर्डिंग एजेंट्स स्टाफ वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव कार्तिक चक्रवर्ती ने बताया कि पेट्रापोले और बांग्लादेश के बेनापोल कस्टम एजेंटों की बैठक में ड्राइवरों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि 70-100 भारतीय ट्रक किसी भी समय बेनापोल में रुकते हैं, आमतौर पर 3-4 दिन तक, क्योंकि एक्सपोर्ट सामान उतारने में देरी होती है।

### बेनापोल प्रशासन ने स्पष्ट किया रुख

बैठक के बाद चक्रवर्ती ने बताया कि हाल के घटनाक्रम के बावजूद बेनापोल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पोर्ट क्षेत्र में किसी भी तरह का खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि ड्राइवरों को फिलहाल पोर्ट परिसर के बाहर जाने से बचने की सलाह दी गई है, खासकर हिंदी भाषी ड्राइवर जो पास के बाजारों से राशन खरीदते हैं।

### बांग्लादेश सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा

हालांकि बिगड़ते हालात को देखते हुए भारत ओर भी पश्चिम बंगाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पेट्रापोले-बेनापोल लैंड पोर्ट पर व्यापार सामान्य रूप से जारी है, क्योंकि यह भारत और बांग्लादेश के बीच भूमि आधारित व्यापार का लगभग 70 प्रतिशत मार्ग है। वार्षिक व्यापार 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का है।

### बांग्लादेश में हिंसा, एक नजर

गौरतलब है कि बांग्लादेश में गुरुवार रात को चट्टोग्राम में भारतीय सहायक उच्चायुक्त के आवास पर हमला, प्रमुख समाचार पत्रों के दफ्तरों पर हमला और बांगबंधु मेमोरियल म्यूजियम में तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हुई थीं। यह तब हुआ जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत की पुष्टि की थी। अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को नागरिकों से अपील की है कि वे हिंसक तत्वों के प्रोत्साहन से दूर रहें, ताकि हालात नियंत्रण में रहें।

---

# धर्मस्थल मामला: जमानत पर रिहा सीएन चिन्नैया ने पांच लोगों के खिलाफ पुलिस में की शिकायत, जान को खतरा बताया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मंगलूरू**

कर्नाटक के धर्मस्थल मंदिर के मामले में झूठी गवाही के आरोप में गिरफ्तार सीएन चिन्नैया को हाल ही में जमानत पर रिहा किया गया था। रिहाई के बाद शनिवार को उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने अपनी और अपने परिवार की जान को खतरे की बात कही। पुलिस के अनुसार, चिन्नैया ने अपनी शिकायत में सक्रिय कार्यकर्ता महेश शेट्टी थिमरौडी, गिरीश मत्तेनावर, टी. जयंथ, विट्ठला गौड़ा और यूट्यूबर समीर एमडी के नाम लिए हैं। ये लोग उस अभियान का हिस्सा थे जिसमें धर्मस्थल के पास अक्तूबर 2012 में 17 साल की पूर्व-विश्वविद्यालय छात्रा के कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में न्याय की मांग की गई थी। मामले में चिन्नैया ने दावा किया कि उन्होंने कई मामलों में अपनी कथनों को वापस लिया है और इसके कारण ये लोग उन्हें और उनकी पत्नी को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उनका आरोप है कि इन लोगों ने उन्हें धर्मस्थल मामले में झूठी शिकायत करने के लिए दबाव बनाया था।

### 18 दिसंबर को हुई थी चिन्नैया की रिहाई

बता दें कि चिन्नैया, जो पहले शिवमोग्गा जिले की जेल में थे, 18 दिसंबर को जमानत पर रिहा हुए। उसी दिन वह अपनी पत्नी और बहन के साथ धर्मस्थल पुलिस स्टेशन गए और सुरक्षा की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो पुलिस जिम्मेदार होगी। बेलथंगडी पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज कर ली है।

---

# तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। गाज़ियाबाद**



शासनादेश के मद्देनज़र माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशानुसार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सदर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 06 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम श्री अरूण दीक्षित, नगर निगम के अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। मोदीनगर तहसील में एसडीएम अजीत सिंह की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 90 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। जबकि लोनी तहसील में दीपक सिंघनवाल उपजिलाधिकारी लोनी की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 189 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 13 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

---

# कमिश्नरेट गाज़ियाबाद में जनसुनवाई का व्यापक आयोजन

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, त्वरित और पारदर्शी समाधान के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। गाज़ियाबाद**



नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कमिश्नरेट गाज़ियाबाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई के दौरान विभिन्न जोनों के पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यालयों में फरियाद लेकर पहुंचे नागरिकों से सीधे संवाद किया और उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना। पुलिस अधिकारियों ने संबंधित मामलों में गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

### जनता से सीधा संवाद, समस्याओं की गहन समीक्षा

जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) **केशव कुमार चौधरी** ने अपने कार्यालय में नागरिकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं, संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की और अधीनस्थ अधिकारियों को निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी जनता को न्याय दिलाना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ट्रांस हिंडन जोन में भी सक्रिय पहल

पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन दशरथ निमिष पाटील द्वारा भी अपने कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों ने भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, साइबर अपराध, मारपीट और अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें रखीं। पुलिस उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का शीघ्र, निष्पक्ष और कानूनी तरीके से समाधान किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### ग्रामीण जोन में शिकायतकर्ताओं से संवाद

ग्रामीण जोन के पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने भी कार्यालय पर आए शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों से आई शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित थानों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और जनता का भरोसा कायम रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### नगर जोन में समयबद्ध निस्तारण पर जोर

नगर जोन के पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल द्वारा आयोजित जनसुनवाई में भी बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उन्होंने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर प्रकरण में समयसीमा तय कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को हल्के में नहीं लिया जाएगा और प्रत्येक फरियादी को न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगी।

### पारदर्शिता और भरोसेमंद पुलिसिंग पर जोर

जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से न केवल शिकायतों का समाधान होता है, बल्कि पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी बढ़ती है। नागरिक बिना किसी डर के अपनी समस्याएं पुलिस के सामने रख सकते हैं और उन्हें समय पर न्याय मिल सके, यही इस कार्यक्रम की मूल भावना है।

### आमजन को राहत, पुलिस प्रशासन के प्रति बढ़ा भरोसा

जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे नागरिकों ने पुलिस अधिकारियों द्वारा सीधे संवाद और समस्याओं को गंभीरता से सुने जाने पर संतोष व्यक्त किया। कई फरियादियों ने कहा कि इस तरह की पहल से उन्हें उम्मीद बंधी है कि उनकी शिकायतों का समाधान जल्द होगा। पुलिस प्रशासन ने भी आश्वस्त किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और निस्तारण की प्रगति पर नजर रखी जाएगी।

### निष्कर्ष

कमिश्नरेट गाज़ियाबाद में आयोजित यह जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस की जनोन्मुखी सोच और संवेदनशील प्रशासन का परिचायक है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे आयोजनों से न केवल कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होती है, बल्कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास का रिश्ता भी और मजबूत होता है।